ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Jaipur In The 1st Battle Of Independence** The First War of Independence in 1857 was a watershed in India's history as it marked the end of the medieval era and the beginning of a new one

**Classic Christmas Cookies** Cookie season is in full swing and we can't wait to get baking!

# राहुल गांधी ने विदेश यात्रा का कार्यक्रम स्थगित किया

## वे शनिवार को राजस्थान में चुनावी हार की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में भाग लेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अशोक गहलोत, सचिन पायलट आदि वरिष्ठ नेता मीटिंग में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंच रहे हैं।
- समीक्षा बैठक ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में शनिवार को सुबह आयोजित की गई है।
- शुक्रवार को छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में हुई हार की समीक्षा के लिए भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें राहुल गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए थे।
- बैठक में हार के कारणों पर जवाब तलब किए जाएंगे और अशोक गहलोत हार की जिम्मेवारी खुद लेने की बजाय भाजपा पर दोषारोपण करने की कोशिश करेंगे।

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। शनिवार को राजस्थान विधानसभा चुनावों की हार पर मंथन के लिए होने वाली बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे।

यह मीटिंग शनिवार सुबह नई दिल्ली के ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में होगी।

राहुल गांधी आज रात विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले थे, पर पार्टी के कुछ शुभचिंतकों की सलाह पर विदेश यात्रा कुछ समय के लिए रद्द कर दी गई है। राहुल को इन नेताओं ने सलाह दी है कि विदेश जाने का यह सही समय नहीं है।

आज शुक्रवार को छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की बैठक हुई। इसमें भी राहुल और खड़गे मौजूद थे। कांग्रेस, राजस्थान के साथ इन दोनों राज्यों में भी हार गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री मीटिंग में शामिल होने दिल्ली पहुंच रहे हैं और वे नेतृत्व को हार के कारणों की जानकारी देंगे।

सचिन पायलट व अन्य नेताओं को भी बुलाया गया है जो पहले ही आ चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि गहलोत की दलील है कि भाजपा द्वारा किये गये ध्रुवीकरण की वजह से पार्टी की हार हुई है।

वे भाजपा को हार का जिम्मेवार ठहरा रहे है, बजाय अपनी गलती स्वीकारने के। आज़ादी के बाद से यह कांग्रेस की तीसरी करारी हार है। पहली हार 2013 में हुई थी जब कांग्रेस सिर्फ 21 सीटें जीत पाई थी, 2013 में कांग्रेस ने 54 सीटें जीती थी और इस बार 69 सीटें जीती हैं और तीनों बार अशोक गहलोत ही मुख्यमंत्री थे और उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था।

गहलोत को लगता है कि उनका जन्म राज करने के लिए ही हुआ है। वे अपने किसी विश्वस्त को विधायक दल का नेता बनाना चाहते हैं ताकि कांग्रेस पर उनकी पकड़ बनी रहे। गहलोत के दो अन्य विश्वस्तों गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से तथा रंधावा ने प्रदेश प्रभारी पद से इस्तीफा नहीं दिया है। इन दोनों को गहलोत की आवाज़ और छाया माना जाता है।

प्रदेश इकाई में कोई भी परिवर्तन हार के कारणों पर मंथन होने के बाद ही होगा। लेकिन सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या यह मीटिंग गंभीर कवायद होगी या मात्र टाइम पास मीटिंग होगी। क्या नेतृत्व वास्तव में उन गलतियों को सुधारने के प्रति गंभीर है जो कांग्रेस सिस्टम में घुस गई है और पार्टी के काम काज को प्रभावित कर रही हैं।

# 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक सी.ई.ओ. चंदा कोचर की बर्खास्तगी सही'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की सी.ई.ओ. चन्दा कोचर के बर्खास्त करने को सही माना और उनके सेवानिवृति के लाभ तथा स्टाक ऑप्शन समाप्त करने के 2019 के निर्णय की पुष्टी की। जस्टिस संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली बैंच के निर्णय ने, जो शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया, पूर्व के हाई कोर्ट निर्णय का समर्थन किया, जिसमें कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के इस फैसले को सही ठहराया। पद्म भूषण से सम्मानित चंदा कोचर पर पद का दुरूपयोग कर अपने पति दीपक कोचर को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है।

के सेवानिवृति के लाभ अथवा एम्पलायी स्टाक ओनर शिप प्लान (ई.एस.ओ.पी.) की बहाली से इन्कार किया गया था।

चन्दा कोचर, जिनके नेतृत्व की पूर्व में बहुत प्रशंसा होती थी तथा उन्हें प्रतिष्ठित पद्म भूषण भी दिया गया था, के कैटीपर में अवरोध तब आया जब आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने एक अंदरूनी जांच करायी। इस जांच ने विडियोकोन ग्रुप के साथ उनके कार्यों व

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# प्र.मंत्री मोदी ने 2024 के आम चुनावों के लिए ''विकसित भारत'' नारा दिया

## प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से भाजपा के मिशन 2024 की शुरूआत करेंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों व सांसदों से कहा कि, वे जनता को बताएं कि भाजपा ने अपने चुनावी वायदों में धारा 370 को हटाने, तीन तलाक का खात्मा करने आदि को निभाया है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, तीसरा कार्यकाल मिला तो वे भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे।
- विपक्ष का ''इंडिया'' गठबंधन बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बनाकर मोदी सरकार और भाजपा को घेरने की तैयारी में है।

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 17 दिसम्बर से दो दिवसीय दौरा है। इस दौरान वह ''विकसित भारत'' थीम पर केन्द्रित ''मिशन-2024'' की शुरुआत करेंगे।

हाल ही सम्पन्न विधानसभा चुनावों में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और पार्टी सांसदों से ''विकसित भारत'' थीम को लेकर सुशासन और विकास पर फोकस करने को कहा है। धारा 370 और तीन तलाक के उन्मूलन जैसे चुनावी वादे निभाने के बाद भाजपा का उद्देश्य प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के संभावित तीसरे कार्यकाल में मतदाताओं को भारत के कायाकल्प और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश का दर्जा बढ़ाने के लिए तैयार करना है।

''इण्डिया'' गठबंधन के नेताओं ने जहां बढ़ती बेरोज़गारी और महंगाई पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है, वहीं भाजपा का प्रकट रूप से प्रयास भारतीय अर्थव्यवस्था की उज्जवल तस्वीर पेश करना है। यह कोई संयोग नहीं है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी शासन के दौरान की गई आर्थिक प्रगति के बारे में हाल ही विस्तार से बताया। उन्होंने कहा था कि ''वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान विश्व में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई और निर्माण सैक्टर में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर रही।''

सीतारमण ने यह भी कहा कि भारत, चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है। उन्होंने प्रत्यक्ष कर संग्रहण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें भी वृद्धि दर्ज की गई है।'' इसके बावजूद बेरोज़गारी दूर करने में सरकार के समक्ष चुनौतियां अभी बरकरार है, लेकिन बताया जाता है कि युवा बेरोज़गारी की दर वर्ष 2017-18 में जहां 17.8 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2022-23 में गिरकर 10 प्रतिशत पर आ गई है। अगले वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनावों से पूर्व तक जीत का सिलसिला जारी रखने के उद्देश्य से भाजपा ने देश भर में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकालने का निर्णय लिया ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने वाली मोदी सरकार की नीतियों से मिली सुविधाओं और फायदों के प्रति जनता को जागरुक किया जा सके।

प्रधानमंत्री वाराणसी में करीब एक हजार करोड़ रूपयों की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# ई.वी.एम. की भूमिका फिर संदेह के घेरे में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। हाल ही

- मध्य प्रदेश में कांग्रेस के गढ़ में भी कांग्रेस के प्रत्याशियों को विभिन्न बूथों पर 50-60 वोट मिलने पर हैरानी जताते हुए ई.वी. एम. की भूमिका पर सवालिया निशान लगाया।

सम्पन्न विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद कांग्रेस ने ई.वी.एम. की भूमिका

( शेष पृष्ठ 6 पर )

ADMISSION CLOSING SOON
B.A.-LL.B.
BIYANI LAW COLLEGE (Co-Ed.)
Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
Helpline : +91-7737823249

# कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक की वापसी से क्षेत्रीय दल और भाजपा चिंतित

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यकों के वोट हासिल करने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- कर्नाटक और तेलंगाना में अल्पसंख्यक वोट बैंक ने ही कांग्रेस को शानदार जीत दिलाई है।
- कर्नाटक में कांग्रेस ने बड़ी चतुराई से हिन्दुत्व के मुद्दे पर भाजपा को घेरा कि, अल्पसंख्यकों ने जनता दल (सैकुलर) को भी छोड़ दिया।
- कांग्रेस ने तेलंगाना में भी यही रणनीति अपनाई जिसकी वजह से औवेसी की पार्टी को अपने गढ़ हैदराबाद में जूझना पड़ा था।

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। कांग्रेस को अल्पसंख्यकों अर्थात मुस्लिमों के वोट मिलने से क्षेत्रीय पार्टियां और यहां तक कि भाजपा भी चिन्तित है। कांग्रेस को मुस्लिमों के वोट कर्नाटक में मिलना शुरु हुए थे और यह सिलसिला तेलंगाना में भी जारी रहा।

कांग्रेस ने कर्नाटक में भाजपा को हिंदुत्व के मुद्दे पर बड़ी चतुराई से घेरा था और एक सोची-समझी रिस्क लेकर घोषणा की थी कि वह यदि सत्ता में आई तो बजरंग दल पर प्रतिबंध लगा देगी।

शुरु में तो ऐसा लगा था कि कांग्रेस यह वादा करके स्वयं को पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है, लेकिन वह इसे लेकर सुनिश्चित थी कि इस वादे से अल्पसंख्यकों के वोट उसकी तरफ शिफ्ट हो जाएंगे। इसका कारण यह था कि मुस्लिमों को भाजपा से भय था और वे किसी संरक्षक की तलाश में थे और कांग्रेस में उन्हें वह संरक्षक नज़र आया।

अल्पसंख्यक समुदाय ने वस्तुतः जनता दल (सैक्यूलर) के क्षेत्रीय संतुलन को तिलांजलि दे दी। इस कारण जनता दल (एस) 20 सीटें भी नहीं जीत सका। अब चूंकि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव सन्निकट है, इसलिए कांग्रेस यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसे ना केवल मुस्लिमों के बल्कि अन्य अल्पसंख्यकों के वोट भी प्राप्त हों और इसके लिए वह लक्षित समूहों के निरंतर सम्पर्क में है।

इस क्रम में ए.आई.सी.सी. अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और उनकी टीम अल्पसंख्यक वोटर्स को आकर्षित करने के कारण महत्वपूर्ण बन जाते हैं। उनकी टीम ईसाई, सिख, बौद्ध और अन्य धर्वावलम्बियों के प्रभावी लोगों के सम्पर्क में हैं तथा सभ्य समाज के सदस्यों एवं एन.जी.ओज़. के भी सम्पर्क में है।

इमरान प्रतापगढ़ी महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य हैं और कांग्रेस नेतृत्व द्वारा मैदान में उतारी गई टीम का हिस्सा है। इस बार हुए तेलंगाना विधानसभा चुनावों में उनकी टीम को जो क्षेत्र आवंटित हुए, वहां उसने जनता के साथ जुड़ाव रखकर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए काम किया। इस टीम ने वोटर्स के उस विपरीत ध्रुवीकरण को भी

( शेष पृष्ठ 6 पर )




# अन्ततोगत्वा हो ही गया महुआ मोईत्रा का लोकसभा से निष्कासन

## विपक्ष ने इसे लोकसभा के ''काले अध्याय'' की संज्ञा दी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- मोईत्रा के खिलाफ एथिक्स कमेटी की जांच शुरू होने के दिन से ही महुआ का लोकसभा से निष्कासन
- चर्चा है कि, मोईत्रा के अडानी और मोदी के संबंधों पर पूछे जाने वाले सवालों को लेकर सरकार बहुत असहज हो रही थी। इसलिए उन्हें यह सजा दी गई है।
- मोईत्रा पर आरोप है कि, उन्हें पैसे लेकर अडानी के खिलाफ सवाल पूछे तथा संसद की आई.डी. व पासवर्ड दुबई में रहने वाले व्यापारी से शेयर किए।
- एथिक्स पैनल ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर जांच शुरू की। पैनल के विपक्षी सदस्य व मोईत्रा का आरोप है कि, मोईत्रा से पूछताछ के दौरान घटिया सवाल पूछे गए थे।

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। सत्तारुढ़ भाजपा ने अपने भारी भरकम बहुमत का सहारा लेकर तृणमूल कांग्रेस की निर्भीक सांसद महुआ मोईत्रा को संसद से निष्कासित करवा दिया। एथिक्स कमेटी ने महुआ पर सवाल पूछने के एवज में पैसे लेने का आरोप लगाया है तथा आरोप है कि उन्होंने संसद की आई डी व पासवर्ड एक उद्योगपति को देने का आरोप लगाते हुए उनके आचरण सांसद की भूमिका के प्रतिकूल ठहराया।

एथिक्स कमेटी ने जिस दिन जांच शुरु की थी उसी दिन से महुआ का निष्कासन तय था। यह स्पष्ट रुप से एक ऐसे विपक्षी सांसद को अनुशासित करने का मोईत्रा के अडानी ग्रुप के बारे में पूछे जाने वाले सवालो, खासकर मोदी व अडानी के रिश्ते पर सवाल करने से भाजपा सरकार बेहद नाराज है।

पैनल रिपोर्ट, जिसमें महुआ को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों के आधार पर आरोपी ठहराया गया है को स्वीकार करने के बाद ध्वनिमत से निष्कासन का प्रस्ताव पारित किया जिसका विपक्ष ने बहिष्कार किया। कांग्रेस व तृणमूल ने सिं ''काला अध्याय'' बताया।

कांग्रेस नेता सोनिया व राहुल ने महुआ के साथ वॉक आउट किया।

मोईत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने रखा। कांग्रेस नेृता मनीष तिवारी ने इसे प्राकृति के न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया। इस पर सांसद हीना गावित व अपराजिता सारंगी ने आरोप

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## विचार बिन्दु

सत्ग्रंथ इस लोक की चिंतामणि नहीं उनके अध्ययन से सारी कुचिंताएं मिट जाती है। संशय पिशाच भाग जाते हैं और मन में सद्भाव जागृत होकर परम शांति प्राप्त होती है। -अज्ञात

# हिमालय पर्वत की संरचना जानने वाले कभी उसमें सुरंग नहीं बनाते

असंख्य पर्वत मालाओं से संयुक्त हिमालय पर्वत अन्य सभी पहाड़ और पहाड़िओं से भिन्न है। इसकी श्रंखलायें भी बड़ी विशाल हज़ारों मीलों में कश्मीर से पूर्वोत्तर भारत के राज्यों तक फैली हुई हैं। अनेक स्थानों पर ये श्रंखलाएं अपेक्षाकृत अधिक ऊंचाई ग्रहण किये हुए हैं। इन्हें चोटियां कहते हैं। इन्ही बड़ी चोटिओं में माउंट एवेरेस्ट, कंचनजंघा, नंदादेवी, धौलागिरी प्रमुख चोटियाँ हैं। दर्रों में जोजिला, पीरपंजाब, बनिहाल, रोहतांग, माना दर्रा, नाथुला और अरुणाचल प्रदेश में, बोमडिला आदि प्रमुख दर्रे हैं। खेवर दर्रा सबसे प्रमख है जो अब पाकिस्तान से पश्चिमी उत्तरी भाग में काबुल से जोड़ता है। इस दर्रे की लम्बाई लगभग 50 किलोमीटर और निम्नतम चौड़ाई 15 फ़ीट बताई जाती है। यहाँ ध्यान देने की बात है कि इन दर्रों के अतिरिक्त कोई सुरंग नहीं है जहाँ तक मेरी जानकारी है। मुगलों और मंगोलों के भारत आक्रमण के समय हमलावरों ने भारत में प्रवेश के लिए इसी दर्रे का उपयोग किया था।

भारत में हिमालय पर्वत की संरचना अन्य पहाड़ों और पहाडिओं से भिन्न है। इनके बनने की प्रक्रिया और काल अवधि के बारे में मुझे कोई ज्ञान नहीं है यह जानकारी कोई भूगर्भ विज्ञानी अथवा भूगोल विशेषज्ञ बता सकता है। मैं तो इतना जानता हूँ कि हिमालय सख्त चट्टानों से नहीं बना है, अपितु पत्थरों के छोटे-बड़े सभी आकार के खंड मिटटी में चारो तरफ से फंसे पड़े हैं। बरसात से यह रेत या मिटी जब पानी से बह कर चट्टानों को आधार विहीन व् नंगा कर देती है तब बिना आधार ये पत्थर और चट्टानें अपने खुद के वज़न से नीचे लुढ़क जाते हैं जिसे लेंड स्लाइड कहा जाता है। इस प्रकार इन पर्वतों का क्षरण होता रहता है। अरावली और विंध्याचल पहाडियां अधिकांशतः लावा से बनी सख्त चट्टानी पहाड़ियां हैं। जिनको काटना कठिन होता है। अरावली पहाड़ियोन की श्रंखला नई दिल्ली के पहाड़ गंज से आरम्भ होकर हरियाणा, अलवर, जयपुर अजमेर होती हुई राजस्थान-गुजरात सीमा पर माउंट आबू समाप्त होती हैं। हिमालय से ये अपेक्षाकृत कुछ अधिक कठोर हैं। अरावली की ये श्रंखला राजस्थान को दो स्पष्ट क्षेत्रों उत्तर और दक्षिण भागों में बांटती है। उत्तरी भाग रेतीला, मरुस्थल और कृषि के आयामों में भिन्न है। दूसरी तरफ दक्षिण भाग बनों, पेड़ पौधों, खनिज और कृषि उत्पादन में बेहतर है।

उत्तरकाशी में सुरंग बनाने के समय जो हादसा हुआ वह संभावित था, क्योंकि क्षेत्र की बिना समुचित जांच किये सीधे सुरंग बनाना मूर्खता है। इन श्रृंखलाओं में दर्रा बनाना उचित होता है। सुरंग तो बनने के बाद भी कभी धंस सकती है क्योंकि मिटटी की संरचना यथा टेक्सचर, स्ट्रक्चर और कॉम्पेक्टनेस विशेषताएं वांक्षित स्तर की होनी चाहिये, जो नहीं हैं। लावा से बनी पहाडिओं में सुरंग सुगमता से और बिना किसी व्यवधान के बन जाती है। समय जरूर अपेक्षाकृत अधिक लगता है क्योंकि कठोर पत्थर काटने में समय अपेक्षाकृत अधिक लगता है लेकिन सुरंग बनाते समय अथवा बनने के बाद भी धसनें आदि की संभावना नगण्य ही रहती है।

**प्रकृति दोहन की भी एक हद होती है उस हद से पार जाना, स्वार्थ व् लालसा को प्रकृति कभी बर्दास्त नहीं करती। देर-सबेर उसका खामिजामा भुगतना ही पड़ता है। हिमालय और उसकी नदिओं के इतने लाभ जानकार भी आप अपना सर्वनाश करने पर तुले हैं, तो कौन रोक सकता है?**

हिमालय एक विशाल जीवंत पर्वत है। ऐसा कहा जाता है कि समुद्र की बंगाल की खाड़ी से पृथ्वी के उत्तर की तरफ वेग से ड्रिफ्ट या सरकने से हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ और पृथ्वी सूर्य की तरफ 23.5 डिग्री झुक गई। इस प्रकार ऊँचाइओं पर बनी चोटिओं पर वर्फ बनने से वे हिमाक्षादित हो गई। तत्पश्चात वर्फ पिघलने से पानी निचाई की तरफ बहनें से नदियां बन गई। समुद्री व् मैदानी मिटटी से बनी ये चोटीयां विभिन्न प्रकार की वनस्पतिओं से शनैः शनैः प्रचुर होती गई।

आज बड़ी नदिओं में गंगा, जमुना, सिंध, झेलम, कोसी, ब्रह्मपुत्र, आदि अपार जल प्रवाह लेकर मैदानी भाग को पानी उपलब्ध कराती हुई लाखों हैक्टर खेती की जमीन सिंचित कर वापिस बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में मिल जाती हैं। अतिरिक्त इनके नदिओं की अपार जल राशि से प्रेरित हो दो विशाल बिजली परियोजनाएं भाखड़ा नंगल और टेहरी भी संचालित हो चुकी हैं। हज़ारों किलोवाट बिजली उत्पादन के अलावा इन बांधों पर नहरें निकाल कर अनेक प्रांतों में खेती के लिए लाखों एकड़ सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछ गया है। भाखड़ा बाँध पंजाब के होशियारपुर ज़िले सतलुज नदी पर स्तिथ है जबकि टेहरी बाँध भागीरथी नदी पर उत्तरांचल प्रदेश में काफी ऊंचाई पर बना है। इसलिए ये हिमालय से निकली नदियां मानव के लिए जीवनदायनी बनी हुयी हैं। कल्पना करिये यदि ये नदिआं सूख जायँ तो क्या होगा? भूगर्भ जल भी पाताल में चला जायगा, जिसे मानव किसी भी प्रकार से प्राप्त नहीं कर सकेगा।

अतिरिक्त इसके गंगा जैसी नदी में विषाणु सदृश्य बैक्टीरिओ फेज की भी उपस्थित वैज्ञानिकों ने प्रतिपादित की है जिससे गंगा जल वर्षों तक घर में भी खराव नहीं होता। यह बैक्टेरिओफास जल में मौजूद जीवाणुओ को नष्ट करते रहते हैं। सहस्त्रधारा (ऋषिकेश से थोड़ा ऊपर चल कर) नामक स्थान से औषधियुक्त जल धाराएं अविरल गिरती रहती हैं। प्रतिदिन हज़ारों लोग इन धाराओं में स्नान करते हैं।

नदिओं के बहाव क्षेत्र में असंख्य औषधीय वनस्पति के बीज भी जल के साथ मैदानी भागों में आकर फिर नहरों के पानी से सिचाई के समय खेतों में पहुंच जाते हैं। अनेक सूक्ष्मतम खनिज भी पर्वत से जल के साथ मैदानी भागों में पहुँच कर खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ा देते हैं। राम-रावण युद्ध के समय मूर्छित लक्ष्मण को होश में लाने के लिए हनुमान जी हिमालय से ही संजीवनी बूटी लाये थे। कितने उदाहरण दूँ हिमालय की जीवंतता के बारे में? मनुष्य उसी हिमालय का सीना फाड़ सुरंग बना रहा है, मैदानी पहाड़ तो निर्जन कर ही दिए अब हिमालय पर चोट करने की मनुष्य ने प्लान बना ली है। मेरा मानना है कि हिमालय में सुरंगे अभिशाप से ग्रसित रहेंगी जो कभी-कभी मनुष्य की जान लेती रहेंगी।

प्रकृति दोहन की भी एक हद होती है उस हद से पार जाना, स्वार्थ व् लालसा को प्रकृति कभी बर्दास्त नहीं करती। देर-सबेर उसका खामिजामा भुगतना ही पड़ता है। हिमालय और उसकी नदिओं के इतने लाभ जानकार भी आप अपना सर्वनाश करने पर तुले हैं, तो कौन रोक सकता है?

अंत में मैं इस लेख में भी भारत की जनता, और तथाकतिथ जागरूक नेता व् प्रसाशनिक अधिकारी अपनी मूढ़ता से जब तक नहीं उभरेंगे, तब तक मोदी जी कितना ही विकास कर लें कोई दीर्घकालीन लाभ मिलने वाला नहीं। इसलिए हिमालय व् अन्य पर्वत बचाइए और लोगों का जीवन दीर्घ काल तक चलने दीजिये।

**-अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

## राशिफल शनिवार 9 दिसम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र प्रातः 10:43 तक, शोभन योग रात्रि 11:36 तक, कौलव करण सांय 6:53 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-तुला, मंगल-वृश्चिक, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज द्विपुष्कर योग सूर्योदय से दिन 10:43 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:43 से सूर्योदय तक है। अज उत्पन्ना एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज वंजुली महाद्वादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:25 से 9:43 तक, चर 12:19 से 1:37 तक, लाभ-अमृत 1:37 से 4:12 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 5:30



**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा।



**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।




**कुंभ**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।



**कर्क**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।




**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# जोधपुर पोलो-2023 : पहला मैच उम्मेद भवन पैलेस व मेहरानगढ़ के बीच में ड्रॉ रहा

## दूसरे मैच में इण्डियन नेवी की टीम विजयी रही, फाईनल में उम्मेद भवन पैलेस व इण्डियन नेवी टीमों ने प्रवेश किया

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में 24वां जोधपुर पोलो सीजन-2023 में शुक्रवार को उम्मेद भवन पैलेस कप पोलो (4 गोल) टूर्नामेंट के तीसरे दीन दो मैच खेले गये। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट मुख्य संरक्षक पूर्व शासक गजसिंह मैदान में उपस्थित थे।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि टूर्नामेंट में शुक्रवार को पहला मैच उम्मेद भवन पैलेस व मेहरानगढ़ की बीच खेला गया। जिसमें उम्मेद भवन पैलेस व मेहरानगढ़ के बीच में ड्रॉ रहा। उम्मेद भवन पैलेस टीम के भंवर निखलेन्द्र सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे व तीसरे चक्कर में 2-2 गोल किए, अनिरूद्ध ने पहले व तीसरे चक्कर में 1-1 गोल किए, भंवर हेमेन्द्रसिंह ने पहले चक्कर में 1 गोल किया, वहीं टीम में विकल्प के तौर पर आए खिलाड़ी पेपसिंह भलासरिया ने तीसरे चक्कर में 1 गोल किया। मुकाबले में मेहरानगढ़ की टीम लॉ हैण्डीकेप होने के कारण 1 गोल की बढ़त के साथ खेलते हुए टीम के खिलाड़ी कुं. योगेश्वर सिंह ने पहले चक्कर में 3 व दूसरे चक्कर में 2 गोल किए। वहीं टीम के अन्य खिलाड़ी लक्ष्य शर्मा ने पहले चक्कर में 1 गोल किया। मैच के अम्पायर कुं. धनन्जय सिंह व कमेंट्री आस्ट्रेलिया से आए डेविड विंडसर ने की।



जोधपुर पोलो सीजन-2023 में उम्मेद भवन पैलेस कप पोलो ( 4 गोल ) टूर्नामेंट के तीसरे दीन दो मैच खेले गये।

वहीं दूसरे मैच में मेयो कॉलेज टीम को इण्डियन नैवी टीम ने आधे गोल के अन्तर से हराया। इण्डियन नैवी की टीम लॉ हैण्डीकेप होने के कारण आधे गोल की बढ़त के साथ खेलते हुए टीम के कुं. धनन्जय सिंह ने पहले व तीसरे चक्कर में 2-2 व दूसरे चक्कर में 1 गोल किए। सीपीओ अलताफ खान ने दूसरे चक्कर में 1 गोल किया।

**■ जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट मुख्य संरक्षक पूर्व शासक गजसिंह मैदान में उपस्थित थे**

मेयो कॉलेज टीम की और से हर्षवर्धन सिंह सोढा ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में 1-1 गोल किए, भंवर शिवांस सिंह शक्तावत ने दूसरे चक्कर में 1 गोल किया व टीम के विदेशी खिलाड़ी लॉस वाटसन ने तीसरे चक्कर में 2 गोल किए। मैच के अम्पायर भंवर हेमेन्द्रसिंह व कमेंट्री आस्ट्रेलिया से आए डेविड विंडसर ने की। मैच के दौरान मदनसिंह, राजेन्द्रसिंह, कर्नल गिरेन्द्र सिंह दाखां, डॉ. महेन्द्रसिंह राठौड़, अंकुर मिश्रा, मेयो कॉलेज के लेफ्टिनेंट जी.एस. राठौड़ सहित अनेक पोलो प्रेमी उपस्थित थे।

सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि शनिवार को उम्मेद भवन पैलेस व इण्डियन नैवी टीम के बीच दोपहर 3 बजे फाईनल मैच खेला जाएगा।

# उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आरएएस अभ्यर्थियों हेतु सेमिनार आज

## सेमिनार में जोधपुर के आरएएस अभ्यर्थी सफलता के गुरुमंत्र पाएंगे

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आरएएस अभ्यर्थियों हेतु जोधपुर के शास्त्री नगर स्थित उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में शनिवार को प्रातः 10 बजे से विशेष सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। वहीं रविवार को यह सेमिनार जयपुर के गोपालपुरा बायपास रोड स्थित उत्कर्ष सेंटर पर प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का महत्वपूर्ण पहलू आरएएस-2021 के टॉपर्स से सीधी परिचर्चा कर सफल रणनीति पर मार्गदर्शन प्राप्त करना रहेगा। इस कड़ी में प्रथम रैंक हासिल करने वाले विक्रांत शर्मा के अलावा आकांक्षा दुबे (6वीं रैंक) तथा सत्यनारायण बिश्नोई (10वीं रैंक) विद्यार्थियों से अपनी बनाई कामयाब रणनीति एवं अनुभव साझा कर उनका हौसला बढ़ायेंगे।



डॉ. निर्मल गहलोत

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाले ये फाउंडेशन सेमिनार आरएएस भर्ती परीक्षा के लिए पहले से प्रयासरत अभ्यर्थियों के साथ-साथ उन विद्यार्थियों के लिए भी बेहद उपयोगी साबित होने वाले हैं जो उपर्युक्त परीक्षा में प्रथम बार बैठने और सफलता हासिल करने के इच्छुक हैं। इन सेमिनार का हिस्सा बनने वाले विद्यार्थियों को न केवल गत आरएएस भर्ती परीक्षा के टॉपर्स से उनके संघर्ष एवं तैयारी के बारे में जानने का अवसर मिलेगा बल्कि सिविल परीक्षाओं के बेहद अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रारम्भिक, मुख्य तथा साक्षात्कार चरण में कामयाबी से जुडे कई आवश्यक पहलुओं पर उपयोगी मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इसके तहत विख्यात विशेषज्ञों से परीक्षा में प्रभावी उत्तर लेखन कला की बारीकियों पर ज्ञानवर्धन करने के अलावा कैसे और कितना पढ़ना है, क्या पढ़ना है और अध्ययन के लिए उचित माध्यम तथा सामग्री का चयन कैसे करें? जैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों के सटीक जवाब भी जानने के अवसर प्राप्त होंगे। वहीं सेमिनार में आए सभी विद्यार्थियों को आरएएस - 2021 की प्रारंभिक व मुख्य परीक्षाओं के हल सहित प्रश्न-पत्र तथा ब्रोशर निःशुल्क दिए जायेंगे।

**■ कल जयपुर के अभ्यर्थियों को विशेषज्ञ करेंगे लाभान्वित**

## शेखावाटी में पारा गिरा

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में पारा दिनों-दिन गिरता ही जा रहा है। इससे यहां सर्दी के तेवर और तीखे हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना मे यहां न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। साथ ही यहां अधिकतम तापमान में 2.3 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट आई है। गत तीन दिन में यहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस गिर चुका है। यह गिरावट लगातार जारी है। जनपद में सर्दी बढ़ने से लोगों की दिनचर्या में बदलाव आ गया है। आज दिन में भी गर्म वस्त्र पहनने पड़े और लोग शाम ढलते ही घरों में दुबक गए। सीएम बहड़ सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, भरतिया अस्पताल के पास सहित विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए गए। हालांकि नगरपरिषद की ओर से अभी तक यहां अलाव जलाने के लिए लकड़ियों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के प्रतिभागियों की संख्या एक करोड़ से अधिक हुई

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवम्बर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाला एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए कस्टमाइज्ड पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 7 दिसम्बर, 2023 तक यह यात्रा 36,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है और 1 करोड़ से अधिक नागरिकों की भागीदारी इसमें देखी गई है। भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश 37 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ इसमें सबसे आगे है। इसके बाद महाराष्ट्र में 12.07 लाख ओर गुजरात में 11.58 लाख लोगों ने भाग लिया। इस यात्रा को जम्मू-कश्मीर में भी जोश भरा स्वागत किया है, जहां से अब तक 9 लाख से अधिक लोग भाग ले चुके है।

हर गुजरते दिन के साथ लोगों की भागीदारी में और तेजी आई है। संकल्प यात्रा के पहले सप्ताह के दौरान 500,000 नागरिकों की भागीदारी देखी गई। पिछले 10 दिनों के दौरान देश भर से 77 लाख से अधिक लोगों ने इस यात्रा में भाग लिया। बहुत ही कम समय में, यह यात्रा शहरी क्षेत्र में 700 से अधिक स्थानों तक पहुंच गई है और कुल 79 लाख लोगों ने संकल्प लिया कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रयास करेंगे।



विकसित भारत संकल्प यात्रा कई गांवों में पहुंची।

एक अभूतपूर्व आउटरीच प्रयास में यह यात्रा सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैनों का उपयोग करके 2.60 से अधिक ग्राम पंचायतों और 3600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने की और बढ़ रही है। इन वैनों के जरिए लोगों से आव्हान किया जाता है कि वे अपने लाभ के लिए सरकारी योजनाओं का उपयोग करें।

इस यात्रा का एक केन्द्रीय बिंदु महिला-केंद्रित योजनाओं के लिए नामांकन किया है। स्वास्थ्य शिविर भी एक बड़ा आकर्षण साबित हुए हैं और अब तक 22 लाख व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के हिस्से के रूप में किसानों के लिए किए गए ड्रोन प्रदर्शनों ने काफी उत्सुकता पैदा की है। 'ड्रोन दीदी योजना' के तहत 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे और दो महिला सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके शुभांभ के साथ ही बडी संख्या में महिलाएं ड्रोन उड़ानों को देखने के लिए आगे आ रही है। ये समूह एक शुल्क लेकर ड्रोन सेवाओं को किराए पर देंगे, जो कि इन स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए राजस्व के एक और जरिए के रूप में काम करेगा।

# महाराष्ट्र सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस से बिजली के तार टूटे

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोटा-सवाईमाधोपुर रेलखंड पर देर रात महाराष्ट्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से बिजली (ओएचई) के तार टूटने से कोटा-मथुरा अप लाइन पर करीब 7 घंटे यातायात ठप रहा। राजधानी समेत पांच ट्रेनें प्रभावित हुई। केशवरायपाटन व अरनेठा के बीच हुई ओएचई तार टूटा। अचानक हुई इस घटना के बाद कोटा व लाखेरी से टावर वैगन व इंजीनियरिंग टीम मौके पहुंची। तड़के करीब 4 बजे लाइन को दुरुस्त किया गया। तब जाकर अप लाइन पर यातायात सुचारु हुआ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना में करीब आधा किलोमीटर तार क्षतिग्रस्त हो गए। इंजन का पेंटाग्राफ भी टूट गया। फिलहाल कारणों का पता नहीं चला है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार कोटा-सवाई माधोपुर रेलखंड स्थित केशवरायपाटन और अरनेठा स्टेशन के बीच गुरुवार रात 9 बजकर 40 मिनट पर निजामुद्दीन-बांद्रा महाराष्ट्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12908) से बिजली के तार (ओएचई) टूट गए। इसके चलते 7 ट्रेनें रास्ते में खडी रहीं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना में करीब आधा किलोमीटर तार क्षतिग्रस्त हो गए। इंजन का पेंटाग्राफ भी टूट गया। फिलहाल कारणों का पता नहीं चला है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। ट्रेन रुकने से सफर करने वाले और स्टेशन पर इंतजार करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हुई। यात्री बार-बार रेलवे से ट्रेन संचालन के बारे में पूछताछ करते नजर आए। कहीं से भी संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिलने से यात्रियों की परेशानी और अधिक बढ गई।



गंगापुर सिटी में बिजली का तार टूटने से रेलवे टेशन पर खड़ी ट्रेनें।

जानकारी देने से बचते रहे अधिकारी:- घटना के बाद रेलवे के अधिकारी जानकारी देने से बचते रहे। रेलवे की तरफ से यात्रियों की सुविधाओं को देखते ट्रेनों की स्थिति के बारें जानकारी शेयर नहीं की गई। ना ही आधिकारिक रूप से प्रभावित ट्रेनों व उनकी संख्या के बारें में जानकारी दी। एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि ओएचई टूटने से अप लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ था। जिसके कारण 5-7 ट्रेनें अटकी रहीं। तडके 4 बजे करीब लाइन को दुरुस्त कर दिया गया।

# आनंदपाल की बेटी चीनू ने गोगामेड़ी हत्याकांड में शामिल होने से इनकार किया

## चीनू का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गोगामेड़ी से पारिवारिक संबध होने की बात कह रही है

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में पुलिस राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और नेपाल बॉर्डर पर दोनों हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस हत्यारों के करीब पहुंच गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उधर मामले में गैंगस्टर आनंदपाल सिंह की बेटी चीनू ने दुबई से सोशल मीडिया पर अपना वीडियो वायरल कर गोगामेड़ी की हत्या की साजिश में शामिल होने से इनकार किया है।

- **पुलिस राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और नेपाल बॉर्डर पर दोनों हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है।**
- **सूत्रों के अनुसार गोगामेड़ी की हत्या के पीछे सम्पत नेहरा और लॉरेंस विश्नोई गैंग की सट्टे और जमीनों के मामले में फंसी रकम की वसूली नहीं होने की बात सामने आ रही है।**
- **सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के परिवार को मिली पुलिस सुरक्षा, 4 कमांडो और 15 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात।**

सूत्रों के अनुसार मामले में गठित एसआई, सीआईडी, एटीएस, एसओजी, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की टीमें दोनों शूटरों की तलाश में जुटी है। इसके अलावा हरियाणा एसटीएफ, पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच की टीम भी दोनों हत्यारों को पकड़ने में जुट गई है। राजस्थान पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि पुलिस दोनों बदमाशों के काफी करीब पहुंच गई है और जल्द है उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हत्यारों दिल्ली-यूपी होकर नेपाल भागने की फिराक में है। इससे देखते हुए पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और नेपाल बॉर्डर पर टीमें तैनात कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों के एनसीआर क्षेत्र में ही छिपे रहने की संभावना है।

दोनों शूटर सुजानगढ़ पहुंचकर वहां से दिल्ली जाने वाली बस में निकल गए थे। दोनों शूटरों की अंतिम लोकेशन हरियाणा के रेवाड़ी में मिली। इसके बाद उनकी लोकेशन का पता नहीं चल सका। शूटरों के रेवाड़ी से गाजियाबाद पहुंचने की भी आशंका जताई गई है। इसके चलते रेवाड़ी और गाजियाबाद में शूटर रोहित राठौड़ व नितिन फौजी की सघन तलाश की जा रही है। हरियाणा, दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में नितिन फौजी के अधिक संपक सूत्र हैं। पुलिस उसके सभी संपर्क सूत्रों को पकडऩे का प्रयास भी कर रही है। शूटर नितिन फौजी ने जयपुर में भी अपने साथी बना रखे हैं, जिनसे भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

वहीं सोशल मीडिया पर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से पोस्ट की गई है। इसमें रोहित गोदारा के नाम से कहा गया है कि गोगामेड़ी की हत्या करने वाले शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को हरियाणा एसटीएफ की टीम ने पकड़ लिया और राजस्थान तथा हरियाणा पुलिस मिलकर इनका फेक एनकाउंटर करने वाली है। क्योकि एक्स मुख्यमंत्री के बेटे की पोल जो खोल दी है।

उधर, गोगामेड़ी हत्याकांड में गैंगस्टर आनंदपाल सिंह की बेटी चरणजीत सिंह उर्फ चीनू का नाम आने के बाद उसका शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। उसने वीडिया में कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी काकोसा से सदैव हमारे पारिवारिक संबध रहे है, लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ असामाजिक तत्वो, प्रशासन और मीडिया द्वारा भ्रांति फैलाई जा रही है कि में काकोसा कि हत्या में लिप्त हूं। काकोसा वो शख्स है जो पुलिस द्वारा मेरे पिता कि हत्या करने पर सबसे पहले खड़े रह थे, वह हमेशा हमारे परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे है। उन्हे न्याय दिलाने के लिए, मैं उनके बारें में ऐसा करने के लिए सोच भी नहीं सकती हूं। इसके बारें में मैं यहीं कहना चाहूंगी कि इसमें मेरा कोई रोल नहीं है। आनंदपाल सिंह एनकाउंटर से पहले ही चीनू इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने दुबई चली गई थी। उसका नाम राजू ठेहट हत्याकांड में भी आया था।

वहीं दूसरी ओर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के परिवार को पुलिस सुरक्षा मिल गई है। भादरा और गोगामेड़ी में परिवार को चार कमांडो उपलब्ध करवाए गए है। वहीं 15 पुलिसकर्मी भी गोगामेड़ी निवास पर तैनात है। वहीं चूरू के सादुलपुर से नव निर्वाचित विधायक की सुरक्षा बढ़ाई गई। हथियारों के साथ पुलिसकर्मी मनोज न्यांगली के साथ तैनात रहेंगे। मनोज नंगली को काफी समय से बदमाशों की ओर से धमकियां मिल रही है। न्यांगली के छोटे भाई वीरेंद्र की भी हत्या हुई थी।

सूत्रों के अनुसार गोगामेड़ी की हत्या के पीछे सम्पत नेहरा और लॉरेंस विश्नोई गैंग की सट्टे के कारोबार में और जमीनों में फंसी रकम की वसूली नहीं होने की बात सामने आ रही है। सम्पत नेहरा और लॉरेंस विश्नोई की सट्टे और हनुमानगढ़ भाटरा में जमीनों के मामले में काफी वसूली फंसी हुई थी। गोगामेड़ी के कारण इसकी वसूली नहीं हो पा रही थी। इसे लेकर ये लोग उसे रास्ते से हटाना चाहते थे। सूत्रों के अनुसार राजू ठेहट मर्डर के बाद लॉरेंस गैंग ने राजस्थान में रोहित गोदारा के जरिए व्यापारियों और प्रॉपर्टी कारोबारियों से फिरौती वसूलने के लिए उन्हें धमकाना शुरू कर दिया था।

# विश्वविद्यालय विधि कॉलेज में आज से आयोजित होगा मूट कोर्ट



विश्वविद्यालय विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय में 9-11 दिसंबर तक 11वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाऐगा।

**जयपुर, (कासं)।** विश्वविद्यालय विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय (यूओआर) 9-11 दिसंबर तक 11वीं यूएफवाईएलसी-रांका राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। मूट कोर्ट पर्यावरण विधि विषय से सम्बन्धित होगा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजेश बिंदल (भारत का उच्चतम न्यायालय) होंगे और विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन (राजस्थान उच्च न्यायालय) और डॉ. संजूला थानवी, हेड और डीन विधि संकाय, राजस्थान विश्वविद्यालय होंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अल्पना कटेजा (कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय) करेंगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड होंगे और सम्मानित अतिथि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) गोवर्धन बरदार (न्यायिक सदस्य, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, जयपुर) लोकायुक्त न्यायमूर्ति पी.के. लोहरा और प्रो. योगेश प्रताप (कुलपति एनएलयू त्रिपुरा) होंगे। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों की कुल 40 टीमें भाग लेंगी।

प्रतियोगिता में दो प्रारंभिक राउंड, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल राउंड शामिल होंगे जो तीन दिनों की अवधि में आयोजित किए जाएंगे। प्रारंभिक दौर में प्रत्येक टीम दोनों पक्षों से बहस करेगी और क्वार्टर फाइनल के लिए 8 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन किया जाएगा, इनमें से चार सर्वश्रेष्ठ टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना जाएगा और दो सर्वश्रेष्ठ टीमों को फाइनल के लिए चुना जाएगा। विजेता टीम, उपविजेता और सर्वश्रेष्ठ स्मारक को क्रमश: 15,000 रुपये, 11,000 रुपये और 6,000 रुपये के प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। याचिकाकर्ता और प्रतिवादी दोनों पक्षों की ओर से सर्वश्रेष्ठ छात्र वकील को 4,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस आयोजन के सम्बन्ध में आज डॉ. अखिल कुमार, निदेशक, यूएफवाईएलसी और डॉ. आरती शर्मा, सहायक प्रोफेसर और आयोजन सचिव द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई विधि के छात्रों के लिए मूट कोर्ट के संचालन के महत्व और समाज में कानून की भूमिका पर जोर दिया।

# लोक अदालत आज, अब तक 10 लाख से अधिक मुकदमे सूचीबद्ध

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2023 की आखिरी लोक अदालत 9 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में आयोजित इस लोक का अदालत में अब तक 10 लाख से अधिक मुकदमे सूचीबद्ध किए गए हैं। वहीं इन मुकदमों की सुनवाई के लिए कुल 505 बेंचों का गठन किया गया है। सूचीबद्ध होने वाले मुकदमों में 6 लाख 64 हजार 736 मुकदमे प्री लिटिगेशन और 3 लाख 23 हजार 473 लंबित प्रकरण शामिल हैं।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने बताया कि लोक अदालत का शुभारंभ राजस्थान हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव हाईकोर्ट परिसर, जयपुर में सुबह दस बजे करेंगे। इस लोक अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, धन वसूली, मोटर दुर्घटना मामले, लेबर विवाद, भूमि अधिग्रहण और राजस्व मामले सहित अन्य मामले रखे गए हैं। सदस्य सचिव ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मुकदमें का निस्तारण किया जाता है। जिसमें तो किसी पक्षकार की हार होती है और ना ही किसी पक्षकार की जीत होती है। ऐसे में प्रकरण का निस्तारण भी हो जाता है और दोनों दोनों ही पक्षकार अपने आप को जीता हुआ महसूस करते हैं। वही दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमे का निस्तारण होने की चलते दिए गए फैसले की अपीलीय अदालत में अपील भी नहीं की जाती।

## फोर्टी ने स्वागत किया

**जयपुर, (कासं)।** भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक में लगातार 5वीं बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है। शुक्रवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा की । इनमें आरबीआई की ब्याज दरों को 6.5 पर यथावत रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। इस पूरे साल में केवल एकबार फरवरी रेपो रेट की दर 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी की थी। इसके साथ आरबीआई ने हैल्थ और एजुकेशन के क्षेत्र में यूपीआई से भुगतान की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है।

# हाईकोर्ट सहित प्रदेश की बार एसोसिएशनों में चुनाव संपन्न

**जयपुर, (का.सं.)।** सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देश पर शुक्रवार को राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सहित प्रदेश की करीब 250 बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महासचिव पद सहित अन्य पदों के लिए 4660 मतदाताओं में से 4073 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन मतों में से एक टेंडर मत भी था। वहीं दी बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महासचिव सहित कार्यकारिणी के अन्य पदों के लिए 5473 मतदाताओं में से 4530 मतदाताओं ने मतदान किया। दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर में 1412 में से 1268 और



सांगानेर बार एसोसिएशन में 356 में से 348 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर व दी बार एसोसिएशन जयपुर में मतों की गणना शनिवार को सुबह दस बजे से शुरू होगी। मतों की गणना बैलेट पेपर को कंप्यूटर से स्कैन करने की प्रणाली से की जाएगी।

## हुण्डई कारों पर पाये शानदार ऑफर्स

**जयपुर, (कासं)।** हुंडई मोटर्स इण्डिया लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहकों को इस दिसम्बर 3 लाख रुपये तक के शानदार ऑफर्स का लाभ दिया जा रहा है। हुण्डई टीम ने बताया कि हुण्डई की कारों का सीमित स्टॉक उपलब्ध है। हुण्डई मोटर्स ग्रांड आइटेन नियोस पर 48,000 रु., औरा पर 33,000 रु., वेरना पर 45,000 रु., एल्कजार पर 35,000 रु., एवं कोना पर 3,00,000 रु. तक का ायदा अपने ग्राहकों को दे रही है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि हुण्डई मोटर्स अपनी कारों पर जनवरी 2024 में दामों में बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने दामों में बढ़ोतरी का निर्णय नए सुरक्षा नियमों के लागू होना व लागत बढ़ने, बाजार की स्थिति बदलने और अन्य बाहरी आर्थिक स्थितियों के दबाव में निर्णय लिया है।

# आलाकमान राजस्थान में कांग्रेस की हार के कारणों की समीक्षा आज करेगा

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में कांग्रेस की हार को लेकर शनिवार को दिल्ली में समीक्षा होगी कि आखिर क्या कारण रहे कि राजस्थान में सरकार रिपीट नहीं हो पाई। हालांकि यह कांग्रेस की परंपरा है और इसमें समीक्षा हमेशा होती है, लेकिन नतीजे आज तक नहीं निकले हैं।

- **समीक्षा के लिए कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, कांग्रेस कार्य समिति सदस्य सचिन पायलट, कार्य समिति सदस्य हरीश चौधरी सहित प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित सदस्यों को बुलाया गया है।**
- **राजस्थान में ऐसा भी पहली बार हो रहा है कि पार्टी की हार को लेकर अभी तक किसी भी नेता ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना तो दूर, जिम्मेदारी तक नहीं ली है।**
- **अब देखना यही है कि कांग्रेस समीक्षा के बाद में हार के दोषी नेताओं पर कोई एक्शन भी लेती है या हर बार की तरह समीक्षा के नाम पर लीपापोती करके रह जाती है।**

समीक्षा के लिए राजस्थान के तमाम नेताओं कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, कांग्रेस कार्य समिति सदस्य सचिन पायलट, कार्य समिति सदस्य हरीश चौधरी सहित प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित सदस्यों को बुलाया गया है। राजस्थान में ऐसा भी पहली बार हो रहा है कि सरकार जाने के बाद और पार्टी की हार को लेकर अभी तक किसी भी नेता ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना तो दूर, जिम्मेदारी तक नहीं ली है। ऐसे में तय माना जा रहा है कि समीक्षा होगी तो एक-दूसरे पर दोषारोपण करने का प्रयास जरूर होगा।

उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके नेतृत्व में लड़ा गया यह तीसरा विधानसभा का चुनाव है, जिसमें कि कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं हो पाई है। हर बार अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 1998 में अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने और 2003 में उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया तो कांग्रेस 100 सीटें गंवाकर सत्ता से बाहर हो गई। इसके बाद 2008 में जब सत्ता में आई, तो एक बार फिर मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत को मौका मिला। फिर 2013 में उनके नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव लड़ने गई तो कांग्रेस मात्र 21 सीटों पर सिमटकर रह गई। इतना ही नहीं इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली और सभी 25 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। 2018 में कांग्रेस की सरकार फिर आई तो 21 सीटें लाने वाले अशोक गहलोत को तीसरी बार भी मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल गया। इसके बाद फिर लोकसभा चुनाव 2019 में एक बार फिर कांग्रेस को राजस्थान में खाली हाथ रहना पड़ा और सभी 25 सीटें फिर भाजपा की झोली में चली गई। अब जब 2023 का विधानसभा चुनाव हुआ, तो एक बार फिर अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार राजस्थान से जा चुकी है।

अब इसी हार की समीक्षा दिल्ली करने जा रही है। खुद कांग्रेसजन यह सवाल उठा रहे हैं कि 2020 में जब कांग्रेस में अंतर्द्वंद्व हुआ था। उसके बाद 25 सितंबर 2022 को विधायक दल की बैठक नहीं हो पाई थी और उस समय पर्यवेक्षक बनकर आए मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के अध्यक्ष बनने के बावजूद अनुशासनहीनता मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर पाए। इसके बाद अपनी ही सरकार के खिलाफ सचिन पायलट पहले अनशन पर बैठ गए और फिर अजमेर से जयपुर तक पांच दिवसीय यात्रा अपनी ही सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ की। इन घटनाक्रमों पर भी कांग्रेस आलाकमान आंखें मूंदकर बैठा रहा। तभी से हालत बिगड़ गए और यही कारण रहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों मिलकर एक साथ कहीं भी प्रचार करने नहीं गए। जिसका असर भी नतीजे पर पड़ा।

अब देखना यही है कि कांग्रेस समीक्षा के बाद में हार के दोषी नेताओं पर कोई एक्शन भी लेती है या हर बार की तरह समीक्षा के नाम पर लीपापोती करके रह जाती है।

# व्याख्याता की वरीयता सूची में संशोधन के आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने बिना कारण पुन: डीपीसी कर व्याख्याता की वरीयता में बदलाव करने के मामले में शिक्षा विभाग को कहा है कि वह वासुदेव के मामले में दिए फैसले के आधार पर व्याख्याता की वरीयता सूची में बदलाव करे। अदालत ने कहा है कि वह इस संबंध में विभाग के समक्ष अपना अभ्यावेदन पेश करे। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश लक्ष्मीनारायण सोनी की याचिका पर दिए। अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को वर्ष 2015-16 में रिव्यू डीपीसी कर वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति दी गई।

## जयपुर में दो स्थानीय अवकाश घोषित

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले में वर्ष 2024 के लिए मकर संक्रांति एवं शीतला अष्टमी (मेला चाकसू) का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिला कलक्टर ने एक आदेश जारी कर मकर संक्रांति 15 जनवरी (सोमवार) एवं शीतला अष्टमी 1 अप्रैल (सोमवार) के स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं।


**तीये की बैठक**

अत्यंतः दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री लक्ष्मीनारायणजी सैनी**

पुत्र श्री गोपाललालजी सैनी का स्वर्गवास दिनांक 07.12.2023 को हो गया। तीये की बैठक शनिवार, 09.12.2023 को सायं 3 बजे से 4 बजे तक निवास स्थान- झाडवा की ढाणी, पिपल्यावास पोस्ट- सायपुरा त. जमवारामगढ जयपुर होगी।

**शोकाकुल-** गोपाल, सोहन, मालीराम, कल्याण, नाथू, बुद्धाराम, ईश्वर (भाई), गोविंदराम, रतन, बीरबल, राजू, गणेश (पुत्र), धौलूराम, दिनेश, हेमराज, नन्दलाल, जन्सी एवं समस्त खडोलिया परिवार- 7611999871, 9314195016, 7742924283, 9928944813

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ करें काम : शुभ्रा सिंह

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उसके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य से जुडी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाना है। प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ मिले। इसके दृष्टिगत विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया।

पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए राज्य स्तरीय हैल्प डेस्क बनाने के निर्देश भी दिए।

सिंह शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा प्रयास है जिसके माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्ड स्तर तक शिविर आयोजित कर केन्द्र सरकार की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।


**आम सूचना** मैं, मेरे अभिभाष्य बैंक सिडबी जयपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि सिद्धार्था डेजर्ट रिसोर्ट एल.एल.पी. ने मेरे अभिभाष्य बैंक से एक सम्पत्ति को जरिये ऋण बंधक रखने के लिए आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति को वर्तमान में सिद्धार्था डेजर्ट रिसोर्ट एल.एल.पी. ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.07.2018 को श्री तुलसीराम पुत्र बंशीलाल, श्याम सुन्दर पुत्र तुलसीराम एवं गोविन्द पुत्र तुलसीराम से क्रय की थी। उक्त तीनों विक्रेताओं ने यह सम्पत्ति श्रीमती सउजन कंवर पत्नी श्री मानसिंह राणावत से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2014 को क्रय की थी। दिनांक 11.06.2014 के विक्रय पत्र अनुसार यह सम्पत्ति आराजी वाके ग्राम रेंवत तहसील पुष्कर जिला अजमेर में स्थित है एवं खसरा नं. 176, 179, 179/789,183 किता 05 रकबा 4.51 हेक्टेयर में से 16588/45100 में खसरा सं. 180 व 181 कुल रकबा 0.47 हेक्टेयर सम्पूर्ण क्रय की थी। जिसके वर्तमान एवं क्रेता स्वामी के पास मूल विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2014 उपलब्ध नहीं है। जिसके क्रेता स्वामी ने एल.आर.नं. 2006617/2023 दिनांक 5.11.2023 के जरिये राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अगर किसी भी सर्वसाधारण को, ऋणदात्री तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज्र, ऐतराज, आपत्ति हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज की प्राप्ति होती हे तो 7 दिवस के भीतर लिखित में अपनी उज्र, ऐतराज, आपतित/दस्तावेज खोया पाने की स्थिति में प्राप्त करता उक्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिश: उपस्थित होकर दस्तावेज लेकर आये। आपत्ति होने की स्थिति में लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय के विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरे अभिभाष्य सिडबी बैंक व ऋण आवेदक के विरूद्ध कोई भी उज्र, आपत्ति, ऐतराज स्वीकार नहीं किया जायेगा सूचित रहे।

(राशिद अली)
पॉल्ट्री फार्म के पास, वार्ड नं. 12, गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर (राज.) मो. 9928555255

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धि-पत्र**

पत्र सं. एसजी/उप.मु.सिंग.एवं. दू.सं.इजी./परि./ईपीसी/2023-24/02

ई-टेण्डर नोटिस सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-ईपीसी-2023-24-02 दिनांक 16.11.2023 **कार्य का नाम** - उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में लूनी - जाजीवाल, नावासिटी-फुलेरा, जयपुर मंडल में रेवाड़ी-बावल, बीकानेर मंडल में मनहेरु- रेवाड़ी सेक्शन में आटोमेटिक सिग्नलिंग और रेवाड़ी यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इनटरलॉकिंग का इंडोर और आउटडोर कार्य करने का प्रावधान। 1. **"ई-एन आई टी, फिजिबिलिटी रिर्पोट और टेण्डर डाक्यूमेन्ट में सुधार किया गया है जो कि ireps.gov.in पर उपलब्ध है"।**

(उप.मु.सिंग.एवं. दूर.सं.इंजी./परियोजना) AK-1261

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

**ई-टेण्डर नोटिस नं. एसएनटी-जेपी-18R-2023-24**

मंडल रेल प्रबंधक/सं. एवं दू. सं. उ. प. रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्लिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम व् लोकेशन:** जयपुर मंडल के 50 स्टेशनों पर ओएफसी उपकरणों के लिए पावर सप्लाई उपकरणों का प्रतिस्थापन। **अनुमानित लगत:** रुपये 2,36,38,786.60/- **धरोहर राशि:** रुपये 2,68,200/- **वेबसाइट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 29-12-2023 समय 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.irpes.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं.रे.प्र. कार्यालय, पावर हाउस रोड जयपुर। AK-1260

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिल कुमार भारतीय सेना आर्मी नम्बर 15415860 एल नायक सेवारत हूँ मेरी सेवा अभिलेख में मेरी पत्नी की जन्म दिनांक 02.05.1986 दर्ज है जो गलत है। अतः मेरी पत्नी के आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजों में 07.07.1982 है जो सही है। सेवा अभिलेख में दुरूस्त किया जावें।

हम मोहम्मद सलीम खान एवं सय्यैदा अनीस फातिमा हमने हमारी पुत्री का नाम सिरडा फातिमा (SIRDA FATIMA) से बदलकर सिदरा फातिमा (SIDRA FATIMA) पुत्री मोहम्मद सलीम खान रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को सिदरा फातिमा (SIDRA FATIMA) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावें। पता-ए-6, नवलगढ हाऊस, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302001 (राजस्थान)

मैंने अपना नाम मीना आजाद हंसराज से बदलकर आजाद मीना पुत्र हंसराज मीना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता - कॉलोनी नं. 5, गणेश नगर बोखेल, पुणे सिटी, पुणे (महाराष्ट्र)-411031

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती संगीता धनवानी पत्नी श्री धनक कुमार धनवानी निवासी 65/184, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राज.) श्री चन्द्रजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सतीश कुमार एवं श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वर्गीय श्री सतीश कुमार जाति यादव, निवासीगण मकान नम्बर 214/ए, सराय डूसराण, पोलिस लाईन के सामने, वार्ड नम्बर 04, नारनौल, महेन्द्रगढ़ हरियाणा से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल सम्पत्ति आवासीय मकान नम्बर 69/384, सेक्टर 6, जोन-69, राजस्थान आवासन मण्डल की योजना मानसरोवर, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर है को मय निर्माण जमीन के अन्दरूनी बाहरी अधिकारों सहित को खरीद करना चाहती है। यह है कि सर्वप्रथम श्री सतीश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल के पक्ष में उक्त आवासीय मकान नम्बर 69/384 सेक्टर 6, जोन-69, राजस्थान आवासन मण्डल की योजना मानसरोवर, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर है का आवंटन राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा जरिए आवंटन पत्र क्रमांक 806 दिनांक 11.06.1996 को आवंटित किया गया था जिसकी चाही गई राशि जमा करवा कर उक्त मकान का भौतिक कब्जा श्री सतीश कुमार ने राजस्थान आवासन मण्डल से प्राप्त कर लिया तत्पश्चात श्री सतीश कुमार पुत्र श्री सतीश कुमार ने राजस्थान आवासन मण्डल से प्राप्त कर लिया तत्पश्चात श्री सतीश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल ने अपनी समस्त अचल सम्पत्तियों के संबंध में एक वसीयतनामा दिनांक 09.06.2014 को निष्पादित कर दिया तत्पश्चात श्री सतीश कुमार का स्वर्गवास 17.08.2014 को हो गया उनके द्वारा उनके द्वारा निष्पादित उक्त वसीयतनामा को नियमानुसार कार्यालय उप पंजीयक गुड़गांव के यहां पंजीबद्ध करवा दिया जिसका पंजीयन 31.07.2015 को किया गया जिसका प्रलेख संख्या 619 है। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार की वसीयत के अनुसार उक्त अचल सम्पत्ति का हस्तान्तरण श्री चरणजीत सिंह एवं श्रीमती कृष्णा के हित में करते हुए राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा कार्यालय आदेश पत्र 1773 दिनांकित 01.09.2023 जारी कर दिया। तत्पश्चात श्री चन्द्रजीत सिंह पुत्र स्व. स्वर्गीय श्री सतीश कुमार एवं श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वर्गीय श्री सतीश कुमार ने उक्त अचल सम्पत्ति की परपियुअल लीज एवं कनवेन्स डीड राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर से जारी करवाकर उसे नियमानुसार कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्ठम के यहां पंजीबद्ध करवा लिया जिसका पंजीयन दिनांक 20.10.2023 को किया गया जिसमें परपियुअल लीज का पंजीयन क्रमांक 202303022117949 है तथा कनवेन्स डीड का पंजीयन क्रमांक 202303022117948 है इस प्रकार उक्त अचल सम्पत्ति आवासीय मकान नम्बर 69/384सेक्टर 6, जोन-69 राजस्थान आवासन मण्डल की योजना मानसरोवर, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर है मय निर्माण के एक मात्र मालिक स्वामी एवं काबिज श्री चन्द्रजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सतीश कुमार एवं श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वर्गीय श्री सतीश कुमार हुए जिनसे मेरी मुवक्किल उक्त अचल सम्पत्ति मकान नम्बर 69/384 सेक्टर 6, जोन-69, राजस्थान आवासन मण्डल की योजना मानसरोवर, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 120 वर्गमिटर है को मय निर्माण सहित खरीद करना चाहती है। उक्त अचल सम्पत्ति को खरीद करने हेतु मेरी मुवक्किल एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहती है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति, हकशुदा या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

दिनांक-08.12.2023 (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48 मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राज.)
राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर, मो. 9829218044

**खोया पाया**

मेरा (सूर्य कमल पुत्र गिरीश कुमार) का प्लाट नम्बर 24-ए, सुन्दर नगर, नायला रोड, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर का मूल आवंअन पत्र मेरे घर के आसपास खो गया है, मिलने पर संपर्क करें-8003364529

**संख्यांक 6 (परिशिष्ट ख)**
**मृतक प्रतिवादी के विधिक प्रतिनिधि को सम्मन**
**(आदेश 22 का नियम 4 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या-3, बीकानेर**
**न्यायाधीश श्री महावीर महावर RJS**
**निर्मल कुमार/ज्योति प्रकाश सोनी e.t.c.**
**मु.नं. 41/15 आगे पेशी 2/1/24**

प्रेषित-
श्री वंचना पुत्र/पत्नी श्री शैलेस जाति जडिया निवासी जडियों का रास्ता, जयपुर वादी ने इस न्यायालय में दिनांक.... प्रतिवादी.... के विरूद्ध वाद संस्थित किया था। प्रतिवादी की अब मृत्यु हो चुकी है और उक्त वादी ने यह अभिकथन करते हुए इस न्यायालय में आवेदन किया है कि आप उक्त रामस्वरूप मृतक के विधिक प्रतिनिधि है और यह इच्छा प्रकट की है कि आपको उसके बदले में प्रतिवादी बनाया जाए। आपको समन किया जाता है कि आप उक्त वाद में प्रतिरक्षा करने के लिए ता. 02.01.24 को 10.00 ए.एम. बजे पूर्वाह इस न्यायालय में हाजिर हो और यदि आप उपर बताई गई तारीख को उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यह आज तारीख 06.11.23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

न्यायाधीश
मोहर अदालत अपर जिला जिला न्यायाधीश संख्या-3, बीकानेर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय मुख्य सिविल न्यायाधीश क्रम संख्या 13 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर
सत्यनारायण विरूद्ध हरिशंकर वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन
प्रार्थना-पत्र संख्या - 14/17
सन् पेशी-11.12.2023

नाम रामेश्वर प्रसाद पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति महाजन पता वार्ड नं. 14 मामोडियो का मोहल्ला चाकसू तह. चाकसू जिला जयपुर।
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 11 माह 12 सन् 2023 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 02 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।
अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्र.सं. 13
(मोहर) जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर

# बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस पलटी, 14 यात्री घायल

## घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी, एक गंभीर घायल को कोटा रैफर किया



अचानक बस पलटने से मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।



हादसे में हुये घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**बूंदी, (निसं)।** बारां डिपो की कोटा से जयपुर जा रही सवारी से भरी बस हिंडोली एनएच 52 पर ढाकनी मोड़ के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गई। अचानक बस पलटने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर मौजूद कैलाश सैनी के अनुसार रोडवेज बस के आगे चल रही एक बाइक अचानक बस के सामने आ गई। बस चालक ने बाइक सवार को बचाने के चकर में बस डिवाइडर पर चढ़ा दी। बस का टायर फटने से बस अनिंयत्रित होकर पलट गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर बस में से लोगों को बाहर निकाला व एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का इलाज जारी है तथा एक गंभीर घायल को कोटा रैफर कर दिया।

हिंडोली थाने एस आई बंसीलाल ने बताया कि बारां डिपो की बस कोटा से जयपुर जा रही थी। जहां एनएच 52 पर ढ ाकनी मोड़ के पास अचानक एक बाइक सवार आगे आ गया जिसे बचाने के चक्कर में रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 14 लोगों को चोंटे आई है जिनका सभी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वही एक गंभीर घायल निवाई निवासी गोविंद राम की हालत गंभीर होने के चलते उसे कोटा रैफर कर दिया। सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह भी जिला अस्पताल पहुंचे व ट्रॉमा वार्ड में घायलों की कुशलक्षेम पूछी तथा पीएमओ डॉक्टर प्रभाकर विजय को सभी का समुचित इलाज करने के निर्देश दिए।

- **बारां डिपो की बस कोटा से जयपुर जा रही थी, हिंडोली एनएच-52 पर ढाकनी मोड़ के पास हुआ हादसा**

**दुर्घटना में यह हुए घायल :-** घायलों में देव जी का थाना निवासी सत्यनारायण पुत्र गोकुल, जहाजपुर निवासी कैलाशी पत्नी चंदन मीणा, जयपुर निवासी माया शर्मा पत्नी विनोद, जयपुर निवासी प्रेम शर्मा पत्नी रामावतार, कोटा निवासी कोमल पत्नी प्रेमचंद, कोटा निवासी प्रेमचंद पुत्र गोपी लाल, हिंडोली के नटवा निवासी चेतन लाल पुत्र उदय लाल, रंगलाल पुत्र मभालाल पुनीत्त, खुनेटिया निवासी भगवान प्रजापत पुत्र कालू लाल, खिण्या निवासी कालू लाल प्रजापत पुत्र देवीलाल प्रजापत, कोटा कन्सुवा निवासी गोविंद खटीक पुत्र सोहनलाल खटीक, खिण्या निवासी रामदेव प्रजापत पुत्र देवीलाल प्रजापत शामिल है।

**बस चालक और परिचालक मौके से फरार :-**जैसे ही बस पलटी बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने को तलाश किया पर वह वहां कहीं पर भी नजर नहीं आया। ग्रामीणो का कहना है जिस समय बस पलटी उम्र समय बस के पीछे कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था अन्यथा कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता था। बस पलटने से हाईवे के एक और वाहनों की कतारें लग गई। बाद में क्रेन की सहायता से बस करे हटवाया गया।

# अपराध जगत में रोहित गोदरा पुलिस के लिए चुनौती बना

## बीकानेर एसपी ने एक स्पेशल टीम से गैंगस्टर रोहित के खास गुर्गों की कुंडली तैयार कराई

**बीकानेर, (निसं)।** अपराध जगत में रावताराम स्वामी उर्फ रोहित गोदरा पुलिस के लिए चुनौती के रूप में आ खड़ा हुआ है। पिछले दो साल में बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम देने के बाद जिम्मेदारी लेकर वह अब पुलिस, प्रशासन की आंखों में खटकने लगा है।

रावताराम स्वामी ने बीते सात साल में गैंगस्टर रोहित गोदारा बनने तक का सफर तय किया है। कुख्यात बदमाश आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर में मारे जाने और राजू ठेहट की हत्या के बाद अब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व रोहित गोदारा पुलिस के निशाने पर हैं। बीकानेर रेंज पुलिस कार्यालय ने संभागभर से गैंगस्टर लॉरेंस व रावताराम से जुड़े करीब एक हजार युवकों को चिन्हित किया है, जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। अकेले बीकानेर में गैंगस्टर रावताराम उर्फ रोहित गोदारा से सीधे संपर्क में 500 लोग हैं। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने एक स्पेशल टीम से गैंगस्टर रावताराम उर्फ रोहित के खास गुर्गों की कुंडली तैयार कराई है।

करीब आठ महीने पहले पुलिस मुख्यालय से एडीजी क्राइम ने गैंगस्टर रावताराम उर्फ रोहित गोदारा से संपर्क रखने एवं उसकी मदद करने वाले करीब 60 व्यक्तियों की सूची बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक को भेजी थी। इसमें बताया कि 60 लोग रोहित से सीधे संपर्क में हैं और 459 लोग सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में हैं। जिला पुलिस ने 60 खास और 459 लोगों की पूरी कुंडली तैयार की थी। यह लोग क्या काम करते हैं। इनकी चल-अचल संपत्ति कितनी है। इनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज है या नहीं, अगर मुकदमा दर्ज है, तो किस तरह का और वर्तमान में उसका स्टेटस क्या है।

- **बीकानेर रेंज पुलिस कार्यालय ने संभागभर से गैंगस्टर लॉरेंस व रावताराम से जुड़े करीब एक हजार युवकों को चिन्हित किया है**
- **अकेले बीकानेर में गैंगस्टर रावताराम उर्फ रोहित गोदारा से सीधे संपर्क में 500 लोग हैं**

बीकानेर रेंज में 1177 आदतन अपराधी हैं, जिनमें से 1059 सक्रिय हैं। ऐसे में इन सक्रिय बदमाशों पर पुलिस नकेल डालने की कोशिश कर रही है। पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीकानेर में 445, श्रीगंगानगर में 391, चूरू में 193 एवं हनुमानगढ़ में 149 आदतन अपराधी हैं। बीकानेर रेंज पुलिस बदमाशों, माफियाओं एवं तस्करों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा संग्रहित कर चुकी है। इन माफिया-तस्करों में से रेंजभर से 25 बदमाशों को चिन्हित किया गया है। बीकानेर व श्रीगंगानगर में एक-एक हार्डकोर बदमाश की संपत्ति को पुलिस व प्रशासन जब्त कर चुका है।

पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में बदमाश हरिओम रामावत को राजपासा में निरुद्ध किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2022 में बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में एक भी सक्रिय बदमाश के खिलाफ राजपासा एक्ट में कार्रवाई करने के लिए एक भी इस्तगासा नहीं पेश किया गया, जबकि चूरू में तीन बदमाशों के खिलाफ पेश किए गए। वहीं वर्ष 2023 में बीकानेर में दो, श्रीगंगानगर में एक, हनुमानगढ़ में चार, एवं चूरू में दो बदमाशों पर राजपासा-एक्ट में कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने इस्तगासे जिला कलक्टर के समक्ष पेश किए हैं। यह इस्तगासे संबंधित जिलों के कलक्टर एवं कुछ गृह विभाग के पास विचाराधीन हैं। बीकानेर रेंज में करीब सात सालों में बीकानेर रेंज में 267 से अधिक इस्तगासे पेश कर 23 बदमाशों को जिलाबदर करवाया है। पुलिस ने राजपासा की बजाय गुंडा एक्ट में अधिक कार्रवाई की है।

ओमप्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज का कहना है कि गैंगस्टर खुद सामने नहीं आकर गुर्गों से वारदात को अंजाम दिलवा रहे हैं। युवा गैंगस्टरों के झांसे में आकर जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। अब पुलिस गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी सर्जरी करेगी। इसकी पूरी कार्य योजना तैयार है। बीकानेर रेंज में 1059 बदमाश चिन्हित हैं, जिनमें से कई बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

# आग में झुलसने से वृद्ध की मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में आग में झुलसने से वृद्ध की मौत हो गई। सदर थाने से मिली जानकारी के अनुसार मांगूसिंह पुत्र मेघसिंह राजपूत निवासी गोपालपुरा ने रिपोर्ट दी कि मेरे चाचा मंगेजसिंह पुत्र दुलसिंह राजपूत उम्र 65 वर्ष निवासी गोपालपुरा मेरे साथ मेरे घर में कमरे में रहते थे। वे बीड़ी पीने के आदी थे।

सात दिसम्बर की रात करीब आठ बजे खाना खा कर चाचा मंगेजसिंह अपने कमरे में सो गए। मैं पीछे भेड़ों के बाड़े में सो रहा था। रात्रि करीब साढे 11 बजे मेरे पडौसी प्रकाश पुत्र केशरराम जाट व भींवसिंह राजपूत ने मेरे पास आकर बताया कि चाचा मंगेजसिंह के कमरे में आग लगी हुई है। वहां जाकर देखा तो चाचा मंगेजसिंह की आग में जलने से मौत हो चूकी थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोते समय बीड़ी पीने के दौरान चिंगारी से कपड़ों में आग लगने से जलने के कारण उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि मंगेजसिंह वृद्ध एवं मानसिक रूप से बीमार रहते थे। हादसे की सूचना मिलने पर उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार, डीएसपी शकील अहमद, सीआई रजिराम ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। सुबह शव को राजकीय बगडिया अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया, जहां एएसआई तनसुख राम नैण ने आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** अटलबंद थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया। 15 नवम्बर को गांव पपरेरा थाना कुम्हेर जिला डीग निवासी जलसिंह पुत्र समन्दरसिंह जाति जाट ने गांव गादौली थाना लखनपुर हाल जसबंतनगर थाना अटलबंद निवासी अपनी पुत्री के सुसरालजनों के विरूद्व उसकी पुत्री कीर्ति को दहेज के लिये प्रताडित कर फांसी लगाकर हत्या कर देने का एक मामला थाना अटलबंद पर दर्ज कराया था। वृताधिकारी वृत षहर नगेन्द्र कुमार मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान इस मामले के आरोपी पति भानूप्रतापसिंह पुत्र बृजपालसिंह उम्र 25 साल जाति जाट निवासी गादौली थाना लखनपुर हाल जसबंतनगर थाना अटलबंद को गिरफतार किया गया है।

# छात्रों को बोलेरो ने टक्कर मारी, एक की मौत

**करौली, (निसं)।** मंडरायल उपखंड के बाटदा गांव में दोपहर के करीब स्कूल के लंच के समय गांव के लवलेश पुत्र धर्म सिंह जाटव, रोहित पुत्र कल्ला जाटव, अंकुश पुत्र हल्के जाटव, सोनू पुत्र हल्के जाटव खाना खाकर विद्यालय जा रहे थे तेज गति में आ रही बोलेरो गाड़ी के चालक ने टक्कर मार दी जिससे चारों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें इस बोलोरो गाड़ी के चालक ने घायलों को करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया-जहां ड्यूटी चिकित्सक ने लवलेश को मृत घोषित कर दिया और पोस्टमार्टम के लिए

- **दोपहर में लंच के समय खाना खाकर विद्यालय जा रहे थे**

मुर्दाघर में रखा गया अन्य तीन बालकों को गंभीर हालत में भर्ती कर उपचार जारी किया। छात्र लवलेश की मृत्यु होने पर परिवार जन में रूधन मच गया।

इधर मृतक बालक का चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को परिजन को सुपुर्द किया। मगर परिवार जन शव को लेने से इनकार करते हुए गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए चालक की गिरफ्तारी के अलावा मृतक के परिवारजन को आर्थिक सहायता देने की मांग पर अड़ गए। उधर सूचना पर मंडरायल उपखंड अधिकारी प्रीति चक, करौली पुलिस उपाधीक्षक, करौली कोतवाली के थाना अधिकारी हेमेंद्र कुमार, लांगरा, थाना अधिकारी मय पुलिस जाप्ता के अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने परिवारजन को काफी समझाया। मगर देर रात तक मृतक बालक की परिवार जन अपनी मांगों पर अड़े रहे। अंत में देर रात काफी समझाईश के बाद उपखंड अधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के आश्वासन पर परिवारजन ने शव सुपर्दगी में लिया।

# शादी के नाम पर धोखाधड़ी

**भीलवाड़ा (निस)।** शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर धोखाधड़ी और पचास हज़ार नक़द व सोने चांदी के ज़ेवर हड़पने का आरोप एक महिला ने दो अन्य महिलाओं पर लगाए हैं।

मामला भीलवाड़ा के ज़हाजपुर का है जहां एक महिला ने दो अन्य महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जहाजपुर थाना प्रभारी धर्मेश दायमा ने बताया कि पीड़ित माहिला सीता देवी पत्नी प्रभु लाल तेली ने मामला दर्ज करवाया, जिसमें बताया कि रामकन्या तेली ( 24 ) पुत्री जमुनालाल तेली व सीता देवी पत्नी जमुनालाल तेली निवासी झोटवाड़ा जयपुर दोनों मां बेटी ने उसके भतीजे को शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए 50 हजार नकद, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब आदि आभूषण हड़प लिए इतना ही दोनों ने एक झूठा मुकदमा भी महिला थाना जयपुर में दर्ज कराया है। पुलिस ने सीता देवी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.)

फोन नम्बर: (0291) 2511031/2516199 फेक्स: (0291) 2511029 Email-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 07/12/2023

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/जीजीएम-एलएस/संविदा-08/2023-24 दिनांक :- 07.12.2023 UBN No. MML2324WSOB00187 | सानू खदान पर कर्मचारियों को चाय 24 घंटे, प्रातःकाल मे नास्ता, दोपहर व रात्रि में भर पेट भोजन उपलब्ध कराना। अनुमानित मूल्य (रू.) 34.00 लाख धरोहर राशि (रू.) - 68,000/-, निविदा राशि- 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट **www.rsmm.com** अथवा **www.sppp.rajasthan.gov.in** अथवा उप प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/23/11393 उप महाप्रबन्धक (प्रशासन)


# अधेड़ का रात्रि में घर से अपहरण, मारपीट कर नगदी छीनी

## तीन नामजद व एक-दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोहर, (निसं)।** कुछ जनों ने रात्रि को घर से अधेड़ उम्र के शख्स का अपहरण कर लिया। अन्यत्र ले जाकर मारपीट की और नकदी छीनकर भाग गए। मारपीट में अधेड़ के गंभीर चोटें लगी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मामला फेफाना थाना क्षेत्र का है। अधेड़ के भतीजे की ओर से इस संबंध में फेफाना पुलिस थाना में तीन नामजद व एक-दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार पालाराम जाट (36) पुत्र बगड़ावत राम सहारण निवासी चक 2 आरपीएम पिचकराई ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि रात्रि आठ बजे उसका चाचा महेन्द्र पुत्र हजारीराम जाट निवासी चक 2 आरपीएम अपने घर पर था। तभी नरेश पुत्र रामकरण भाम्भू निवासी रतनपुरा, दिनेश जाट पुत्र रामजीलाल देदड़ जाट निवासी रतनपुरा व प्रकाश मूण्ड निवासी चक 9 केएनएन व एक-दो अन्य व्यक्ति कैम्पर गाड़ी में सवार होकर उसके चाचा महेन्द्र के घर आए और उसके चाचा को आवाज दी।

पुलिस के अनुसार चाचा ने कहा कि कौन है, इतने में तीनों यह लोग उसके चाचा महेन्द्र के साथ मारपीट करते हुए उन्हें कैम्पर गाड़ी में डालकर जसाना सडक़ के पास ले गए और मारपीट करने लगे। जेब से 22 हजार रुपए निकाल लिए। तभी विनोद मोटर साइकिल पर आ रहा था। मोटर साइकिल की लाइट में महेन्द्र को देखा व सम्भाला। नरेश वगैरा उसे देखकर भाग गए। तभी मौके पर भूप आदि आ गए। वे उसके चाचा को घायल अवस्था में नोहर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। नोहर के सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसके चाचा को हनुमानगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अपहरण, मारपीट व छीनाझपटी के आरोप संबंधी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। मुकदमे का अनुसंधान एएसआई इन्द्राजसिंह कर रहे हैं।

# ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

**दौसा, (निसं)।** जिले के कलेक्ट्रेट चौराहे पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई साथ ही इस सड़क हादसे में बाइक सवार सहित अन्य दो लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि साइकिल सवार युवक बाइपास की ओर जा रहा था।

इस दौरान कलेक्ट्रेट चौराहे पर बाइक से भिड़ंत के बाद वह ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मुकेश कुमार मीणा (30) निवासी खान भांकरी की मौत हो गई, जबकि गणेश नगर निवासी आशीष घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मुकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। कलेक्ट्रेट चौराहे पर बीते दिनों में कई दर्दनाक सड़क हादसे हो चुके हैं।

पिछले दिनों ट्रेलर के कुचलने से एक जने की मौत व कई अन्य घायल हुए थे। जिसके बाद भी कई हादसों में लोगों की जान जा चुकी है। हिंदी सड़क हादसों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन से ओवर गति से चलने वाले वाहनों पर लगाम लगाते हुए यातायात को सुव्यवस्थित कर सड़क हादसों के रोकथाम की मांग की गई।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**

E-mail: eephedsojat@yahho.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No.- 02960-222148

No. PHE/TA/NIT/2023-24/4647-61 Date: 05.12.2023

**निविदा सूचना संख्या : 142 से 146/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code No. PHE2324A4294, PHE2324A4299, PHE2324A4300, PHE2324A4301, & PHE2324A4302, and UBN No. PHE2324WSOB09978, PHE2324WSOB09979, PHE2324WSOB09980, PHE2324WSOB09981, & PHE2324WSOB09984 पर देखा जा सकता हैं।

(B.R. Kumawat)
EXECUTIVE ENGINEER
DIPR/C/15666/2023 P.H.E.D. DN. SOJAT CITY



राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी (ERCC XII)/ ई-04544/

**ई-नीलामी विज्ञप्ति ERCC (XII/2023)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान प्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टो/क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 18 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लाटफार्म पर इछुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(तारा चन्द मीणा) IAS
निदेशक
DIPR/C/15729/2023


# किसान की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम दांतिल की ढ़ाणी पुठावाली में शुक्रवार को कृषि कार्य कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। संपत (29) पुत्र सुवालाल गुर्जर खेत में कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान 11 हजार केवी. विद्युत लाईन का तार टूटकर गिर गया। जिससे करन्ट लगने से किसान बुरी तरह झुलस गया। जिसे परिजन यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गौवंश से भरे ट्रेलर को पकड़ा, 32 जिंदा व सात मृत गौवंश मिले

## फरार हुये गौ तस्करों के विरूद्ध गौकसी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की

**मालपुरा, (निसं)।** बजरंग दल व गौरक्षकों के दल ने मुखबीर की सूचना पर मालपुरा-अजमेर स्टेट हाईवे पर रूपाहेली के पास नांकाबंदी लगाकर गौवंश से भरे एक ट्रेलर को पकड़ा। ट्रेलर में ठूंस-ठूंस कर भरे 32 जिन्दा गौवंशों को मुक्त करा पुलिस के सहयोग से उनियारा खुर्द गौशाला में सुरक्षित छोड़ा। वहीं 7 गौवंश मृत मिले।

गौरक्षकों ने बताया कि गुरूवार की रात्रि को जरिए मुखबीर के सूचना मिली कि एक ट्रेलर में बड़ी संख्या में गाय व बछड़ों को भरकर गौकसी के लिये ले जाया जा रहा है। सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व गौरक्षकों ने टीमें बना अजमेर रोड पर कई जगह ट्रेलरों की मुखबीरी करते हुए एक ट्रेलर को रूपाहेली के



बजरंग दल व पुलिस ने बंधक गौवंशों को मुक्त करवाया।

पास संदिग्ध अवस्था में तेज गति से जाते देख पीछा करते हुए ट्रेलर को पकड़ा। बड़ी संख्या में गौरक्षकों को देख ट्रेलर चालक व गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठा ट्रेलर छोड़ भाग छूटे। सूचना पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने मौजूद गौरक्षकों के सहयोग से ट्रेलर का तिरपाल खोल तलाशी ली तो ट्रेलर में ठूंस-ठूंस कर गाय व बछड़े भरे मिले। ट्रेलर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवाया गया तथा एक-एक कर गौवंश को उतारा तो 32 जिन्दा मिले।

- **बजरंग दल व गौरक्षकों के दल ने मुखबीर की सूचना पर ट्रेलर को पकड़ा**
- **जिन्दा गौवंशों को मुक्त करा पुलिस के सहयोग से उनियारा खुर्द गौशाला में छोड़ा**

वहीं 7 गौवंश मृत मिले। मौके पर पहुंचे थाना पुलिस अधिकारी फैलुमल ने बताया कि जप्त किया गया ट्रेलर गुजरात पासिंग नम्बर का है। फरार हुये गौ तस्करों के विरूद्ध गौकसी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। गौरक्षकों का कहना है कि, मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी थानान्तर्गत कई गांवों से लम्बे समय से गौतस्कर गौवंश को पकड़ गौतस्करी कर रहे हैं। जिसकी समय-समय पर पुलिस प्रशासन को सूचना भी दी जाती है लेकिन पुलिस आज भी गौतस्करों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने मे सफलता हासिल नहीं कर पाई है।


**राजस्थान ललित कला अकादमी**
**STATE ACADEMY OF ART**
अकादमी संकुल जे-15, झालाना संस्थानिक जयपुर - 302004

क्रमांकः-एफ.33/रालकअ/निविदा/2023-24/680-685 जयपुर, दिनांक 06.12.2023

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अकादमी द्वारा वर्ष के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम/गतिविधियों आदि में आवश्यकतानुसार निम्नलिखित व्यवस्थाओं हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | खुली निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | निविदा अंतिम तिथि | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किराये पर वाहनों की व्यवस्था। | 7/2023-24 | 8.00 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0008 | LKA2324SSRC00007 |
| 2 | स्टेण्डी/बैनर/फ्लेक्स आदि से विज्ञापन प्रिन्टिंग के कार्य | 8/2023-24 | 7.50 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0009 | LKA2324SSRC00008 |
| 3 | लाईट सामग्री किराये पर आपूर्ति का कार्य। | 9/2023-24 | 8.00 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0010 | LKA2324SSRC00009 |
| 4 | टैन्ट सामग्री किराये पर आपूर्ति का कार्य। | 10/2023-24 | 9.50 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0011 | LKA2324SSRC00010 |
| 5 | फोटोग्राफी एवं वीडियो रिकॉडिंग का कार्य | 11/2023-24 | 5.00 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0012 | LKA2324SSRC00011 |
| 6 | भोजन एवं अल्पाहार व्यवस्था हेतु | 12/2023-24 | 5.00 लाख | 12.12.2023 | LKA2324A0013 | LKA2324SSRC00012 |

निविदाओं से संबंधित प्रपत्र एवं शर्ते www.sppp.raj.nic.in पर दिनांक 06.12.2023 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

सचिव
राजस्थान ललित कला अकादमी
राज.संवाद/सी/23/11425

# बिना लाइसेंस संचालित मांस की अवैध 12 दुकानों पर ग्रेटर निगम का शिकंजा

## डिग्गी-मालपुरा रोड, सांगानेर और मानसरोवर क्षेत्र में पशु प्रबंधन शाखा की कार्रवाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देश पर शुक्रवार को डिग्गी-मालपुरा रोड, सांगानेर व मानसरोवर क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित मांस की 12 अवैध दुकानों पर शिकंजा कसा। उपायुक्त पशु प्रबंधन डॉ. हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने अवैध मांस की दुकानों और बूचड़खानों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान डिग्गी-मालपुरा रोड, सांगानेर, मानसरोवर, थड़ी मार्केट और वरूण पथ पर लगभग 45 मीट की दुकानों के लाईसेंस चैक किये गये, जिनमें से 1 दर्जन दुकानों के पास लाइसेंस नहीं था। ऐसी तमाम दुकानों पर ग्रेटर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा। इस दौरान 40 किलो अवैध मांस जब्त कर नष्ट कराया गया। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में मछली एवं मुर्गियों को भी जब्त किया गया।

उपायुक्त हरेन्द्र सिंह ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि, नियमों के मुताबिक मांस की दुकानों का संचालन करें, अन्यथा निगम टीम कार्रवाई करेगी। डिग्गी-मालपुरा रोड पर किसी भी दुकान संचालक के पास कोई लाइसेंस नहीं था, जिन दुकानों के पास लाइसेंस मिला है, वे भी चैनपुरा हाऊस से स्लाटरिंग नहीं करवा रहे, ऐसे लोगों को भी हिदायत दी है कि तय गाइडलाइन के मुताबिक काम करे, अन्यथा बख्शा नहीं जायेगा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि अभियान चलाकर समय-समय पर अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों पर कार्यवाही की जायेगी।

ज्ञात रहे कि राज्य में सत्ता परिवर्तन होते ही राजधानी जयपुर में अवैध मांस की दुकानों और बूचड़खानों पर शिकंजा कसने लगा है। कुछ दिनों पहले नवनिर्वाचित भाजपा विधायक एवं हाथोज धाम के महंत बालमुकुंद आचार्य ने भी अपने हवामहल विधानसभा क्षेत्र में ऐसी ही कार्रवाई को अंजाम देकर अवैध मांस की दुकानों पर शिकंजा कसा था। इस दौरान काफी विवाद भी हुआ था। विधायक बालमुकुंदाचार्य का कहना है कि, परकोटे में उस दिन औचक कार्रवाई का नतीजा यह निकला है कि, जो लोग बिना लाइसेंस मांस की दुकानें चला रहे थे, वह अब नगर निगम में लाइसेंस लेने के लिए दौड़ रहे है। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर जो कि छोटी काशी के नाम से विख्यात है, यहां पर पाकिस्तान के कराची के जैसे सड़कों पर मांस की दुकानें नहीं चलने दी जाएंगी।



ग्रेटर निगम के उपायुक्त पशु प्रबंधन डॉ. हरेन्द्र चिराणा ने शुक्रवार को सांगानेर, मानसरोवर और डिग्गी-मालपुरा रोड पर अवैध मांस की दुकानों पर कार्रवाई की।

- निगम टीम ने 45 दुकानों का निरीक्षण कर लाइसेंस जांचे, अवैध 12 दुकानों से 40 किलो मांस जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाया
- पिछले दिनों नवनिर्वाचित भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी हवामहल क्षेत्र में संचालित अवैध मांस की दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोला था

## 'स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ से एक भी पात्र वंचित न रहे'

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने एक परिपत्र जारी कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए है।

परिपत्र के अनुसार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है। यह समिति केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की निचले स्तर तक पालना सुनिश्चित करवाएगी। साथ ही यह समिति जिला स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेगी और डे नोडल ऑफिसर से समन्वय करते हुए जिला स्तर से ही पोर्टल पर विभिन्न गतिविधियों में अर्जित उपलब्धियों का इंद्राज करवाना सुनिश्चित करेगी। इसी प्रकार कार्यक्रम के ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर तक सुचारू संचालन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं। इस यात्रा में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के तहत रोगियों की स्क्रीनिंग, पंजीकरण, कार्ड वितरण एवं जागरूकता आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों का विकसित भारत संकल्प यात्रा पोर्टल पर इंद्राज करे।

## दो दिवसीय 'द जयगढ़ फेस्टिवल' आज से



**जयपुर**। राजधानी जयपुर के प्रतिष्ठित जयगढ़ फोर्ट में 9 और 10 दिसंबर को पहली बार "द जयगढ़ फेस्टिवल" का आयोजन होने जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान दर्शकों को दिलचस्प टॉक शोज की एक विस्तृत शृंखला के माध्यम से इतिहास, कला और संस्कृति से रू-ब-रू कराया जाएगा। फेस्टिवल के पहले दिन खिलबती निवास में टॉक शोज आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे, डॉ. जाइल्स टिलोट्सन बिल्डिंग जयगढ़: द फोर्ट थ्रू टाइम विषय पर जयगढ़ के वास्तुशिल्प पर प्रकाश डालेंगे। इसके पश्चात, दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक, डॉ. अभिमन्यु अरहा कॉन्क्वेर्स एंड प्रोटेक्टर्स में कछावा इतिहास पर चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे गोविंद सिंह भाटी और शेरोन जेनेवीव राजस्थान की संगीत परंपराओं के पुनरुद्धार पर चर्चा करते हुए दर्शकों को राजस्थान की समृद्ध संगीत परंपराओं से रूबरू कराएंगे। शाम 4 बजे सुरुचि शर्मा दर्शकों को जर्नी विद फोक में लोक संस्कृति के माध्यम से एक खूबसूरत यात्रा पर ले जाएंगी। दिन का समापन शाम 5 बजे सुरुचि शर्मा की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉक्यूमेंट्री मीन राग की स्क्रीनिंग के साथ होगा।

# हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ढाई लाख रुपए वसूले

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना इलाके में एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर ढाई लाख रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर ब्लैक आरोपित युवती ने उससे दोस्ती की थी और होटल में शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील फोटोज खींच लिए। इसके बाद आरोपित युवती झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने आरोपित युवती के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि सवाई माधोपुर निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि वह विधाणी में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पीड़ित का आरोप है कि अक्टूबर-2019 में फेसबुक पर एक युवती ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने पर मैसेज कर बातचीत करने लगी। दोस्ती होने पर मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर दोनों बातचीत करने लगे। नवम्बर-2019 में पहली बार मिलने के लिए बायोलॉजिकल पार्क प्रताप नगर बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी युवती ने उससे प्यार का इजहार किया। पहली मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पास ही एक होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनवाए।

इसके बाद हर महीने अलग-अलग होटलों में बुलाकर शारीरिक संबंध बनाने लगे। प्यार की निशानी बताकर अश्लील फोटो खीच लिए। इसके बाद से पैसों की मांग करना शुरू कर दिया और हनी ट्रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर चार लाख रुपये की मांग की। आरोपित युवती ने ढाई लाख रुपये वसूल लिए। ब्लैकमेलिंग कर रुपयों की लगातार मांग से परेशान होकर पीड़ित ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

- आरोपी ने फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर युवती से दोस्ती की थी और होटल में शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील फोटोज खींचकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी

## जादू-टोने का डर दिखाकर दुष्कर्म

**जयपुर**। सुभाष चौक थाना इलाके में जादू-टोने का डर दिखाकर एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने उसके हाथ की नस काटकर धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात की वारदात को अंजाम देकर अश्लील फोटो बना ली। अब आरोपित अश्लील फोटो से ब्लैकमेल कर देहशोषण करता आ रहा। इस संबंध में पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बंगाल हाल सुभाष चौक निवासी 37 वर्षीय एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि जादू-टोने का डर दिखाकर साधु के वेश वाले एक आरोपी ने पहले हाथ की नस काटकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील फोटो खींच कर ब्लैकमेल कर पिछले दो महीने तक देह शोषण करता रहा।

# युवती को ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये मांगे

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में एक युवती को ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपए की डिमांड करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि सोशल मीडिया एप के जरिए युवती से दोस्ती कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध कर मना करने पर उसकी फोटोज को एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी युवक की तलाश में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 25 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि मई-2023 में टेंगो ऐप के जरिए उसकी जान-पहचान कार्तिक त्यागी नाम के युवक से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने खुद को रुड़की का रहने वाला बताया और एक मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर काम करना बताया। मोबाइल नंबर एक्सचेंज के बाद दोनों की बातचीत होने लगी। झूठे प्यार के जाल में फंसा कर शादी करने का ऑफर दिया। शादी करने की सहमति जताने पर मिलने का दबाव बनाने लगा।

पीडिता का आरोप है कि कार्तिक ने उसको मिलने के लिए हरिद्वार आने का कहा। शादी से पहले होटल में रुक कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। मना करने पर उसकी फोटो को एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। बदनामी को लेकर हाथा-जोड़ी करने पर पांच लाख रुपये की डिमांड रखी। ब्लैकमेलर से परेशान होकर पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबरों के आधार पर तलाश कर रही है।

## सार-समाचार

### 60 कलाकारों ने सजाए 450 आर्टवर्क



**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में शुक्रवार को तीन दिवसीय पेंटिंग एग्जीबिशन और कला उत्सव स्प्लेश-2023 का आगाज हुआ। मुंबई के युवा आर्किटेक्ट एवं आर्ट प्रमोटर मितुल अग्रवाल के संयोजन में आयोजित इस एग्जीबिशन में देश के अनेक शहरों के 60 से अधिक युवा चित्रकारों की 450 पेन्टिंग्स डिसप्ले की गई जो शहर के कई कला प्रेमियों के लिए कौतुहल का विषय रहीं। कहीं यथार्थवादी कला की खूबसूरती, कहीं लैंडस्केप में प्रकृति के नजारे तो कहीं गहरी सोच में डूबी युवतियों के पोर्ट्रेट्स बेहद लुभावने हैं। एग्जीबिशन का उद्घाटन नामी मुसव्विर डॉ. विद्यासागर उपाध्याय ने किया। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ कला गुरु समंदर सिंह खंगारोत सागर, डॉ.नाथूलाल वर्मा, डॉ.मीनू श्रीवास्तव, डॉ. मणि भारतीय, मोहम्मद सलीम और किशोर सिंह भी मौजूद रहे। यहां सात कैटेगिरीज में कलाकृतियां डिसप्ले की गई हैं। दिल्ली के धर्मेन्द्र शर्मा, आहूती नारायण और जयपुर के पवन टाक की रूपवादी कलाकृतियां चित्ताकर्षक हैं। आर्टिस्ट राशि राजपूत की बनाई पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई हैंजो कैंसर सर्वाइवल हैं। कीमो थैरेपी के दौरान आराम के पलों में मन लगाने के लिए उन्होंने पेंटिंग्स बनाना शुरू किया। स्पेशली एबिल्ड की कला भी देखने योग्य है।

### "विकसित भारत संकल्प यात्रा" 14 से

**जयपुर** (कासं)। भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने के लिए "विकसित भारत संकल्प यात्रा" शहरी राजस्थान के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 14 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवम्बर, 2023 को झाड़खण्ड के खूंटी से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पूर्ण देश में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाली एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है। यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत योजना में विशेष रूप से डिजाईन की गई आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा एवं संचार) वैन राजस्थान प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों से गुजरेगी। इस दौरान केन्द्र सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं के कैम्प का आयोजन कर ऑन-स्पॉट सेवाएँ जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेंगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समस्त विभागों, जिला प्रशासन, नगरीय निकायों एवं पंचायत राज विभाग को भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों एवं एस.ओ.पी. के आधार पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये है।

# 9वीं कक्षा की छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल

## आरोपी छात्रों ने बच्ची को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया

**जयपुर**। सांगानेर सदर इलाके में 9वीं क्लास की छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने डरा-धमकाकर नाबालिग छात्रा से अश्लील वीडियो बनवाया। खुद के मोबाइल पर मंगवाए अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। स्कूल प्रशासन मामला सामने आने के बाद भी चुप रहा। थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता की ओर से मामला दर्ज करवाया गया।

पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी एक निजी स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ती है और स्कूल के आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों ने बहला-फुसलाकर और डरा-धमकाकर नाबालिग बेटी से अश्लील वीडियो बनवाए। अश्लील वीडियो को अपने मोबाइल पर मंगवा लिए। ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। स्कूल प्रशासन को भी इसकी जानकारी थी। आरोप है कि नाबालिग बेटी के अश्लील वीडियो को सात-आठ लड़कों ने एक-दूसरे को वायरल किया। स्कूल के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और टीचरों ने भी अश्लील वीडियो देखकर खुद के मोबाइल पर वायरल करवाए। दोषी लड़कों को बचाने और स्कूल के नाम को बदनाम होने से बचाने के लिए पुलिस को सूचना तक नहीं दी गई। वीडियो वायरल करने में स्कूल प्रशासन का भी सहयोग रहा है। यह वीडियो स्कूल के बाहर भी वायरल हो चुका है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग स्कूल छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने की शिकायत पर मिलने पर आईटी और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी को जहर खिलाकर मारने वाला पति गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर सर्कल थाना पुलिस ने दहेज के लिए विषाक्त पदार्थ देकर पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच पहले सहायक पुलिस आयुक्त कैलाश बोहरा ने की थी। जांच करने के बाद उन्होंने गर्भाशय की गांठ में इंफेक्शन बताकर इसमें एफआर लगा दी थी। पोस्टमार्टम के लिए विसरा की एफएसएल जांच करवाई गई तो उसमें विषाक्त पदार्थ होने से मौत सामने आई। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने दुबारा जांच करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी कुलदीप जयसवाल जगतपुरा का रहने वाला है। उसने अपनी पत्नी कुसुम उर्फ खुशबू को खाने में विषाक्त पदार्थ देकर हत्या कर दी थी। ऑटो चालक कुलदीप से 4 जनवरी 2014 को कुसुम की शादी हुई थी। 18 मार्च 2020 को कुसुम के ससुर ने मौत की सूचना दी थी। बाद में कुसुम की मां आशा जयसवाल ने बेटी के हत्या की रिपोर्ट उसके पति व सास-ससुर के खिलाफ जवाहर सर्कल थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस जांच में दोषी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया।

# रामबाग चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों के लिए गुमटी तैयार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास ने शुक्रवार को शहर के अति व्यस्ततम रामबाग चौराहे पर इटर्नल अस्पताल के सहयोग से बनी गुमटी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह गुमटी आमजन के लिए यातायात सुविधा केंद्र का कार्य करेगी।

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि व्यस्ततम चौराहों पर यातायात का दबाव ज्यादा रहता है। ऐसे में आमजन को यातायात से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान, दुर्घटना के दौरान मदद आदि के लिए यह गुमटी खासी सहायक साबित होगी।

उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी 8 से 12 घंटे तक की होती है। ऐसे में धूप और बारिश से उन्हें राहत मिल सकेगी और वे थोड़ा विश्राम भी कर सकेंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने इटर्नल हॉस्पिटल को पुलिस को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इटर्नल हॉस्पिटल जवाहर सर्किल एवं सांगानेर के सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश एवं सीनियर जीएम नितेश तिवारी ने आगे भी सीएसआर के तहत यातायात प्रबंधन में मददगार उपकरणों, वस्तुओं के नियोजन तथा फर्स्ट एड प्रशिक्षण देने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ज्ञानप्रकाश नवल, सहायक पुलिस आयुक्त निहाल सिंह, झाबरमल, चंद्र सिंह सहित यातायात पुलिस के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास ने शुक्रवार को रामबाग चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गई गुमटी का शुभारंभ किया।

# जयपुर समारोह के लिए हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने बुलाई बैठक



हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने शुक्रवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर जयपुर समारोह आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया। महापौर मुनेश गुर्जर ने समय से पूर्व सभी अधिकारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जयपुर समारोह दिवस पर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक के दौरान अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद, अधिशाषी अभियंता रूपाराम उपस्थित रहें।

## रंग संवाद में होगा विचारों का प्रवाह

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र में 10 दिसंबर से 16 दिसंबर तक होने वाले 12वें जयपुर रंग महोत्सव (जयरंगम-2023) की तैयारियां जारी है। श्री एम डॉट बैंड थिएटर फैमिली सोसाइटी की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान और जवाहर कला केन्द्र की ओर से सात दिवसीय फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जयरंगम में दोपहर दो बजे सुरेख कला दीर्घा में रंग संवाद का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ अलग-अलग मुद्दों पर विचार व्यक्त करेंगे। जयरंगम की रुचि नरूला ने बताया कि जिस तरह थिएटर समाज के हर वर्ग की आवाज़ उठाता है उसी तरह रंग संवाद एक ऐसा कार्यक्रम है जो किसी सीमा में बंधा न होकर विषय की गहराई को व्यक्त करते हुए सभी के लिए समझ का विकास करता है। चाणक्य नीति जीवन कौशल को बढ़ाती है, आधुनिक जीवन की समस्याएं भी इस नीति से हल की जा सकती हैं और जीवन को बेहतर बनाने में भी यह कारगर है।

# जीवन में मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा से सीखे : जगद्गुरु शंकराचार्य

**जयपुर**। झोटवाड़ा रोड स्थित श्रीचमत्कारेश्वर महादेव मंदिर मे चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के अंतिम दिन काशी धर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्द तीर्थ जी महाराज ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामाजी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। इस अवसर पर सिविल लाइन क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने भी कथा का श्रवण किया।

उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे, तब द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया...दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब-जब भी भक्तों पर विपदा आती है, तब प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए है। इस दौरान महाराजश्री ने एकादश स्कन्ध तथा द्वादशीय स्कन्ध में वर्णित ज्ञानप्रद एवं मुक्तिबोध परक कथाओं का श्रवण कराया गया। पाठ परायण सम्पूर्ण करके यज्ञादि हुए।

महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरि लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। स्वामीजी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम से अपने को उस अनुरूप आचरण करने को कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है।



श्रीचमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को भागवत कथा के समापन के दौरान भगवान श्रीकृष्ठ व राधा की झांकी सजाई गई।




## World Techno Day

There is just something so compelling about the driving rhythm that reaches right down into the depths of the soul and brings out that base animal nature. For some, techno is just music that gets their heart rate up. For others, it's a shamanistic dive into the psychedelic lights and writhing body that brings about an altered state, irrespective of any chemical influence. World Techno Day is dedicated to bringing more people into the world of techno music, to discover this music and the places deep within them that can be touched and brought to life by embracing this vibrant nature.



#TRIED & TASTED

# Classic Christmas Cookies

Cookie season is in full swing and we can't wait to get baking!

Cookie season is in full swing and we can't wait to get baking! Fill your treat trays with these classics, from crispy gingerbread to melt-in-your-mouth spritz and stash some away for yourself, too.



## Almond Spritz Cookies



**Ingredients**

- 1 cup butter, softened
- 1/2 cup sugar
- 1/2 cup packed brown sugar
- 1 large egg, room temperature
- 1/2 teaspoon almond extract
- 1/2 teaspoon vanilla extract
- 2-1/2 cups all-purpose flour
- 1/4 teaspoon baking soda
- 1/4 teaspoon salt
- Pink and red coloured sugar, optional

**Preparation**

1. In a large bowl, cream butter and sugars until light and fluffy for 5-7 minutes. Beat in egg and extracts. Combine the flour, baking soda and salt. Gradually, add to the creamed mixture and mix well.
2. Using a cookie press, fitted with the disk of your choice, press dough in two parts, onto ungreased baking sheets. If desired, sprinkle with coloured sugar.
3. Bake at 375° until edges just begin to brown for 7-9 minutes. Cool on wire racks.

## Vanilla-Butter Sugar Cookies



**Ingredients**

- 1-1/2 cups butter, softened
- 1-1/2 cups sugar
- 2 large eggs, room temperature
- 2 tablespoons vanilla extract
- 4 cups all-purpose flour
- 1 teaspoon salt
- 1 teaspoon baking soda
- 1 teaspoon cream of tartar

**FROSTING**

- 1-1/2 cups confectioners' sugar
- 3 tablespoons butter, softened
- 1 tablespoon vanilla extract
- 1 to 2 tablespoons 2% milk
- Optional: Food colouring, sprinkles and coloured sugar

**Preparation**

1. Cream butter and sugar until light and fluffy for 5-7 minutes. Beat in eggs and vanilla. In another bowl, whisk flour, salt, baking soda and cream of tartar. Gradually, beat into creamed mixture. Refrigerate, covered, for 30 minutes.
2. Preheat oven to 350°. On a lightly floured surface, roll dough to 1/4- in thickness. Cut with floured 2-1/2, in cookie cutters. Place one, apart on ungreased baking sheets and chill in refrigerator for 15 minutes. Bake for 10-12 minutes. Cool on wire racks.
3. For frosting, beat confectioners' sugar, butter, vanilla and enough milk to reach desired consistency. If desired, add a few drops of food colouring. Cut a small hole in the tip of a pastry bag or in a corner of a food-safe plastic bag, transfer frosting to bag. Pipe decorations. Sprinkle with coloured sugar or decorate with sugar pearls.

## Snickerdoodles



**Ingredients**


- 1/2 cup butter, softened
- 1 cup plus 2 tablespoons sugar, divided
- 1 large egg, room temperature
- 1/2 teaspoon vanilla extract
- 1-1/2 cups all-purpose flour
- 1/4 teaspoon baking soda
- 1/4 teaspoon cream of tartar
- 1 teaspoon ground cinnamon

**Preparation**

1. Preheat oven to 375°. Cream butter and 1 cup sugar until light and fluffy; beat in egg and vanilla. In another bowl, whisk together flour, baking soda and cream of tartar; gradually, beat into creamed mixture.
2. In a small bowl, mix cinnamon and remaining 2 Tbsp. sugar. Shape dough into 1-in balls; roll in cinnamon sugar. Place 2 in, apart on ungreased baking sheets.
3. Bake until light brown for 10-12 minutes. Remove from pans to wire racks, to cool.

# Jaipur In The 1st Battle Of Independence

Another legend is that Bahadur Shah Zafar was determined not to lead the rebel sepoys, who had promised him the wealth of India to fill up his depleted coffers, but a dream made him change his stance. According to his private secretary, Jivan Lal, the King was told in a vision by his grandfather (Shah Alam) that the time had come to undo what had happened at the Battle of Plassey, 100 years ago and that he should lead the rebellion. But at 82, Bahadur Shah hardly slept at night because of a persistent cough and dreams had long ceased to be part of his sleep.



Rebel sepoys at Delhi, India at the outbreak of the Indian rebellion.



Cap, reputed to have belonged to Bahadur Shah Zafar II.



The storming of the Kashmiri gate in 1857 during the seige of Delhi by British forces was one of the great-feat- of- arms of the bloody conflict.



Bahadur Shah II.







Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

Though Jaipur State did not take active part in the "Mutiny" of 1857, it did give refuge to a number of freedom fighters who escaped the British wrath. Earlier even *firangi* fugitives from Delhi and Agra sought protection in Jaipur. Among them was Sir Theophilus Metcalfe, who fled on a horse, wearing Indian clothes provided by the *Thanedar* of Paharganj. He stayed on in the city till the British forces had recaptured Delhi and was most thankful to Maharaja Sawai Ram Singh II for saving his life, after a Gujjar mob raided Metcalfe House in North Delhi and chased him half-naked upto Daryaganj. He died in 1883, three years after the Maharaja, who ruled from 1835 to 1880, part of which period coincided with the "Mutiny" or the First War of Independence.

The First War of Independence in 1857 was a watershed in India's history as it marked the end of the medieval era and the beginning of a new one, the precursor of the modern age. That was also the time when legends and superstitions played a big part in guiding the destinies of both the British and Indian contestants. The late Lala Hanwant Sahai's grandfather had heard in Chandni Chowk that when the new moon would come right above the ramparts of the Red Fort, its moat would be filled up with the blood of the *firangis*, but if the blood made its way to the Yamuna and polluted the river, the British would win back what they had lost.

Hanwant Sahai was one of those held for conspiracy in the 'Hardinge Bomb case' of 1912 but by then, his grandfather was dead. The *Maulvi* of Faizabad, Ahmadullah Shah, who had made the prophecy of the new moon, had done so, not in Delhi but in the main market of Meerut, where "*Sab lal hoga*" slogans in crimson dye were daubed on walls and stables. To counter Sir Charles Napier's assertion that if he became Governor General, "Christianity would become the State religion as Providence had entrusted India to England", the *Maulvi* had called upon Muslims and Hindus to combine and protect the faith of their forefathers. His deep-set eyes and fierce men had the desired effect when he told the sepoys in Sadar Bazar, Meerut that the Queen's Rifles had been ordered to disarm them. With a loud shout of "*Maro firangi ko*", the sepoys ran to the cantonments and set the bungalows of the British ablaze. Col John Finnis, a veteran of 40 years, who tried to stop them, was shot through the head, the first of many killed from Sunday, May 10 till Monday, when the sepoys left for Delhi.

On the way, they saw a bluejay (*neelkanth*) flying towards its destination and the Hindus among them shouted, "There goes Lord Shiva's sentinel to guide our way." Soon after, a white-bearded *fakir* was sighted, sitting on a mound and reciting the *Kalma*, which the *Mussalman* soldiers took as a propitious sign. However, the *fakir* was disturbed in his recitation by a king cobra, with hood raised, that threatened to strike him. The *Pathan sepoys* picked up stones to kill it but the Brahmin and Rajput comrades forbade them, saying it too was a sign of *shivji's* blessing to the cause. The alarmed *fakir* suddenly stood up, with his "*chimta*" tongs of bent iron and the snake, taking fright, slithered away into the thicket.

> On the way, they saw a bluejay (*neelkanth*) flying towards its destination and the Hindus among them shouted, "There goes Lord Shiva's sentinel to guide our way." Soon after, a white-bearded *fakir* was sighted, sitting on a mound and reciting the *Kalma*, which the *Mussalman* soldiers took as a propitious sign. However, the *fakir* was disturbed in his recitation by a king cobra, with hood raised, that threatened to strike him.The *Pathan sepoys* picked up stones to kill it but the Brahmin and Rajput comrades forbade them, saying it too was a sign of *shivji's* blessing to the cause. The alarmed *fakir* suddenly stood up, with his "*chimta*" tongs of bent iron.

Another legend is that Bahadur Shah Zafar was determined not to lead the rebel sepoys, who had promised him the wealth of India to fill up his depleted coffers, but a dream made him change his stance. According to his private secretary, Jivan Lal, the King was told in a vision by his grandfather (Shah Alam) that the time had come to undo what had happened at the Battle of Plassey, 100 years ago and that he should lead the rebellion. But at 82, Bahadur Shah hardly slept at night because of a persistent cough and dreams had long ceased to be part of his sleep. It was his queen, Zinat Mahal, who later won him over to support the freedom fighters. The Angel of Death was seen hovering over the Red Fort. An apparition was also witnessed before the death of Aurangzeb in Feb 1707. A headless warrior riding a horse startled many a belated travellers near the Kashmere Gate. He came to be known as the *Dund* or man with just a neck sticking out above his shoulders. The *Dund* was also seen in Bareilly, Agra, Lucknow, Jaipur and Faizabad. Wherever he went, there was bloodshed. In Agra, The Statesman reported, "Before the onset of the summer of 1857, a sheet of blood was seen on several nights in the sky that seemed to extend right up to Delhi and beyond."



Khooni Darwaza.

## #AZADI-GATHA



Rare pic of Emperor Bahadur Shah Zafar with sons at his renovated tomb in Yangon. -Nitin Shrivastav

Strange sightings were reported on the ridge too by English soldiers. One of them saw a long line of kings, silently trooping down to the city and then disappearing (end of the Mughal dynasty). Another soldier saw his dead father, wagging his finger, as though warning him of lurking dangers. A British woman, Harriet Tytler, wife of Capt. Robert Tytler, dreamt that the baby she was carrying in her womb would have to pass through a harrowing time until both she and her child were rescued by Punjabi or *Pathan* sepoys. Harriet did, in fact, give birth on the Delhi Ridge and her baby nearly died of dysentery during the rains that followed. However, she was able to take the child safely to Karnal. In Shahjahanpur, the daughter of a Protestant priest, had a nightmare in which she saw a whole lot of people being shot and among them, her father. She also saw a man in black, walking in her house, after midnight. The spectre would always disappear near the staircase. Her dream came true, as on a May morning, in 1857, rebel sepoys attacked and killed many *firangis* including the girl's father. But she and her mother escaped.

In Chandni Chowk, a Sikh *sewadar* saw a vision of men hanging from gibbets that extended from Lal Mandir to Fatehpuri Mosque. Later, it turned out that the avenging British did hang many sepoys and others, they suspected of taking part in the revolt, from gibbets in the Chowk. The grandmother of Haji Zahur was troubled by dreams in which she saw dead bodies rotting in front of Gurudwara Sis ganj, with an overwhelming stench that seemed to persist, even after she woke up. As it turned out, the bodies of two sons and a grandson of Bahadur Shah Zafar, who had been killed by Lt. Hodson at the Khooni Darwaza, were thrown to rot in front of the gurudwara, at the spot now marked by Northbrook Fountain.

In Daryaganj, the "*nehar*" or canal that flowed through it was reportedly seen to be covered with blood by a relative of Sir Syed Ahmad Khan, or this is what his dream foretold. When Sir Syed, then 40 years old, came to inspect his house, after disturbances were quelled, he found it in a bad shape but whether the relative escaped, is not known. At the Khooni Darwaza or Lal Darwaza of Allauddin, a man, walking towards the Delhi Gate, one evening saw blood trickling down as though somebody had been murdered there. At a shrine near the Jamuna, a naked *faqir* was heard chanting, "*Mar, mar*" at the beginning of May 1857. Another *faqir* in Shahjahanpur made his *takia* (abode) ring with the same chant as did a sadhu in Jaipur's old cremation ground.


> In Karol Bagh, Rao Tula Ram School is a reminder of the brave ruler of Rewari whose ancestor, Rao Tej Singh, sided with Scindia at the Battle of Patparganj in 1803, which Lord Lake won for the British. After Tula Ram's defeat at the battle of Narnaul in November 1857, the gallant ruler joined Tantya Tope and in 1862, escaped to Russia. (Something that Netaji Subhas Chandra Bose was to emulate at the outbreak of World War II). Another hero of the Revolt was Raja Nahar Singh of Ballabgarh, who blocked the road to Delhi. 'This barrier of Delhi' admitted Sir John Lawrence to the Governor-General, Lord Canning, was very difficult to break unless "we receive reinforcements from China or England."

What does one make of these uncanny happenings? Do coming events cast their shadow, especially of macabre incidents? One doesn't know but then all the witnesses couldn't be lying. Incidentally, modern research has proved that the mind has infinite capacities of foresight. Maybe, what are termed as gloomy pre-"Mutiny" yarns, were not just balderdash.

In Ballimaran, the haveli of *Hakim* Ahsanullah Khan can still be seen with its old ambience preserved. The *hakim* was not only the personal doctor of Bahadur Shah Zafar but also his closest adviser. Some distance away from Lal Kuan is the Zeenat Mahal, ancestral home of the emperor's youngest wife, now turned into a school and not far from Mubarak Masjid, built by the Bibi of Gen Ochterlony, an ex-dancing girl. She later married a Mughal soldier, Wilayat Khan and took active part in the First War of Independence. In Karol Bagh, Rao Tula Ram School is a reminder of the brave ruler of Rewari whose ancestor, Rao Tej Singh, sided with Scindia at the Battle of Patparganj in 1803, which Lord Lake won for the British. After Tula Ram's defeat at the battle of Narnaul in November 1857, the gallant ruler joined Tantya Tope and in 1862, escaped to Russia. (Something that Netaji Subhas Chandra Bose was to emulate at the outbreak of World War II). Another hero of the Revolt was Raja Nahar Singh of Ballabgarh, who blocked the road to Delhi. 'This barrier of Delhi' admitted Sir John Lawrence to the Governor-General, Lord Canning, was very difficult to break unless "we receive reinforcements from China or England." According to Purushottam Salvi's book, "A Long Drawn War of Freedom", Nahar Singh tried to persuade Bahadur Shah to take refuge in Ballabgarh but the emperor refused and was captured at Humayun's tomb. However, Nahar Singh avenged the death of Zafar's sons and grandson at the hands of Hodson by killing a large number of *firangi* soldiers. Eventually, Nahar Singh was lured by the British to Delhi, on the pretext of helping them reach an agreement with Zafar. Once while he entered the city, he was captured and as he did not accept the hand of friendship extended to him, was hanged on his 35th birthday, Sept. 21, 1858.


One prince, who escaped the vengeful British was Feroz Shah, who had been away on *Haj*, when the revolt broke out. On his way to Delhi on Aug 26, 1857, the troops in Gwalior pleaded him to lead them. The prince agreed and captured Dhar but was later defeated and after joining Tope, managed to escape to Nepal. His, not so fortunate younger brother, was Mirza Nasir-ul-Mulk, who became a cripple and was reduced to begging. Besides, the more famous events of 1857, these remain half-forgotten episodes of those tumultuous times when Independence was almost achieved by the rebel sepoys and the marks of cannonading on the walls of the Kashmere Gate and the spot where the British magazine or ammunition store was blown up, are evidence of this.

rajeshsharma1049@gmail.com




Zafar mahal.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सात लाख का सोना लूटकर फरार हुये बदमाशों का नहीं लगा सुराग

## वारदात को लेकर स्वर्णकार समाज में रोष, रैली निकालकर ज्ञापन दिया


बीदासर में स्वर्णकार समाज के लोगों ने रैली निकाली।


बीदासर तहसीलदार को स्वर्णकार समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के मण्डी बाजार स्थित व्यस्ततम बाजार में बुधवार की दोपहर दिनदहाड़े विजय कुमार सोनी की दुकान से अज्ञात लुटेरों ने सोना लूटकर ले जाने के पुलिस थाने में दर्ज मामले में दो दिन गुजर जाने के बाद भी लूटेरों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पायाा है। इस कारण स्वर्णाभूषण कारोबारियों में आक्रोश व्याप्त है।

मामले को लेकर मैढ क्षेत्रिय स्वर्णकार संघ बीदासर के बैनर तले स्वर्णकार समाज ने घटना के विरोध में कस्बे के मुख्य मार्गों से पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दुपहिया वाहनों पर रैली निकाली। रैली के उपखण्ड कार्यालय पहुंचने पर स्वर्णकार समाज के लोगों ने घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए उपखण्ड कार्यालय में जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर लूट की वारदात में जल्द से जल्द कार्रवाई कर लूटेरों को गिरफ्तार करने और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करवाये जाने की मांग की है।

**■ दो दिन पहले हुई थी वारदात, पुलिस थाने में दर्ज कराया दिया था मामला**

मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार संघ के द्वारा कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि विजय कुमार सोनी की स्वर्णाभुषणों की दुकान से दिनदहाड़े दो अज्ञात लूटेरों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से करीब सात लाख रुपये कीमत के 116 ग्राम सोने की लूट कर ली गई। जिसका पुलिस थाने में उसी दिन मामला दर्ज करवा दिया गया था। लूटेरों द्वारा लूट कारित करने और लूट के बाद भागकर जाने की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को तुरंत उपलब्ध करवा दी गई जिसमें उक्त दोनों युवकों की स्पष्ट फोटो दिखाई दे रही है। लेकिन घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक उक्त लूटेरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बीदासर क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था के कारण आमजन में भय का माहौल है। दिनदहाड़े बीच बाजार में हुई इस लूट की घटना के बाद से स्वर्णाभूषणों के व्यापारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी चिन्ता है। स्वर्णकार समाज ने ज्ञापन के माध्यम से लूटेरों को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संघ के अध्यक्ष गणपतराम मौसूण, मंत्री गोविन्द सोनी, धर्मचन्द सोनी, रामेश्वरलाल तूनगर, रामलाल सोनी, विजय कुमार सोनी, गोपाल सोनी, एडवोकेट कालीचरण सोनी सहित स्वर्णकार समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राज्यीय बाइक चोर गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

## एक पिस्टल मय जिंदा कारतूस, 21 बाइक, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अंतर्राज्यीय बाइक चोर गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक पिस्टल मय तीन जिंदा कारतूस, 21 बाइक, दो बाइक के पार्ट्स व ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की है।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवनभूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक रजत विश्नोई के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए दिनेश पुत्र थावराराम निवासी जाडा सीमला बैकरिया, सुरेश पुत्र किसनाराम निवासी खोखरीया नाल बैकरिया तथा सुरेश पुत्र रामाराम निवासी सालिलिया को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध एक पिस्टल मय तीन जिंदा कारतूस, चोरी की गई 20 बाइक व दो बाइक के पार्ट्स तथा एक ट्रेक्टर ट्रोली जब्त की। प्रारंभिक पूछताछ में प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने शहर के कविता, चेतक सर्केल, प्रतापनगर, फतहसागर, चिकित्सालय परिसर, इसवाल, बैकरिया, देबारी, सुमेरपुर, सिरोही में बारीघाट, बुंदी में हिण्डोली, चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ से, सुमेरपुर पाली, खमनोर राजसमन्द से, सिरोही से, हिम्मतनगर गुजरात, जाडा सीमजा से हादसे में क्षतिग्रस्त हुए ट्रेलर के तिरपाल व टेंक से डीजल, स्वरूपगंज मंदिर से चोरी, रावलिया खुर्द से ट्रेक्टर चोरी, सायरा, चित्तौड़गढ़, धरियावद प्रतापगढ से, पिण्डवाड़ा जोधपुर रोड़ क्षेत्र में दुपहिया वाहन, मंदिरों से चोरी, ट्रेक्टर चोरी, पत्थरबाजी कर वाहन चालकों से नकदी लूट की करीब 40 से अधिक वारदातें करना कबूल किया है।

**■ आरोपियों ने लूट की करीब 40 से अधिक वारदातें करना कबूल किया**

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी मौजमस्ती व महंगी जीवनशैली के लिए राम के समय में अलग अहलग जगह घूमते रहते एवं मौका पाकर बाइक, ट्रैक्टर, जीप आदि वाहन चोरी करते। इस दौरान बीच रास्ते आने वाले मंदिरों में भी चोरी की वारदातें किया करते थे। रात में हाइवे पर से गुजरने वाले वाहनों पर पथराव कर तथा ढाबों पर खड़े तिरपालों को काट सामान चोरी, डिजल टेंक से डिजल चोरी की वारदातें करते थे। आरोपी दिनेश के खिलाफ पूर्व में चार प्रकरण तथा सुरेश के खिलाफ एक एक प्रकरण दर्ज है। इस मामले में पूर्व में रावलाराम पुत्र मल्लाराम जाट निवासी खोखरसर थाना गीडा बालोतरा एवं नारायणलाल पुत्र विष्णराम निवासी चाबा थाना शेरगढ़ जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### नाबालिग को बाल मजदूरी से मुक्त कराया

**करौली, (निसं)।** प्रयत्न संस्था,श्र म विभाग ग्रामीण विकास एवं प्रशिक्षण संस्था, पुलिस थाना कोतवाली के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को करौली कोतवाली थाना अंतर्गत ट्रक यूनियन के पास रवि आयरन वर्क्स से एक नाबालिग बच्चे को बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। मौके पर दुकान मालिक चेतन अग्रवाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। नियोक्ता के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करवा कर चाइल्डलाइन के माध्यम से बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति ने बालक की काउंसलिंग कर बाल ग्रह में प्रवेश दिया। कार्रवाई के दौरान श्रम विभाग के श्रम निरीक्षण माधव गोस्वामी, प्रयत्न संस्था के एडवोकेसी ऑफिसर राकेश कुमार तिवारी, चाइल्डलाइन के नलेश कुमार बैरवा, ग्रामीण विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के विजय मलिक एवं पुलिस थाना कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक मोहन सिंह मय जाब्ता मौके पर मौजूद रहे।

# वृद्धा को झांसा देकर सोने के गहने लूटे

**अजमेर, (कासं)।** क्लार्क टावर थाना क्षेत्र के केसरगंज में दिनदहाड़े शातिर दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोने के गहने उतरवाए और फरार हो गए। यह वारदात घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित महिला के पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश में जुट गई। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में रहने वाले वारदात की शिकार हरिजन बस्ती आशागंज निवासी पार्वती पत्नी प्रहलाद ने पुलिस में अज्ञात शातिर युवकों के खिलाफ रिपोर्ट देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज रिपोर्ट में प्रलहाद ने बताया कि उसकी पत्नी सुबह केसरगंज सब्जी मंडी में काम से गई थी, जहां उन्हें दो युवक मिले थे, जिन्होंने उन्हें बातों में उलझा लिया और वह उन्हें अपने साथ रिक्शे में बैठाकर हजारी बाग की ओर ले गए, जहां दोनों बदमाशों ने वृद्धा के गले से सोने का मंगलसूत्र, कान के सोने के टॉप्स व एक सोने की अंगूठी को उतरवा लिए और गहने समेट कर चंपत हो गए। इस दौरान वह कुछ समझ ही नहीं पाई और बदमाश भाग छूटे। पीड़िता ने बताया कि जब कुछ देर बाद होश आया तो उसे ठगी का अहसास हुआ। महिला ने परिजन को मामले में जानकारी दी। उसके बाद तुरंत क्लॉक टावर थाना पुलिस को मामले में रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**■ वारदात अंजाम देकर बदमाश फरार, पुलिस फुटेज के आधार पर तलाश में जुटी**

ऊसरी गेट पुलिस चौकी प्रभारी रामबाबू शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मय स्टाफ के मामले में जांच शुरू की, उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस बीच लगे सभी सीसीटीवी के फुटेज को भी चैक किया, जिसमें आरोपितों के फुटेज मिल गए, जिसके आधार पर वह आरोपितों की तलाश कर रहे हैं।

### पुलिस चौकी में कांस्टेबल ने लगाई फांसी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां पुलिस चौकी में एक कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इससे पुलिस महकमे में हडकंप मच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक करणी नगर स्थित पुलिस चौकी में कांस्टेबल ने फांसी लगाई है। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक मुक्ता प्रसाद थाने में कार्यरत कांस्टेबल पद पर तैनात आसूदास रामावत जो कि पिछले एक साल से करणी नगर में रह रहा था। आज दोपहर को अचानक उसने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। इसके बाद पुलिस महकमे में हडकंप मच गया है।

# युवक ने घर के आगे खड़ी स्कॉर्पियो चुराने की कोशिश की

## मालिक आया तो चाकू दिखाकर डराया, गंगाशहर थाने में मामला दर्ज कराया

**बीकानेर, (निसं)।** गंगाशहर थाना इलाके में घर के आगे खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी चुराने की कोशिश की गई। इसी बीच गाड़ी मालिक आ गया, तो उसे चाकू दिखाकर डराया और युवक भाग गया। पीडित नोखा रोड नया बस स्टैंड के पास रहने वाले विकास मारु के मुताबिक उसकी स्कोर्पियो गाड़ी घर के आगे खड़ी थी। वह लघुशंका करने के लिए बाहर आया। तब उसे गाड़ी को सेल्फ से स्टार्ट होने का आभास हुआ। शक हुआ, तो वह गाड़ी के पास गया। गाड़ी में देखा तो चालक सीट पर एक युवक बैठा था। युवक ने उसे देख कर चाकू निकाला और डराया।

परिवादी ने बताया कि युवक ने चाकू निकाल कर डराने का प्रयास किया। परिवादी ने उसे ललकारा, तो वह चाकू दिखाते हुए बस स्टैंड की तरफ भागा। यहां अंधेरे में एक बाइक पर पहले से दो युवक बैठ थे। वह भी बाइक पर चढ़ कर साथियों के साथ भाग गया। सारा घटनाक्रम घर के आगे लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है।

परिवादी विकास अखिल भारतीय श्री सेन चेतना मंच का अध्यक्ष है। दो साल पहले भी घर के आगे खड़ी उसकी कार के शीशे तोड़ दिए गए थे। बदमाश कार में रखे संगठन के लैटर पैड चुरा कर ले गए थे। नोखा रोड नया बस स्टैंड के आसपास भवन और दुकानें हैं। अति व्यस्त मार्ग है। भवनों में शादियों व अन्य कार्यक्रमों के चलते रौनक रहती है। इसके बावजूद बदमाश वाहन चोरी जैसी वारदात करने से डर नहीं रहे हैं।

# बेसहारा पशुओं का तेजी से बढ़ रहा कुनबा बन रहा सिरदर्द

**सायला, (निसं)।** सायला कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर तेजी से बढ रहा बेसहारा पशुओं का कुनबा लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। बेसहारा सांड लोगों को सींग मार चोटिल कर रहे हैं, मगर, जिम्मेदार इससे बेखबर लगते हैं।

उल्लेखनीय हैं कि कस्बे में पुराना एवं नया बस स्टेण्ड, गोलिया के आम चौहटा, उपखण्ड कार्यालय के पास, एचपी पेट्रोल पम्प के पास, माली समाज, पुलिस थाना मोड, अम्बे माता मन्दिर के पास, पोस्ट ऑफिस रोड, कात्यायनी माता मन्दिर के पास समेत स्टेट हाइवे पर बेसहारा पशुओं का जमावडा लगा रहता है। कस्बे में जगह जगह लगे इनके जमावड़े के कारण हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि कई वरिष्ठ जन और स्कूली बच्चे इनकी चपेट में आकर चोटिल हो चुके हैं। कई दुपहिया वाहन चालक सांडों के टकराने से अपनी जान भी गंवा चुके है।

बेसहारा पशुओं की बढती आबादी की गहराई समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग के लोग इसका हल तलाशने में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। पुराना बस स्टेण्ड पर सब्जी मण्डी में बेसहारा पशुओं की बढ़ती रेलमपेल समस्या का कारण बनी हुई है। हालांकि बेसहारा पशु अपनी उदरपूर्ति के लिए मारे मारे फिरने को मजबूर है, उन्हें भी सहारे की जरूरत है तो सहारा देने वाले इनकी बढ़ती संख्या से परेशान है। सब्जी मण्डी में सब्जी लेने के लिए आने वाले लोगों को सावधानी बरतनी पड़ती है। लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि न केवल उपखण्ड बल्कि स्थानीय संस्थानों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। बेशहारा पशुओं की चपेट में आने से होने वाले हादसों के लिए मुआवजा राशि अधिकारियों की जेब से देने का सरकार को प्रावधान बनाना चाहिए।

# गोधाम पथमेड़ा की देशभर में गोशालाओं की बैठक

**जालोर/रेवदर, (कासं)।** गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास के प्रशासनिक कार्यालय मनोरमा गोलोकतीर्थ नन्दगांव केसुआ में न्यास की ओर से सिरोही, सांचोर, जालोर, बनासकाठा तथा गोआभ्यारण मालवा में संचालित 64 गोशालाओं की सयुंक्त बैठक गौऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज के सानिध्य आहुत की गई।

इस बैठक में श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेङा संरक्षक मण्डल के सदस्य महंत रविन्द्रानंद महाराज, नंदरामदास महाराज, रामरतनदास महाराज, दयानंद महाराज, संत बलदेवदास, संत गोपालदास महाराज, स्वामी महादेवानंद महाराज तथा साधक कमलसिंह सोढा सहित संबंधित गोशालाओं के अध्यक्ष मंत्री और कोषाध्यक्ष में सुझाव दिए। बैठक में गोसेवा कार्यो पर निर्णयात्मक विचार-विमर्श करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए। इस समय सर्दी बढ़ रही है इसलिए सभी गोशालाओं में विद्यमान गौवंश को सुखा घास चारा के साथ पोष्टिक आहार का मिश्रण करना आवश्यक है। जब तक पोष्टिक आहार की आपुर्ति नहीं होती है, तब तक गर्म जल में गुङ गाल कर प्रात:काल से संपूर्ण गौवंश के चारा में मिलाना प्रारंभ कराने का प्रस्ताव पारित करते हुए उसको क्रियान्वित करना सुनिश्चित किया गया।

जैसलमेर, गंगानगर, दौसा सहित राजस्थान, गुजरात तथा मध्यप्रदेश में घास चारा क्रय व संकलन अभियान को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न गोशालाओं के संरक्षक संत महात्माओ के सान्निध्य में गोभक्त कार्यकर्ताओं के समुह को भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया। गीता जयन्ती से दत्त जयन्ती पर्यन्त होने वाले कामधेनू कल्याण महोत्सव के लिए भगवद विग्रह पाटोत्सव की तैयारियों करने के लिए आज ही पांच मनोरथी निश्चित करते हुए एक आयोजन समिति का गठन किया गया।

### सिर पर लोहे का पाइप मारा

**जोधपुर, (कासं)।** आपसी विवाद के चलते बाइक सवार युवक को रूकवाकर उस पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया गया। बाद में मरा समझ कर बदमाश भाग गए। पीड़ित को होश आने पर अब नाजमद लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

झंवर पुलिस ने बताया कि खुडाला निवासी दिलीप सिंह पुत्र पर्वत सिंह अपने भाई कालूसिंह के साथ में बाइक पर सवार होकर बसंत फैक्ट्री से भाण्डू की तरफ से जा रहे था। तब खुडाला - भाण्डू के बीच में एक बाइक पर पीछे से तीन युवक आए और उसके बाइक के आगे अपनी बाइक को लगा दिया। फिर नाम पूछा और लोहे के पाइप से हमला किया। पहला वार सिर पर किया और फिर कई बार पाइप से हमला करते रहे। पीड़ित दिलीप सिंह को उसके भाई और अन्य लोगों की मदद से मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। होश आने पर उसने दो युवकों जिनमें साबिर खां और मंगलेश को नामजद करते हुए रिपोर्ट दी। इनके साथ में एक और युवक भी था, जिसे वह नहीं जानता है। पुलिस ने हत्या प्रयास में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ की है। आरंभिक पड़ताल में बताया कि इनके बीच कोई रंजिश है जिसके चलते यह हमला किया गया है।

# युवक ने आत्महत्या की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** शहर की वाडिय़ा कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर बाद एक युवक ने अपने ही घर में खुद के मुंह में सुतली बम लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

जानकारी अनुसार वाडिय़ा कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय हिमांशु पुत्र स्व. जगदीशप्रसाद गोयल ने शुक्रवार दोपहर बाद खुद के मुंह में सुतली बम रखकर माचिस की तीली लगाकर फोड़ दिया। घटना के समय मां लता बाथरूम में स्नान कर रही थी। हिमांशु ने घर एवं बाथरूम का दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया था जिसे मां बाहर नहीं निकल पाई। सुतली बम के धमाके की आवाज सुनने के बाद मां चिल्लाई, किंतु घर बंद होने से कोई भीतर नहीं जा पाया।

इसी दौरान मृतक की बहन पीहर आयी तो घर अंदर से बंद होने और मां को चिल्लाहट सुन उसने आस-पड़ोस के लोगों को बुलाया। इसके बाद जाली लगा गेट तोडक़र अंदर गए तो हालात देखकर उनके होश फाख्ता हो गए। सूचना पर पुलिस व एफएसएल टीम पहुंची। वहीं मृतक की मां व बहन को समीप ही एक अन्य कॉलोनी में निवासरत मामा के घर भेजा। पुलिस ने मौका पर्चा तैयार किया और शव को मुर्दाघर भिजवाया। बताया गया कि मृतक के पिता की कई वर्षों पहले मृत्यु हो चुकी है। मां कुछ माह पहले शिक्षिका के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। गत चार दिसंबर को ही उसकी बहन की शादी हुई थी।

### साक्षात्कार का चतुर्थ चरण 13 से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) भर्ती 2019 के पदों के लिए साक्षात्कार का चतुर्थ चरण 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि चतुर्थ चरण में 162 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं।

# बजरी खनन करते जेसीबी सहित दो डंपर पकड़े

**बालोतरा, (निसं)।** अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस एसपी हरिशंकर निर्देश अनुसार डीएसटी टीम ने भिडाकुआ कार्रवाई की है। टीम ने जसोल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बजरी खनन करते हुए एक जेसीबी सहित दो डंपर को जब्त किया है।

शुक्रवार को डीएसटी टीम प्रभारी ओमाराम देवडा और पुलिस जवानों ने शाम गश्त दौरान भिंडा कुआ जसोल थाना क्षेत्र से खनन व नाजायज परिवहन करते दो डंपर,एक जेसीबी को डिटेन कर जसोल पुलिस को सुपुर्द किया। इसकी सूचना खनिज विभाग को दी। डीएसटी टीम ने बताया कि अवैध बजरी खनन करने वाले वाहनों को जब्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से अवैध खनन में लगे लोगों में हडकंप मच गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और खनन माफियाओं पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### पति के दोस्त पर रेप का आरोप

**भीलवाड़ा (निस)।** जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के दोस्त पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। मांडलगढ़ थाने के ए.एस.आई. गोपाल लाल ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 33 वर्षीय महिला ने गुलाब नबी के खिलाफ रिपोर्ट दी, जिसमें महिला ने आरोप लगाया कि आरोपित व्यक्ति उसके पति का दोस्त है और उसका महिला के ससुराल और पीहर दोनों जगह आना-जाना है। करीब एक साल पहले जब महिला घर में अकेली थी तो गुलाब नबी वहां आया और उसके साथ जबरन संबंध बनाए। महिला ने घटना के बारे में परिजनों को बताने की बात कही तो आरोपित ने उसे शादी का झांसा दिया और लगातार दबाव बनाता रहा। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

**■ महिला ने मामला दर्ज करवाया**

# ऑनलाईन ठगी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** बीमा पॉलिसी देने का झांसा देकर पीडित से लाखों की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित गुलाबचंद सेनी पुत्र मोहनलाल सेनी निवासी बंजारा बस्ती बीएसएनएल कॉलोनी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैने अपने व पुत्र-पुत्री के नाम पर बीमा पॉलिसी ले रखी थी। जो मार्च 2023 में निरस्त कराई थी। उसके कुछ ही समय बाद अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उक्त पोलिसी लेने के लिए अलग से पॉलिसी लेने पर ही भुगतान मिलने की बात कही। इस पर उसके कहे अनुसार जानकारी उपलब्ध कराई। इस पर खाते से 36 लाख रूपये निकाले जाने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

**■ बीमा पॉलिसी देने का झांसा देकर लाखों की ठगी**

**मोबाइल छीन भागे :-** हिरणमगरी थाना पुलिस ने सुरभि मैनारिया पत्नी अनीष धींग निवासी जेसी नगर से. 4 की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीडिता ने बताया कि 30 नवंबर सवेरे घुमने के लिए जा रही थी। जहां सबसिटी सेंटर के समीप बदमाश मोबाईल छीन ले गए। पुलिस जांच में जुटी है।

**मोबाईल चोरी :-** सविना थाना पुलिस ने हनुमान गली पीपली चौक गारियावास निवासी मोहित परिहार पत्रु राजु परिहार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी डी ब्लॉक सेक्टर14 में दुकान है। 7 दिसंबर रात में अज्ञात चोर दुकान की छत से टीनशेड हटा अंदर घुस मोबाईल चुरा ले गए। चोरी गए माल की जानकारी बाद में देने की रिपोर्ट दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### कुंड में डूबने से विवाहिता की मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** कुंड से पानी निकालने के दौरान पैर फिसलने से विवाहिता की मौत हो गई। कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल हरिशंकर शर्मा ने बताया कि साजिद अली पुत्र मो. मुंशी निवासी वार्ड नं. 51 सुजानगढ़ ने रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्री फरजाना पत्नी हासिम खोखर, निवासी वार्ड नं. 11 सुजानगढ़ अपने घर में बने कुंड से पानी निकाल रही थी। इस दौरान पैर फिसलने से वह कुंड में गिर गई, जिससे पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई।

## महिलाओं ने चोरी की

**नोहर, (निसं)।** खरीदारी के बहाने महिलाएं चोरी करने पहुंच गई। पांच अज्ञात महिलायें गुरुवार को बाजार से दो दुकानों से खरीदारी के बहाने समान चुरा ले गई। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई जिस पर दुकानदार नें बस स्टैंड तक पीछा कर चोरी करने वाली महिलाओं के बारे में पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में पुलिस थाना में परिवाद दिया गया।

# एक व्यक्ति को बंधक बनाकर जान से मारने का प्रयास

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बेरी बांध निवासी दो लोगों द्वारा एक व्यक्ति को बंधक बना कर पत्थर से कुचल कर जान से मारने के प्रयास का मामला घायल के पुत्र द्वारा जिले के थाना प्रागपुरा में दर्ज कराया गया है।

पुलिस के अनुसार राकेश पुत्र महावीर शर्मा ने रिपोर्ट में बताया है कि गत देर शाम करीब 6:30 बजे उसके पिता महावीर शर्मा को संतराम पुत्र कैलाश भेड़ी जाति गुर्जर निवासी बेरी बांध ढ़ाणी कुण्डा व सुनिल पुत्र जुगल किशोर आर्य घर से गाड़ी में बैठा कर ले गये और जान से मारने की नियत से उसके पिता को बंधक बना कर दोनों ने मारपीट की व उसके सिर पर भारी पत्थर डाल दिया जिससे उसके पिता की एक आंख बाहर आ गई व चेहरा खून से लहूलुहान हो गया।


अस्पताल में भर्ती घायल व्यक्ति का उपचार किया।

रिपोर्ट में यह भी आरोप है कि आरोपी उसके पिता को रस्सी से बांध कर सड़क से करीब 25-30 फीट दूर झाड़ियों में डाल कर भाग गये। करीब 7:55 पर घटना का पता लगा तो वह अपने पिता को लहूलुहान स्थिति में बीडीएम जिला अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति में उसे जयपुर रैफर कर दिया। जहां चन्दवाजी स्थित निम्स अस्पताल में उसके पिता का ईलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**■ पत्थर से कुचल कर जान से मारने के प्रयास का मामला दर्ज**



गौतम ने उन्हें मैच के दौरान फिक्सर कहा।

- एस. श्रीसंत

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज, ग्राउंड पर गंभीर के साथ हुई नोक-झोंक पर सफाई देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** सिकंदर रजा



**जिम्बाब्वे** को घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीत मिली। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को 1 विकेट से हरा दिया। साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली है। जिम्बाब्वे के जीत के हीरो ऑलराउंडर सिकंदर रजा रहे। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 4 ओवर में 28 रन खर्च कर आयरलैंड के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा उसके बाद बल्लेबाजी में हाथ दिखाए। उन्होंने 44 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 65 रन की पारी खेली। ब्लेसिंग मुजरबानी ने आखिरी बॉल पर दो रन टीम को दिलाई जीत

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय मैच में पहला शतक 1972 में इंग्लैंड के डेनिस एमिस ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ओल्ड ट्रेफर्ड में बनाया था (134 गेंदों पर 103 रन)।

## बीबीएल में ग्लेन मैक्सवेल चोटिल होकर अगले मुकाबले से हुए बाहर

मेलबर्न, 8 दिसंबर। मेलबर्न स्टार्स को बिग बैश लीग (बीबीएल) में खराब शुरुआत से वापसी करने की उनकी उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा उसके बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल बांह में चोट लगने के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच से बाहर हो गए हैं। प्रतियोगिता की शुरूआती रात में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय मैक्सवेल को अपनी बांह में चोट लग गई। इस दौरान मैक्सवेल ने 14 गेंदों में 23 रन बनाये थे। इस मुकाबले में स्टार्स को 103 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल की अनुपस्थिति से मार्कस स्टोइनिस पर बल्लेबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करने की अधिक जिम्मेदारी होगी। स्टार्स का अगला मुकाबला बुधवार को एमसीजी में स्कॉर्चर्स से होगा। फिर उनके अगले मैच तक 10 दिन का अंतराल होगा, 23 दिसंबर को एल्बरी में सिडनी थंडर से मुकाबला है। इस दौरान मैक्सवेल को ठीक होने का समय मिल जायेगा और उन्हें केवल एक मैच से बाहर रहना पड़ेगा।

## जमशेदपुर एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा

जमशेदपुर, 8 दिसंबर। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद जमशेदपुर एफसी ने मुकाबले में वापसी करते हुए चेन्नईयिन एफसी को 2-2 से ड्रा पर रोक दिया। गुरुवार रात यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले के नौवें मिनट में फारुख चौधरी ने पहला और उसके बाद निन्थोइंगनबा मीतेई ने 40वें मिनट में दूसरा गोलकर चेन्नईयिन एफसी की बढ़त दोगुनी कर दिया। वहीं जमशेदपुर एफसी के लिए पचुआउ लालडिनपुइया ने 45वें मिनट और डेनियल चीमा ने 90वें मिनट में एक-एक गोल दागकर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर लाकर ड्रा करा दिया। चेन्नईयिन एफसी बुधवार को घरेलू मैदान पर बेंगलुरु एफसी से भिड़ेगी तथा शनिवार को जमशेदपुर एफसी का भी बेंगलुरु एफसी से मुकाबला होगा।

## सड़क हादसे में कबड्डी खिलाड़ी की मौत

मोगा, 8 दिसंबर। पंजाब के मोगा जिले के मांगेवाला गांव की एक कबड्डी खिलाड़ी की शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतका शिनाख्त जसबीर कौर के रूप में की गई है। वह दो माह की गर्भवती थी। हादसे के वक्त वह अपने ससुर रणजीत सिंह के साथ स्कूटी पर तलवंडी भाई में एक कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेने जा रही थी। रास्ते में आगे जा रही मिट्टी से भरी टैक्टर ट्रॉली से आगे निकलते वक्त उसकी स्कूटी अचानक सामने आये एक गढ्डे में गिर गई। इस दौरान दोनों ही नीचे गिर गये लेकिन जसबीर टैक्टर टॉली के टायरों की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के रिश्तेदार निर्भय सिंह ने बताया कि जसवीर कौर की शादी करीब दो वर्ष पहले मंगेवाला निवासी गुरचरण सिंह के साथ हुई थी। वह कबड्डी की अच्छी खिलाड़ी थीं। जसवीर का गत वर्ष शिरोमणि अकाली दल की ओर से आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में विश्व कप जिताने में अहम योगदान था। थाना सदर की महिला प्रभारी वीरपाल कौर ने बताया कि जसबीर के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## राउंडग्लास पंजाब और घुम्मनहेड़ा राइडर सब जूनियर अकादमी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन (जोन ए) में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने सब जूनियर वर्ग में अपना मुकाबला जीतकर पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। आज यहां सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 10-1 से हराया। घुम्मनहेरा राइजर्स अकादमी के लिए युवराज सिंह ने छठें मिनट में पहला गोल किया, लेकिन यह खेल में उनके लिए गौरव का एकमात्र क्षण था। उसके बाद राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने 10 गोल दागे। राउंडग्लास पंजाब हॉकी की ओर से अमनदीप ने 14वें, 47वें, 49वें मिनट में, सनी ने 36वें, 60वें, चरणजीत सिंह ने आठवें, गुरजोत सिंह ने 11वें, सैमुअल ने 16वें, राजभर साजन ने 27वें मिनट में और आरएचए के रूप में वरिंदर सिंह ने 51वें मिनट में गोला दागा। इस जीत के साथ ही राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी ने पूल बी में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। घुम्मनहेरा राइजर अकादमी हार के बावजूद अपने पूल में दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। पहला सेमीफाइनल एचएआर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी के बीच खेला जायेगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी और राजा करण हॉकी अकादमी के बीच होगा।

# आखिरी गेंद पर जीती जिम्बाब्वे, टी-20 मैच में आयरलैंड को 1 विकेट से हराया




हरारे, 8 दिसंबर। जिम्बाब्वे को घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीत मिली। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को 1 विकेट से हरा दिया। साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली है। जिम्बाब्वे के जीत के हीरो ऑलराउंडर सिकंदर रजा रहे। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 4 ओवर में 28 रन खर्च कर आयरलैंड के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा उसके बाद बल्लेबाजी में हाथ दिखाए। उन्होंने 44 गेंदों पर 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 65 रन की पारी खेली।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर खेले गए इस मैच में आयरलैंड ने जिम्बाब्वे के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा था। जिम्बाब्वे को आखिरी ओवर में जीत के लिए 9 रन की जरूरत थी। टीम का स्कोर 19 ओवर के बाद 8 विकेट पर 139 रन था। आयरलैंड को जीत के लिए दो विकेट की जरूरत थी।

आयरलैंड की ओर से आखिरी ओवर में गेंदबाजी बैरी मैकार्थी कर रहे थे। पहली गेंद पर ट्रेवर ग्वांडू ने कोई रन नहीं लिया। दूसरी गेंद पर 2 रन बने। तीसरी गेंद पर 3 रन बने और चौथी गेंद पर रिचर्ड नगारवा ने चौका जड़ दिया। पांचवीं गेंद पर नगारवा आउट हो गए। ऐसे में आखिरी गेंद पर टीम को जीत के लिए 2 रन चाहिए थे। ब्लेसिंग मुजरबानी ने आखिरी गेंद पर 2 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

148 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसको पहला झटका 15 रन पर लगा। तदिवानाशे मरुमणि 6 गेंदों का सामना कर 1 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं जिम्बाब्वे को दूसरा झटका 21 रन लगा। सीन विलियम्स भी 4 रन बनाकर आउट हो गए। ओपनर वेस्ले मधेवेरे भी 53 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए।

वहीं दूसरी ओर कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभाले रखा। वेस्ले मधेवेरे 26 गेंदों पर 25 रन बनाए। वहीं विकेटकीपर क्लाइव मडांडे ने 11 गेंदों पर 20 रन बनाए। रजा ने 42 गेंदों का सामना कर 65 रन बनाए। सिकंदर 18.3 ओवर में आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 8 विकेट पर 137 रन हो गया था।

आयरलैंड की ओर से मार्क एडेर, जोशुआ लिटिल, बैरी मैकार्थी और क्रेग यंग ने 2-2 विकेट चटकाए। इससे पहले जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर आयरलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आयरलैंड की ओर से ओपनर एंड्रयू बालबिर्नी ने सबसे ज्यादा 32 रन की पारी खेली वहीं हैरी टेक्टर 21 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर लोरकन टकर ने 21 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पॉल स्टर्लिंग 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए जबकि नगारवा और मुजारबानी के खाते में दो दो विकेट गए।

# भारत ने अंडर-19 एशिया कप में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

दुबई, 8 दिसंबर। अर्शिन कुलकर्णी की नाबाद 70 रन की अर्धशतकीय पारी और मुशीर खान के 48 रनों की धैर्य पूर्ण पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां अंडर 19 एशियाकप के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हरा कर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट तीसरे ओवर में आदर्श सिंह 14 रन के रूप में गंवा दिया था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये रूद्र पटेल भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

कप्तान उदय सहारन भी अधिक देर तक नहीं टिक सके और बीसवें ओवर में 20 रन पर जदरान की गेंद पर नुमान शाह को कैच थमा बैठे। लेकिन कुलकर्णी एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने मुशीर खान के साथ विजयी साझेदारी की। मुशीद 48 और कुलकर्णी 70 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों के संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 37.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

अफगानिस्तान की ओर से बशीर अहमद, वहीदुल्लाह जादरान और खलील अहमद को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले राज लिम्बानी और अर्शिन कुलकर्णी के तीन-तीन विकेटों की घातक गेंदबाजों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को 173 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर वफीउल्लाह तराखिल 15 रन का विकेट खो दिया। तराखिल को लिम्बानी ने बोल्ड आउट किया। जमशेद जदरान और सोहिल खान ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को 75 रन तक पहुंचा। लेकिन 19 ओवर में सोहिल खान 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उसके बाद जदरान 43 रन को 23वें ओवर में अभिषेक ने बोल्ड कर अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया।

अकरम मोहम्मदजई 20 रन, नुमान शाह 25 रन, मोहम्मद यूनुस ने 26 रन बनाये। कप्तान नसीर खान मारूफखिल पांच रन ही बना सके और खलील अहमद नौ रन बनाकर नाबाद रहे। रहीमुल्लाह जुर्मती, वहीदुल्लाह जादरान और बशीर अहमद शून्य पर आउट हुये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 173 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी। भारत की ओर से राज लिम्बनी और अर्शिन कुलकर्णी ने तीन-तीन विकेट चटकाये। नमन तिवारी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया तथा मुरुगन अभिषेक और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला।

### विमेंस प्रीमियर लीग के लिए नई कमेटी बनी

## अध्यक्ष रोजर बिन्नी इसके प्रमुख, जय शाह, धूमल सहित आठ सदस्य शामिल

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से विमेंस प्रीमियर लीग को बेहतर बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। अध्यक्ष रोजर बिन्नी को ही इसका प्रमुख बनाया गया है। जबकि सचिव जय शाह को इसका संयोजक बनाया गया है।

इस कमेटी में चेयरमैन अरुण धूमल को भी शामिल किया गया है। इनके अलावा राजीव शुक्ला, आशीष शेलार, देवाजीत सैकिया, मधुमति लेले और प्रभतेज भाटिया के नाम शामिल हैं। दूसरे सीजन के लिए मिनी ऑक्शन 9 दिसंबर को मुंबई में होगा। ऑक्शन के लिए 165 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी हैं। विदेशियों में 15 प्लेयर्स एसोसिएट नेशंस की भी हैं। 5 टीमों में फिलहाल 30 प्लेयर्स की ही जगह खाली है, जिनमें 9 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए रिजर्व है। टूर्नामेंट अगले साल फरवरी के तीसरे सप्ताह में शुरू हो सकता है। इसके मार्च में दूसरे सप्ताह तक खत्म होने की संभावना है। ऑक्शन में रजिस्ट्रेशन कराने वाली 165 प्लेयर्स में 56 को टी-20 इंटरनेशनल खेलने का अनुभव हैं। 109 प्लेयर्स अनकैप्ड हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। ऑक्शन में 61 विदेशी प्लेयर्स रहेंगी, जिनमें एसोसिएट नेशंस की 15 प्लेयर्स भी शामिल हैं।

# आईसीसी ने वर्ल्डकप फाइनल की पिच को अच्छा नहीं माना

## 6 मैचों की 4 पिचों को औसत रेटिंग दी, इनमें 5 में भारत खेला

दुबई, 8 दिसंबर। वनडे वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच जिस पिच पर खेला गया था, वह वर्ल्ड क्लास पिच नहीं थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसे औसत रेटिंग दी है। ने कुल 6 मैचों की पिचों को औसत रेटिंग दी गई है। इनमें से 5 मैच भारत ने खेले थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए भारत के दो मैचों की पिच को औसत रेटिंग मिली है। इनमें से एक 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया था, इसमें भारत 7 विकेट से जीता था।

दूसरा मैच 19 नवंबर को फाइनल खेला गया था, इसमें भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी थी। भारत ने बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 50 ओवर में 240 रन बनाए थे। इस मैच में ओपनर शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर पाए थे।

कप्तान रोहित शर्मा ने 47, कोहली ने 54 और केएल राहुल ने 66 रन बनाए थे। वहीं 241 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया था। ओपनर ट्रैविस हेड ने 120 गेंदों पर 137 रन की पारी खेली थी। जबकि मार्नस लाबुशेन ने 110 गेंदों पर नाबाद 58 रन की पारी खेली थी।

फाइनल से पहले इस पिच को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाए थे। फाइनल से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने इस पिच को बेहतर बताया था। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए दो मैचों की पिचों को औसत माना है। इनमें से एक मैच 5 नवंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। भारत यह मैच 243 रन से जीता था। दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया सेमीफाइनल था। ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 3 विकेट से हराया था।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने श्रीसंत को लीगल नोटिस भेजा

### गंभीर से लड़ाई के बाद लिया गया ऐक्शन

*नई दिल्ली, 8 दिसंबर। लीजेंड्स लीग क्रिकेट कमिश्नर ने टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को लीगल नोटिस भेजा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नोटिस में कहा गया है कि श्रीसंत ने कॉन्ट्रैक्ट तोड़ा है। श्रीसंत ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें गौतम गंभीर को निशाना बनाया गया है, उसे हटाने की मांग की गई है। बुधवार, 6 दिसंबर को 2023 एलिमिनेटर मैच में श्रीसंत और गंभीर की नोक झोक हो गई थी। मैच के बाद श्रीसंत ने गंभीर पर आरोप लगाए हैं। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि गौतम ने उन्हें मैच के दौरान फिक्सर कहा। श्रीसंत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। वीडियो में उन्होंने पहले फैंस का शुक्रिया किया और ग्राउंड पर गंभीर के साथ हुए नोक-झोंक पर सफाई देते हुए गंभीर को लड़ाकू बताया और कहा कि गंभीर लड़ते रहते हैं, उनका हमेशा अपने साथियों के साथ लड़ाई होती रही है। 6 दिसंबर को खेले गए इस मैच में इंडिया कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पारी के दूसरे ओवर में गुजरात जायंट्स की ओर से श्रीसंत कर रहे थे, जबकि स्ट्राइक पर गौतम गंभीर थे। गंभीर ने ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़ा और अगली गेंद पर चौका जमाया। तीसरी गेंद डॉट रही। चौथी गेंद पर भी गंभीर कोई रन नहीं बना सके। इस पर श्रीसंत ने गंभीर को घूरकर देखा। गंभीर ने तुरंत इसका जवाब दिया और कहासुनी शुरू हो गई। श्रीसंत पर -2013 में स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में उनकी कथित लिप्तता के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड की अनुशासनात्मक समिति ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था। बाद में हाई कोर्ट ने 2019 में इस प्रतिबंध को घटाकर 7 साल का कर दिया था। श्रीसंत और भज्जी का विवाद 2008 में हुआ था। तब श्रीसंत किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए खेलते थे और हरभजन मुंबई इंडियंस के लिए खेला करते थे। इन दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि हरभजन ने श्रीसंत को लाइव मैच में थप्पड़ मार दिया था।*

# अंडर-19 एशिया कप में पाक ने नेपाल को सात विकेट से हराया

दुबई, 8 दिसंबर। पाकिस्तान ने लंबू गेंदबाज मोहम्मद जीशान ने छह विकेटो और उसके बाद अजान अवैस नाबाद 56 रन और साद बेग की 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत शुक्रवार को अंडर 19 एशियाकप में नेपाल को सात विकेटों से हरा दिया है। पाकिस्तान की टीम ने 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 26.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान 153 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

पाकिस्तान के लिए अवैस ने नाबाद 56 रन,बेग ने 50 रन, शाहजेब खान ने 15 रन और मोहम्मद जीशान ने 20 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन शून्य पर आउट हुये। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने लंबू गेंदबाज जीशान की घातक गेंदबाजी की बदौलत पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। नेपाल की ओर से उत्तम मगर ने 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

उन्हें आमीर हसन ने आउट किया। दीपेश कंडेल ने 31 रन बनाये, तथा अर्जुन कुमाल ने 21 रनों की पारी खेली। जीशान ने सलामी बल्लेबाज अर्जुन, कप्तान देव, दीपेश, बिशाल, बिपिन रावत और आकाश चंद का विकेट झटके। नेपाल की पूरी टीम 47.2 ओवर में 152 रन ही बनाकर ऑलआउट हो गई।

# पंजाब किंग्स से जुड़े संजय बांगर, सात साल बाद फ्रेंचाइजी में हुई वापसी



नई दिल्ली, 8 दिसंबर। पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। संजय बांगर इससे पहले भी फ्रेंचाइजी के साथ काम कर चुके हैं। संजय 2015 और 2016 में मुख्य कोच के रूप टीम से जुड़े थे और 2014 में फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे।

संजय बांगर ने प्रेस रिलीज में कहा, पंजाब किंग्स के साथ दोबारा जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हमारे पास कोर खिलाड़ी मौजूद हैं, क्योंकि इस साल हमने सबसे कम खिलाड़ियों को रिलीज किया है। स्क्वॉड को सर्वश्रेष्ठ सपोर्ट देने की चुनौती है और सीजन के बाद टीम को मजबूत और सफल बनाने पर। संजय बांगर 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में शामिल हुए थे। इसके बाद साइमन कैटिच के टीम से बाहर होने पर उन्हें मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके देखरेख में आरसीबी खिताब नहीं जीत पाई, लेकिन दो बार प्लेऑफ में पहुंची। संजय मांजरेकर ने टीम मैनेजमेंट को दिया बड़ा सुझाव, ओपनिंग जोड़ी के साथ तीसरे नंबर के खिलाड़ी का नाम बताया।

संजय बांगरके रहते हुए पंजाब किंग्स 2014 में उपविजेता रही, लेकिन अगले दो संस्करणों में तालिका में सबसे नीचे रही।आईपीएल 2024 के लिए नीलामी से पहले पंजाबकिंग्स ने फिनिशर शाहरुख खान सहित केवल पांच खिलाड़ियों को रिलीजकिया, जिससे उन्हें 9 करोड़ रुपये मिले। नीलामी के लिए उनके पास 29.1 करोड़ रुपये का पर्स है। बांगरटीम के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस के साथ मिलकर काम करेंगे और दोनों 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए योजना बनाएंगे।

## एशिया कप में भारत का विनिंग आगाज

### ऑलराउंडर अर्शिन कुलकर्णी ने लूटी महफिल

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) अंडर-19 मेंस एशिया कप 2023 का आगाज हो चुका है। पहले दिन पाकिस्तान और भारत दोनों ने विनिंग आगाज किया है। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की, जबकि पाकिस्तान ने भी नेपाल को सात विकेट से ही हराया। भारत की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने अपने ऑलराउंड खेल से सबका दिल जीत लिया।

अर्शिन ने पहले गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में महज 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए और फिर बैटिंग के दौरान नॉचआउट 70 रनों की पारी खेली। उनके ऑलराउंड खेल ने सबका दिल जीत लिया। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान को 50 ओवर में 173 रनों पर समेट दिया। अफगानिस्तान की ओर से जमशिद जदरान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जवाब में भारत ने 37.3 ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

अर्शिन 70 जबकि मुशीर खान 48 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत ने 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 76 रनों तक तीन विकेट गंवा दिए थे। आदर्श सिंह 17 रन बनाकर आउट हुए थे। अर्शिन हालांकि एक छोर संभाले रखे। रुद्र पटेल के रूप में भारतीय टीम को दूसरा झटका लगा था, जबकि कप्तान उदय सहारन भारत की ओर से आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे।

ऐसा लग रहा था कि अफगानिस्तान की टीम कुछ उलटफेर कर सकती है, लेकिन अर्शिन और मुशीर ने इसके बाद काफी सूझबूझ से बैटिंग की और भारत को एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप के पहले मैच में जीत दिलाई। वहीं पाकिस्तान वर्सेस नेपाल मैच की बात करें, तो नेपाल की टीम 152 रनों पर ही ऑलआउट हो गई थी।

## // संजय मांजरेकर ने टीम मैनेजमेंट को दिया बड़ा सुझाव //

# ओपनिंग जोड़ी के साथ तीसरे नंबर के खिलाड़ी का नाम बताया

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का पहला मैच रविवार (10 दिसंबर) को खेला जाएगा। सीरीज शुरू होने से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारत के प्लेइंग कॉम्बिनेशन को लेकर सुझाव दिया है। मांजरेकर का मानना है कि टीम मैनेजमेंट को यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ के साथ बने रहना चाहिए और शुभमन गिल को नंबर तीन पर रखना सही रहेगा। यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान बतौर ओपनर मौका दिया गया था। रोहित शर्मा और शुभमन गिल को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया था। यशस्वी और ऋतुराज की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। गायकवाड़ पांच मैच में 223 रन बनाकर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। गिल की वापसी से टीम मैनेजमेंट के लिए चयन सिरदर्द हो गया है। क्योंकि गिल ने टी20 इंटरनेशनल में हमेशा ओपनिंग की है। गिल ने 11 मैच में 304 रन बनाए हैं। हालांकि संजय मांजरेकर को लगता है कि शुभमन गिल अपनी जगह को बदल सकते हैं। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में संजय ने कहा कि वह जायसवाल और ऋतुराज को ओपनिंग और गिल को तीसरे नंबर पर देखना चाहेंगे। संजय मांजरेकर ने कहा, क्या भारत ऋतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी के साथ छेड़छाड़ करेगा? हालांकि शुभमन गिल के पास अच्छा रिकॉर्ड है। मेरा मानना है कि जयसवाल और रुतुराज गायकवाड़ बने रहेंगे और शुबमन गिल नंबर 3 पर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं सूर्यकुमार यादव को नंबर चार पर देखूंगा। फिर आपको पास तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और श्रेयस अय्यर हैं। ये आपका बल्लेबाजी क्रम है। इसमें गहराई है। मैं ईशान किशन को इसमें कैसे शामिल करूंगा, मैं संघर्ष कर रहा हूं।

**टी-20 मैचों के लिए भारत की टीम:** यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा (वीसी), दीपक चाहर, वाशिंगटन सुंदर , रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार।

# राजस्थान में भाजपा नेतृत्व ने तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए

## केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक बनाया गया है

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.सं.)। राजस्थान में मुख्यमंत्री के चयन के लिए भाजपा ने एक कदम आगे बढ़ा लिया हैं। भाजपा ने राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। रविवार को पर्यवेक्षकों के द्वारा विधायक दल की बैठक लेने की संभावना हैं।

- रविवार को पर्यवेक्षकों द्वारा विधायक दल की बैठक लेने की संभावना है। पर्यवेक्षक विधायकों से बात कर उनकी मंशा जानेंगे।
- इस बार भाजपा में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार हैं। इसलिए नेतृत्व सावधानी से फैसला करना चाहता है।
- ऐसी भी चर्चा है कि, हरियाणा की तरह संघ से जुड़े किसी व्यक्ति को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इसलिए सुनील बंसल व निंबाराम का नाम भी लिया जा रहा है।

भाजपा के ये तीनों दिग्गज अब प्रदेश के सभी विधायकों से बातचीत करेंगे और फिर पूरी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इन ऑब्ज़र्वर्स की रिपोर्ट के आधार पर ही राजस्थान का मुख्यमंत्री चुनेगा। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चुने जाने के बाद विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के दावेदार के नाम का ऐलान किया जाएगा और वहां औपचारिक सहमति ली जाएगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख तय की जाएगी। विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसम्बर को आ चुके हैं, लेकिन पूर्ण बहुमत होने के बाद भी भाजपा मुख्यमंत्री नहीं चुन पाई हैं। दरअसल मुख्यमंत्री के नाम के ऐलान के बाद राज्य में किसी भी तरह की गुटबाजी के चलते पार्टी में विभाजन न हो जाए। इसलिए मुख्यमंत्री के चयन पर भारी दुविधा है।

राजस्थान भाजपा में मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी बढ़ गए हैं। मुख्यमंत्री पद की सबसे बड़ी दावेदार तो कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे हैं। उन्होंने विधायकों को अपने घर बुलाकर और केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर शक्ति प्रदर्शन भी शुरु कर दिया है। चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जमीनी स्तर पर किए गए काम की वजह से भाजपा को भारी बहुमत मिला है। ऐसे में पार्टी के भीतर की गुटबाजी को दबाने के लिए हरियाणा वाले फॉर्मूले पर भी काम किया जा सकता है और आर.एस.एस. से संबंधित किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इस संभावना ने सुनील बंसल और निंबाराम को भी मुख्यमंत्री पद की रेस में ला दिया है। अब भाजपा के पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार का चयन करेंगे और केंद्रीय नेतृत्व को बताएंगे।

## राज्यसभा में 70 से अधिक निजी विधेयक पेश किये गये

नयी दिल्ली 8 दिसम्बर। राज्यसभा में शुक्रवार को 70 से अधिक निजी विधेयक पेश किये गये। उच्च सदन में शुक्रवार का दिन सदस्यों के निजी विधेयकों के लिए निर्धारित रहता है।

आज सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने 70 से अधिक अलग अलग विधेयक पेश किये जिनमें वक्फ बोर्डों को निरस्त करने से संबंधित निजी विधेयक 'वक्फ निरस्त विधेयक 2022' भी शामिल है।

- इसमें वक्फ बोर्डों को निरस्त करने का विधेयक भी शामिल है।

भारतीय जनता पार्टी के हरनाथ सिंह यादव ने यह विधेयक पेश किया। सदन में कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया लेकिन इस प्रस्ताव को 32 के मुकाबले 53 मतों से अस्वीकार कर दिया गया।

सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी निजी विधेयक पेश किये जाने के बाद कहा कि आज विधेयक पेश करने में काफी समय लगा है इसलिए कार्यवाही का समय सवा पांच बजे तक बढ़ाया जा रहा है।

# राजनाथ सिंह को राजस्थान में पर्यवेक्षक क्यों बनाया गया है?

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.सं.)। भाजपा ने प्रदेश का चुनाव तो बहुमत के साथ जीत लिया है, लेकिन पार्टी में अब मुख्यमंत्री पद का खिताब किस नेता को दिया जाए इस पर रार हो रही है। ऐसे में भाजपा ने पर्यवेक्षकों के जरिए इस जटिल मसले को सुलझाने का प्रयास किया है। पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश के महत्व को समझती है इसलिए, राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर उलझे मसले को सुलझाने के लिए पार्टी ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह जैसे कद्दावर और अनुभवी नेता को ही पर्यवेक्षक बनाया है।

दरअसल राजनाथ सिंह भाजपा के वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं, जो जमीनी स्तर से उठकर, संगठन में होते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पद तक पहुंचे। वो दो बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। पहली बार 2005 से 2009 तक वो इस पद पर रहे। वहीं साल 2013 में जब नितिन गडकरी ने भाजपा प्रमुख पद से इस्तीफा दिया तब भी पार्टी के बड़े ही कमजोर मोड़ पर सिंह ने ही अध्यक्ष पद की कमान संभाली और 2014 तक इस पद पर रहे। उन्ही के कार्यकाल के दौरान नरेंद्र मोदी चुनाव जीते और प्रधानमंत्री भी बने। भाजपा को हर संकट की घड़ी में जिस मजबूत चेहरे की जरूरत होती है, उनमें से एक राजनाथ सिंह भी हैं।

- राजनाथ सिंह बेहद अनुभवी एवं वरिष्ठ नेता हैं तथा पार्टी अध्यक्ष रह चुके हैं इसलिए उनका सभी सम्मान करते हैं।
- राजनाथ सिंह जब पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे तब वसुंधरा राजे राज्य में मुख्यमंत्री थीं, इसलिए राजनाथ सिंह का वसुंधरा से तालमेल रहा है।
- इस समय राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के जितने भी दावेदार हैं राजनाथ सभी से सीनियर हैं और पार्टी अध्यक्ष होने के नाते सभी राजनाथ सिंह के मातहत रहे हैं। इसलिए राजनाथ सिंह सभी को समझा सकते हैं।

अब राजस्थान में भाजपा के सामने मुख्यमंत्री पद को लेकर संशय है और साथ ही पार्टी में अंदरूनी कलह का संकट भी है, तो राजनाथ सिंह ही एक ऐसे संकटमोचक के रूप बनाया है।

दरअसल राजनाथ जब भाजपा के पहली बार अध्यक्ष थे, तब राजस्थान में वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थीं। ऐसे में उनका वसुंधरा से पुराना तालमेल रहा है और वसुंधरा ही मुख्यमंत्री पद को लेकर मुख्य चुनौती भी खड़ी कर रही हैं। वसुंधरा मजबूत क्षेत्रीय नेता है और 2014 से पहले से पहले वाली भाजपा की बड़ी नेता रही है।

राजनाथ सिंह ने भाजपा अध्यक्ष पद लाल कृष्ण आडवाणी से लिया था और अमित शाह को सौंपा था यानी वो भाजपा के परिवर्तन युग की कड़ी रहे हैं। ऐसे में राजनाथ सिंह ही वो नेता हो सकते हैं जो वसुंधरा राजे का सामना कर सकते हैं। राजनाथ सिंह पार्टी से शुरु से जुड़े रहे है और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ में भी लंबे समय तक काम कर चुके हैं। संघ, पार्टी संगठन और सरकार तीनों में ही उनका अच्छा अनुभव है। राजस्थान में उनका अनुभव काम आ सकता है। वसुंधरा के अलावा जिन सांसदों और मंत्रियों की तरफ से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी की जा रही है, राजनाथ उन सभी से सीनियर हैं। उन सभी को समझाने और समझने में राजनाथ सिंह बेहतरीन विकल्प हैं।

# शादी समारोह में 6 साल की बालिका से दुष्कर्म

दौसा, 8 दिसम्बर (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में शादी समारोह में उस समय सनसनी मच गई जब शादी में पहुंची 6 साल की बालिका के साथ अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म किया।

- चिकित्सकों ने बताया कि बालिका की हालत स्थिर है।
- एडीशनल एस.पी. के नेतृत्व में टीम गठित की गई है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

घरवालों के साथ शादी में शामिल होने गई 6 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद बालिका को गंभीर हालत में जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया है। मासूम के पिता ने दौसा के महिला थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। मामले की सूचना मिलने पर जयपुर रेंज आई.जी. उमेश दत्ता, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का मुआयना किया गया एवं घटना से जुड़ी जानकारी ली।

जयपुर रेंज आईजी उमेश दत्ता दौसा पहुंचे और कहा कि, पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है और जांच की जा रही है। मामले की जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारी भी टीम में शामिल हैं। जयपुर रेंज आईजी दत्ता ने कहा कि बच्ची के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है। अभी हालत स्थिर बनी हुई है। जयपुर से फॉरेन्सिक टीम दौसा पहुंच चुकी है। सभी पहलुओं को देखते हुए मामले की जांच की जा रही है, जांच अभी शुरुआती स्टेज पर है।

जयपुर रेंज आईजी दत्ता ने बताया कि, वे बच्ची के पिता और डॉक्टरों से मिले हैं तथा बच्ची की हालत के बारे में जानकारी ली। एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर एडिशनल एसपी को टीम का इंचार्ज बनाया गया है। मामले की जांच के लिए डॉग स्कॉड टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। होटल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। हर एंगल से जांच की जा रही है।

एसपी वंदिता राणा ने कहा कि, होटल के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी की पहचान के प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना गुरुवार रात को उस वक्त की है, जब होटल के पास मैरिज गार्डन में शादी समारोह चल रहा था। घरवाले शादी में व्यस्त थे इसी दौरान मौका पाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। काफी देर बाद जब घरवालों को ध्यान आया कि बच्ची गायब है तो उन्होंने उसको तलाश किया। मासूम गार्डन में नहीं मिली। होटल में गए तो बच्ची बदहवास हालत में मिली। जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. शिवराम मीणा ने बताया कि, मध्य रात्री को पीड़ित बालिका को आपातकालीन यूनिट में लाया गया था। जहां चिकित्सकों द्वारा बालिका का प्राथमिक इलाज किया और बालिका की हालत गंभीर होने पर उसे अविलंब हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया।

## 'आई.सी.आई.सी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्णयों में "कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रैस्ट" (हितों का टकराव) उजागर किया। इससे कथित रूप से उनके पति दीपक कोचर को लाभ पहुंचा। जांच परिणामों के आधार पर, बैंक ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और उनके स्वैच्छिक त्यागपत्र को बर्खास्ती में बदल दिया। इससे अप्रेल 2009 से मार्च 2018 तक के उनके द्वारा एकत्रित व अर्जित सभी बोनस तथा स्टाक ऑप्शन निरस्त हो गये।

हरीश साल्वे, जो न्यायालय में कोचर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, उन पर लगाये गये एसेट फ्रीज (परिसम्पत्तियों को फ्रीज) को पलटवा नहीं सके। वे कोचर के दावे कि, 9,90,000 शेयर सी.ई.ओ. के रूप में उन्हें मिलने वाले वेतन-भत्ते आदि का भाग है, को स्वीकार नहीं करा पाये, यह निर्णय बैंक की आचरण संहिता तथा नैतिक मापदंडों को लागू करने के लिये हितों में टकराव नीतियों के उल्लंघन पर कठोर कार्यवाही करने के रूख को बल मिला।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कोचर के, देश में प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक आई.सी.आई.सी.आई. से अपनी परिसम्पत्तियों और लाभ वापस लेने की कानूनी लड़ाई को प्रभावी रूप से समाप्त कर देता है।

# फोन टैपिंग केस में अगली सुनवाई 19 दिसम्बर को होगी

## सरकार बदलने के कारण राज्य सरकार के वकील ने एक-दो सप्ताह का समय मांगा है

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान फोन टैपिंग मामले में शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से पक्ष रख रहे एडवोकेट संदीप झा ने राजस्थान में सरकार बदलने की स्थिति में कहा कि केस में सरकार से निर्देश लेना होगा, लिहाजा 1-2 सप्ताह का समय दिया जाए। उधर शिकायतकर्ता की तरफ से उपस्थित वकील द्वारा कहा गया कि अब इस केस में कुछ बचा नहीं है, ये स्पष्ट है क्योंकि लोकेश शर्मा ने पिछले दिनों जो इंटरव्यू दिए हैं और जो मीडिया रिपोर्ट्स आई हैं उनमें ये माना है कि उनकी जानकारी में ये फोन टैपिंग की गई है।

- राज्य सरकार के वकील संदीप झा ने कहा कि, केस में नई सरकार से निर्देश लेना होगा।
- कोर्ट ने गहलोत के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक जारी रखने का भी आदेश दिया।

इस पर जस्टिस विकास महाजन ने कहा कि इंटरव्यू और मीडिया रिपोर्ट्स पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। इस पर शिकायतकर्ता के वकील द्वारा लगातार मीडिया रिपोर्ट्स और न्यूज आर्टिकल्स का हवाला देने पर लोकेश शर्मा के वकील ने कहा कि हमें नहीं पता कि शिकायतकर्ता के वकील जिन मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला दे रहे हैं, उनमें क्या लिखा गया है। इसलिए आप एफिडेविट फाइल कर दें, हम उस पर अपना जवाब दाखिल कर देंगे।

उधर राज्य सरकार की तरफ से मांगे गए समय और सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने के बाद ही आगे की बहस किए जाने की बात पर अब 19 दिसंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओ.एस.डी. रहे लोकेश शर्मा को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा और उन्हें कोर्ट से मिली राहत बरकरार रहेगी।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर के बाद से विभिन्न कारणों के चलते मामले की सुनवाई लगातार टलती आ रही है। वहीं 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान लोकेश शर्मा के वकील सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने लोकेश शर्मा का पक्ष रखते हुए उन पर लगे फोन टैपिंग और दिल्ली पुलिस की ओर से जांच में सहयोग नहीं करने के आरोपों को बेबुनियाद बताया था। 11 अक्टूबर को मामले में लोकेश शर्मा की तरफ से बहस अधूरी रह गई थी, जिसे अगली तारीख पर पूरी किया जाना था। अब मामले में अगली सुनवाई 19 दिसम्बर को होनी है और तब तक लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक बरकरार रहेगी। बता दें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मार्च 2021 में दिल्ली क्राइम ब्रांच में लोकेश शर्मा के खिलाफ फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। वहीं इस मामले में लोकेश शर्मा की ओर से केंद्रीय मंत्री की ओर से दर्ज करवाई गई एफआईआर को रद्द किए जाने की मांग की गई है।

## कांग्रेस के पाले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नियंत्रित किया जो असदुद्दीन ओवैसी की ए.आई.एम.आई.एम. जैसी पार्टियां कर रही थीं। इसका असर ये हुआ कि ए.आई.एम.आई.एम. को अपने गढ़ माने जाने वाली हैदराबाद ओल्ड सिटी में ही संघर्ष करना पड़ा और उसके प्रत्याशियों की जीत का अंतर भी कम रहा।

इमरान और उनकी टीम ने लक्षित समूहों, सदस्यों और विभिन्न समाज के सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रमुखों के साथ छोटी-छोटी सभाएं, रैलियां और मीटिंग्स कर लोगों को यह समझाया कि ए.आई.एम.आई.एम. वास्तव में क्या कर रही है और उसके गेम प्लान को विफल करने के लिए यह समझना कितना जरूरी है।

इमरान ने तेलंगाना में 26 रैलियां कीं और पूरे क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के साथ मीटिंग्स कर अपनी स्ट्राइक रेट 100 के आसपास रखी। राजस्थान में उन्होंने सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया था। कांग्रेस ने इस सातों में ही जीत दर्ज की थी। ये निर्वाचन क्षेत्र थे- लाडनूं, धौलपुर, उदयपुरवाटी, सीकर, बायतू, किशनपोल और आदर्श नगर।

मध्य प्रदेश में उन्होंने जबलपुर और बुरहानपुर में चुनाव प्रचार किया था, जिसमें एक पर कांग्रेस जीती और दूसरी पर कांटे की टक्कर रही।

उनकी टीम लोकसभा चुनाव के लिए पहले से ही मुस्तैद है और पार्टी नेतृत्व द्वारा दी जाने वाली जिम्मेदारी के आधार पर ही वह अपनी चुनावी रणनीति बनाएंगे।

## प्र.मंत्री मोदी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। उनका नमो घाट पर मां गंगा की आरती करने का कार्यक्रम है, जहां काशी-तमिल समागम के द्वितीय चरण की शुरुआत पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा।

# अन्ततोगत्वा हो ही गया महुआ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लगाया कि एथिक्स कमेटी में मोईत्रा तीन बार आई हर बार उनका व्यवहार बेहद उद्दण्ड था। सारंगी ने तिवारी के आरोप का जवाब दिया कि मोईत्रा को सदन में अपना पक्ष नहीं रखने दिया गया।

तृणमूल सांसद सूदीप बंदोपाध्याय और कल्याण बनर्जी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से कहा कि महुआ को बोलने दिया जाए। स्पीकर ने 2005 का सोमनाथ चटर्जी का हवाला दिया जब दस सांसदों को सवाल पूछने के एवज में कैश लेने का आरोपी ठहराकर निष्कासित किया गया था तब तत्कालीन स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया था।

बिड़ला ने कहा कि तत्कालीन स्पीकर चटर्जी ने कहा थाकि संसदीय कमेटी के समक्ष बयान दिया जा चुका है इसलिए सदन में बोलने का हक नहीं है। हम उसी परम्परा का सम्मान कर रहे है।

इससे पहले कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने रिपोर्ट पढ़ने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिए जाने पर विरोध जताया। उन्होंने इस दिन को काला अध्याय बताया तो प्रहलाद जोशी ने कहा कि महुआ के आचरण ने लोकतंत्र पर दाग लगाया है। सदन तो इसे सुधार रहा है।

तृणमूल सांसदों ने कहा कि एथिक्स पैनल ने उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी के शपथ पत्र व जय अनन्त देहद्राई की शिकायत पर भरोसा किया पर उनका परीक्षण नहीं किया। कल्याण बनजीर ने कहा कि सिर्फ हलफनामे के आधार पर आप किसी को भी दोषी नहीं ठहरा सकते है।

मोईत्रा ने कहा कि मुझे आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया गया है जो है ही नहीं।

इसी बीच भाजपा ने कहा कि मोईत्रा ने खुद माना है कि उन्होंने उद्योगपति को संसद की लॉगिन आई.डी. और पासवर्ड दिया था।

विपक्षी गठबंधन ने भी लोकसभा के एथिक्स पैनल पर सवाल उठाया और भाजपा सरकार परबदले की राजनीति करने का आरोप लगा था।

भारी शोरगुल के बीच शुक्रवार को सदन में रिपोर्ट रखी गई। विपक्षी सांसदों ने रिपोर्ट पर चर्चा की मांग की थी। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि एक नए काले अध्याय की शुरुआत हो रही है।

बसपा नेता दानिश अली, जो एथिक्स पैनल में शामिल थे, ने भी महुआ से पूछे जाने वाले सवालों को लेकर वॉक आुट किया था।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट अधूरी है क्योंकि पैनल के सभी सदस्य मौजूद नहीं थे। पांच सदस्यों ने वॉक आउट किया था। क्योंकि पैनल अध्यक्ष घटिया सवाल पूछ रहे थे। यह बात मीटिंग के विचरण में दर्ज है। हम रिपोर्ट पर चर्चा चाहते है।

भाकपा के राज्यसभा सदस्य बिनॉय विश्वम ने इसे बदले की राजनीतिक करार दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरुर ने रिपोर्ट का अधूरा दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह रिपोर्ट वास्तव में किसी भी रिपोर्ट में मूल मकसद पर खरी नहीं उतरती है। इसमें नाटकीय तरीके से निष्कासन की सिफारिश की गई है इसे बिना किसी चर्चा के मात्र ढाई मिनट में स्वीकार कर लिया गया। आरोप लगाने वालों से जिरह नहीं की गई। निष्कासित किए जाने वाले सांसद को अपने पक्ष में कुछ कहने का मौका नहीं दिया गया।"

शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी कहा कि जिस हलफनामे पर रिपोर्ट आधारित है उस गवाह को बुलाया तक नहीं गया। जब मोईत्रा को बुलाया गया तो उनका चरित्र हनन किया गया।

कांग्रेस सांसद कार्ती चिदम्बरम ने कहा कि यह भाजपा का दुस्साहस है अगर वे ऐसा ही करते रहे तो महुआ को 50,000 ज्यादा वोट मिलेंगे।

# गर्ल्स हॉस्टल में घुसा पैंथर, छह घंटे बाद आया पकड़ में

उदयपुर, 8 दिसम्बर (कासं)। उदयपुर शहर में शुक्रवार सुबह आबादी क्षेत्र में स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में पैंथर घुस गया। पैंथर घुसने के बाद वहां भय का माहौल हो गया और हॉस्टल में मौजूद छात्राएं, जो 8-10 की संख्या में थी कमरे में बंद हो गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छह घंटे की मशक्कत के बाद उसे ट्रेंकुलाईज कर पकड़ा।

- हॉस्टल परिसर में दौड़ता रहा, छात्राएं डर कर कमरे में बंद हो गई।
- वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाईज कर किया रेस्क्यु।

जानकारी के अनुसार शहर के हिरणमगरी सेक्टर 4 क्षेत्र में स्थित परमात्मा गर्ल्स हॉस्टल में सुबह 10 बजे वहां के कर्मचारियों ने एक पैंथर का मूवमेंट देखा। इस संबंध में हॉस्टल संचालक रजत ने इसकी जानकारी हॉस्टल निदेशक हरीश राजानी को दी तो उन्होंने सीसीटीवी में देखा तो दोपहर 12 बजे पैंथर के घुसने की पुष्टि होने पर वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। करीब 15 से 20 मिनट में वन विभाग व वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंच गई और पैंथर को रेस्क्यू करने की कवायद शुरू की।

उप वन संरक्षक, उदयपुर (उत्तर) अजय चित्तौड़ा ने बताया कि "छात्रावास की इमारत काफी बड़ी है सबसे पहले हमने पैंथर कहां है इसकी खोज शुरू की। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से उसका मूवमेंट छात्रावास की तीसरी मंजिल की सीढ़ियों पर देखा गया। पैंथर दूसरी व तीसरी मंजिल पर बार-बार सीढ़ियों से उतर कर सीढ़ी के नीचे बनी बुखारी में जाकर छुप रहा था जिससे उसे रेस्क्यु नहीं कर पा रहे थे। टीम ने रेस्क्यु अभियान जारी रखते हुए बुखारी को बंद किया इसके बाद सहमा हुआ पैंथर शॉट पोइंट पर दिखाई देने लगा और गेट का एंगल काट शॉट लगाया गया जो नहीं लगा। इसके बाद इमारत में मौजूद एक कमरे में जाकर वहां से एक ईंट हटाकर उस पर शॉट लगाया गया जो सटीक लगा और पैंथर बेहोश हो गया।

इस पूरे रेस्क्यु अभियान में करीब 6 घंटे का समय लगा। हॉस्टल में घूमने के दौरान वहां मौजूद एक कर्मचारी राजू जो नीचे की ओर से आ रहा था और पैंथर दूसरी मंजिल की सीढ़ि यों की ओर चढ़ रहा था गनीमत रही कि उसकी नजर पैंथर पर पड़ गई और वह पुनः सीढ़ि यां चढ़ कर ऊपर अपने कमरे में चला गया वहीं छात्रावास की अधिकांश छात्राएं भी कॉलेज गई हुई थी ऐसे में वहां केवल आठ से दस छात्राएं ही मौजूद थी जिन्हें सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपने कमरे बंद कर लिए।

# शिमला में बनेगा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रोपवे

शिमला, 8 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रोपवे प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। शिमला शहर में बड़ रही जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ये प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण साबित होने वाला हैं।

- 13.53 किलोमीटर लम्बा रोपवे 1555 करोड़ रू. की लागत से बनाया जा रहा है।

प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि ,1555 करोड रुपए की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट शहर में 13.55 किलोमीटर लंबा होगा। इसमें 13 स्टेशन होंगे।

उन्होंने बताया कि, शिमला में ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए यह रोपवे प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । अक्टूबर तक सभी ओपचारिकताएं पूरी कर काम शुरू कर लिया जाएगा।

अग्निहोत्री ने कहा कि शिमला में बनने वाला यह प्रोजेक्ट जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी प्रकार की एनओसी और टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

ढ़ ाई साल में प्रोजेक्ट का पहला फेज शुरू कर दिया जाएगा, जबकि पूरा प्रोजेक्ट 5 साल में पूरा करने का लक्ष्य है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 1555 करोड़ रुपए का य़ह प्रोजेक्ट न्यू डेवलपमेंट बैंक से फंडेड है । उन्होंने कहा कि यह रोपवे प्रोजेक्ट शिमला शहर में 13.55 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 13 स्टेशन बनेंगे जिसमें रोपवे की तीन लाइने चलेगी। रोपवे के पूरे प्रोजेक्ट में 660 ट्रोलिया चलेगी।

उन्होंने बताया कि, लोगों की सुविधा के लिए रोपवे प्रोजेक्ट में किराया बस किराए के समान ही रखा जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके और हिमाचल देश के लिए भी मॉडल बन सके। आने वाले समय मे परमाणु से विश्व का सबसे बड़ा एक और प्रोजेकट बनाया जाएगा।

यह 38 किलोमीटर का विश्व का सबसे बड़ा प्रोजेकट होगा। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी माता का 75 करोड़ रुपए से प्रोजेक्ट बनेगा। इस क्षेत्र मे निजी क्षेत्र को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार दवारा नीतियों मे बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल मे अब रोप वे ही एक रास्ता है जिसके माध्यम से यातायात को सुचारु और आसान बनाया जा सकता है। अग्निहोत्री ने बताया कि शिमला में ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए यह रोपवे प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

ढ़ ाई साल में प्रोजेक्ट का पहला फेज शुरू कर दिया जाएगा, जबकि प्रोजेक्ट को पूरा होने में पांच साल का वक्त लगेगा। वैसे तो भारत के उत्तराखंड, गुजरात व मुंबई से भी सबसे लंबे रोप वे के दावे आते रहे हैं, लेकिन दूरी के हिसाब से तारा देवी से संजौली ही सबसे लंबा रोप वे होगा।

## बारामूला स्टेडियम बना जनरल रावत स्टेडियम

श्रीनगर, 8 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने शुक्रवार को बारामूला में झेलम स्टेडियम जांबाजपोरा का नाम बदलकर दिवंगत पूर्व सी.डी.एस. जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखने की मंजूरी प्रदान की है।

एक सरकारी आदेश के अनुसार, बारामूला के जांबाजपोरा स्थित झेलम स्टेडियम का नाम बदलकर जनरल बिपिन रावत स्टेडियम करने की मंजूरी प्रदान की जाती है। देश के पहले सी.डी.एस. जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों को लेकर जा रही हेलीकॉप्टर आठ दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उनकी मौत हो गई। कश्मीर में जनरल रावत का पिछला कार्यकाल बारामूला स्थित 19 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का था। इस कार्यकाल के दौरान ही जनरल रावत बारामूला शहर में कई लोगों के चहेते बन गए थे।

## ई.वी.एम. की भूमिका फिर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को लेकर बहस छेड़ दी है और वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष रखने के लिए वह ई.वी.एम. के दुरूपयोग के मुद्दे पर "इंडिया" गठबंधन की मीटिंग में चर्चा करेगी।

मध्य प्रदेश के ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव सी.पी. मित्तल ने कहा कि चुनावों के दौरान जब जनता का मूड भाजपा के खिलाफ था, तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस-भाजपा के बीच हार जीत और प्राप्त मतों का भारी अन्तर एक पहेली बना हुआ है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस पर आश्चर्य जताया कि कांग्रेस प्रत्याशी अपने मजबूत माने जाने वाले बूथों पर भी सिर्फ 50-60 वोट ही प्राप्त कर सके।

सी.डब्ल्यू.सी. मैम्बर कमलेश्वर पटेल ने बताया कि इटली, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैण्ड और आयरलैण्ड के चुनावों में ई.वी.एम. का प्रयोग नहीं किया जाता।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, जो कि कांग्रेस जैसी विचारधारा पर चलने वाली अन्य पार्टियों के साथ ई.वी.एम. के मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं, कहते हैं कि "चिप लगी किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है। क्या हम प्रोफैशनल हैकर्स को हमारे लोकतंत्र को नियंत्रित करने की अनुमति दे सकते हैं। माननीय चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट क्या आप कृपया हमारे लोकतंत्र को बचाएंगे?"

वर्ष 2009 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा ने ई.वी.एम. को दोष दिया था और वर्ष 2004 में एन.डी.ए. की हार के बाद भाजपा नेता एल.के. अडवानी ने ई.वी.एम. की भूमिका पर सवाल खड़े किए थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### शिवराज सिंह सचिव निर्वाचित

**मालपुरा** (निस) अभिभाषक संघ के सचिव पद के लिए शुक्रवार को हुये मतदान व मतगणना मे एडवोकेट शिवराज सिंह ने जीत दर्ज की। नवीन बार अध्यक्ष रवि कुमार जैन ने बताया कि शुक्रवार को हुये सचिव के चुनाव मे एडवोकेट राकेश कुमार वर्मा को शिवराज सिंह राणा ने पराजित कर सचिव पद पर अपना कब्जा जमाया। बीते दिन अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष पद पर प्रियंक जैन पुस्तकालय अध्यक्ष रामकिशन शर्मा को अधिवक्ताओं ने निर्विरोध मनोनीत किया था।

### सड़क हादसे में दो जने घायल

**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम बनार के पास बाइक के सामने नीलगाय आ जाने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार रोहिताश पुत्र मालाराम कीर व उसका पुत्र संदीप दोनों बाइक से मजदूरी कर घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान बनार के पास बाइक के सामने नीलगाय आ जाने से दोनों घायल हो गये। घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से रोहिताश की हालत नाजुक होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया।

### थानाधिकारी यादव पदोन्नत

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। पुलिस थाने के थानाधिकारी सुभाष चन्द्र यादव सब इंस्पेक्टर पद से पदोन्नत होकर सर्किल इंस्पेक्टर हो गये हैं। खाटूश्यामजी थानाधिकारी यादव का सीआई बनने पर सीताराम मर्मी व महामंत्री विकास सोनी ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर थाने के एचएम हरिसिंह, रोहिताश्व, श्रवण कुमार, अमरावती सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देकर रूपये मांगने वाले हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया कि जबरन नकदी मांगने के आरोप में दर्ज मामले में धरपकड़ अभियान को लेकर टीम गठित की गई। टीम में हैड कानि. प्रेमनारायण, हैड कानि. नीरज, कानि. राधाकिशन एवं पायलट को शामिल किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि अलियाबाद निवासी राधेश्याम बैरवा द्वारा दर्ज जबरन 10 हजार रुपए मांगने तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में हार्डकोर अपराधी तेजवीर सिंह उर्फ हट्टा पुत्र हरिसिंह निवासी



निवाई थाना पुलिस ने जबरन वसूली, लडाई-झगडा व लूटपाट करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार किया।

- आरोपी पर लड़ाई-झगड़ा व लूटपाट सहित एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज
- 10 हजार रुपए मांगने तथा नहीं देने पर दी धमकी

शिवाजी कॉलोनी निवाई को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पुलिस थाना निवाई का हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर अपराधी है जिस पर लडाई-झगडा, मारपीट व लूटपाट सहित विभिन्न मामलों में 15 मुकदमें दर्ज है।

## बाजार बंद रखने का आव्हान

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में जन संपत्ति बचाओ संघर्ष एवं विकास समिति की ओर से शनिवार को कस्बे के महाराणा प्रताप स्थित गार्डन के सामने दुकानों के निर्माणाधीन कार्य को रोकने को लेकर सर्व समाज से बाजार बंद कर विरोध करने का आव्हान किया गया है।

जन संपत्ति बचाओ संघर्ष एवं विकास समिति अध्यक्ष छोटू लाल महावर एवं महासचिव प्रहलाद शर्मा ने बताया कि इन्द्रा मार्केट चाकसू स्थित महाराणा प्रताप पार्किंग स्थल की भूमि पर हो निर्माण के खिलाफ पार्क पर अतिक्रमण व अवैध निर्माण को लेकर जन सम्पत्ति बचाओ संघर्ष समिति व सर्व समाज चाकसू अपील करता है कि शनिवार को सारे दिन सर्व समाज व्यापारिक बंधु अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सार्वजनिक हित में भागीदारी निभायें।

## अध्यक्ष सहित संपूर्ण कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**चाकसू,** (निसं)। शुक्रवार को कस्बे के टोंक रोड बाईपास स्थित न्यायालय परिसर में दी बार एसोसिएशन के परिणाम घोषित किए गए।

- दी बार एसोसिएशन चाकसू के परिणाम घोषितः नाथूलाल शर्मा तीसरी बार अध्यक्ष बने, दुर्गा प्रसाद महासचिव बने

एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा एवं सहायक चुनाव अधिकारी जितेंद्र कुमार गौतम एवं मनमोहन सिंह कोली द्वारा परिणाम घोषित करते हुए निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा अनुसार नाथूलाल शर्मा अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद बैरवा महासचिव, मुकेश कुमार मामोडिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार चौधरी उपाध्यक्ष, किशन कुम्हार कोषाध्यक्ष, रामलाल जाट उपकोषाध्यक्ष, पुखराज शर्मा संयुक्त सचिव, शुभम गोस्वामी पुस्तकालय सचिव, हेमराज प्रजापति सांस्कृतिक सचिव, कार्यकारिणी सदस्य के 10 पदों पर कमलेश कुमार सैनी, उमाशंकर चौधरी, आजाद चौधरी, कृष्ण बिहारी शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, समीम खान, गोपाल प्रजापति, अंकित सैनी, रामेश्वर प्रसाद चौधरी, राधाकिशन मीना समेत संपूर्ण कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। गौरतलब है कि नाथूलाल शर्मा तीसरी बार के अध्यक्ष बने हैं। वहीं दुर्गा प्रसाद बैरवा दूसरी बार महासचिव निर्वाचित हुए हैं।

इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष महासचिव एवं कार्यकारिणी को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न, दयाराम अध्यक्ष बने

**कोटपूतली,** (निसं)। अभिभाषक संघ कोटपूतली के चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया शुक्रवार को स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के बार हॉल में प्रातः 8.30 से सायं 04.30 बजे तक सम्पन्न हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि इस दौरान कुल 469 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान प्रक्रिया के बाद मतों की गणना की गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर दयाराम गुर्जर ने 184 मत प्राप्त करते हुए अपने निकटवर्ती प्रतिद्वंदी उदयसिंह तंवर को 19 मतों से पराजित किया। तंवर को 165 व इन्द्रपाल यादव को 118 मत प्राप्त हुये। जबकि 2 मतों को निरस्त कर दिया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार यादव ने 277 मत प्राप्त करते हुए सतीश कुमार हाडिया को 91 मतों से पराजित



परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

किया। सचिव पद पर हेमंत शर्मा व कोषाध्यक्ष पद पर ज्योति शर्मा का पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। चुनाव परिणाम आते ही अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी।

## सार-समाचार

### अजीत राव 52 वोटों से विजय



**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अभिभाषक संघ के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर अजीत राव, सचिव पद पर महेश प्रताप नरूका एवं पुस्तकालय सचिव पद पर मुस्ताक खान विजय घोषित किए गए हैं तथा एडवोकेट सुनील यादव को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। चुनाव प्रभारी चंद्र प्रकाश शर्मा राजकुमार सैनी एवं सूरजभान भड़ाणा ने बताया कि किशनगढ़ बास अभिभाषक संघ के संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए अजीत राव को 93 मत मिले और प्रतिद्वंदी अब्दुल खान को 41 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर महेश प्रताप नरूका को 75 मत प्राप्त हुए तथा सामने प्रत्याशी रविंद्र कुमार को 49 वे महेंद्र को 10 मत प्राप्त हुए। 26 वोटों से महेश प्रताप नरूका को विजय घोषित किया गया। पुस्तकालय सचिव पद पर मुस्ताक खान को 72 मत मिले और सामने प्रतिद्वंदी साहब खान को साथ मत प्राप्त होने पर मुस्ताक खान को 12 वोटो से विजय घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर सुनील यादव को निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को विजय होने पर अध्यक्ष अमित गौड़ सहित अधिवक्ताओं ने जीत की बधाई दी।

### बालकनाथ को मुख्यमंत्री बनाने की मांग

**तिजारा,** (निसं)। विधानसभा चुनावों में बीजेपी के स्पष्ट बहुमत प्राप्त होने पर बाबा बालकनाथ को पूरे राजस्थान भर में मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठ रही है। अलवर में सरपंच संघ जिला अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में तिजारा विधायक और निवर्तमान अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग को लेकर हनुमान चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर हवन यज्ञ का किया गया। अलवर जिले सहित पूरे प्रदेश में बाबा बालकनाथ को हिंदुत्व चेहरे पर मजबूत उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है की पूरे राजस्थान की सबसे हॉट सीट पर बाबा बालकनाथ चुनाव जीतने के बाद से ही पूरे प्रदेश में बाबा को मुख्यमंत्री बनाने की मांग बड़े स्तर पर उठ रही है। सरपंच संघ द्वारा राजस्थान प्रदेश में रामराज्य स्थापित करने, तथा अपराध को खत्म करने के लिए बाबा बालकनाथ को मुख्यमंत्री बनाना उचित बताया गया। इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष अशोक यादव, सरपंच सेढू राम यादव, सरपंच बलवंत, सरपंच नीरज, सरपंच वीरसिंह, सरपंच बबिता, सरपंच विश्राम मीना, सरपंच तुलसीदास नवलिया, सरपंच भविंद्र, सरपंच महेश सहित बड़ी संख्या में सरपंच गण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/निवाई,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशों पर थाना निवाई क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ व कस्बा निवाई में हो रही चोरी, नकबजनी की वारदातों के खुलासे के क्रम में महावीर सिंह, वृत्ताधिकारी निवाई व हरिपाल सिंह, थानाधिकारी थाना निवाई द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये नकबजनी व चोरी के अलग-अलग प्रकरणों में तीन आरोपी कैलाश पुत्र प्रहलाद गुर्जर, निवासी रतनपुरा उर्फ रोहिडा, राहुल पुत्र कानाराम जाति खंगार उम्र 19 साल निवासी मालियों का मौहल्ला, कस्बा निवाई एवं महेश पुत्र पप्पूलाल जाति मीणा उम्र 19 साल निवासी देवरी थाना निवाई जिला टोंक को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण में अनुसंधान जारी है। उक्त पूरी कार्यवाही में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गये माल मशरुका व एक चोरी की मोटरसाईकिल जप्त की गई।

### 56 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी

**शाहपुरा,** (निसं)। देश की अग्रणी नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी श्रीराम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा शाहपुरा में स्थित डाक बंगले परिसर में कंपनी के रीजनल हेड गोविंद गुप्ता, कल्याण सिंह स्कूल के प्राचार्य रूडमल कपूरिया, पार्षद कानाराम योगी की उपस्थिति में क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हुए गरीब एवं जरूरतमंद परिवार के 56 विद्यार्थियों को तीन-तीन हजार रूपये की राशि प्रति विद्यार्थी को देकर छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान कंपनी के हेड गुप्ता ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य है कि निर्धन बच्चों को शिक्षा में आर्थिक संबल प्रदान करके उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त करवा सके, इसलिए कंपनी के द्वारा विद्यार्थियों छात्रवृति देकर उनको को आर्थिक मदद प्रदान की है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक श्याम पारीक, कलेक्शन मैनेजर ओमप्रकाश सैन, प्रकाश सैनी, महावीर बलिवाल, गोरधन गुर्जर, एडवोकेट कांति मीना, श्रीराम, हंसराज सहित सैकड़ो विद्यार्थी व लोग उपस्थित रहे।

### मंयक कुमावत का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र मयंक कुमार कुमावत का 67 वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता स्तर पर योगासन 19 वर्षीय आयु वर्ग में चयन हुआ है प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर द्वारा विद्यालय परिवार के साथ छात्र का प्रतीक चिन्ह देकर एवं माला एवं साफा पहना कर प्रार्थना स्थल पर शुक्रवार को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के आदेशानुसार 9 से 17 दिसंबर तक स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय तालकिया जैतारण ब्यावर में प्रशिक्षण होगा तथा 19 से 21 दिसंबर तक 67 वी राष्ट्रीय विद्यालय स्तर कोलकाता पश्चिम बंगाल में खेल खेला जाएगा।

# सीताराम शर्मा पांचवीं बार अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बने

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय न्यायालय में शुक्रवार को अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें एडवोकेट सीताराम शर्मा पांचवीं बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद पर एडवोकेट सीताराम शर्मा, हीरालाल चौधरी, रमेश शर्मा व नारायण सिंह चारों उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव परिणाम के बाद एडवोकेट सीताराम शर्मा ने जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी अबरार अहमद ने बताया कि चुनाव परिणाम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद पर

- रमेश गुर्जर दूसरी बार महासचिव बने व महेंद्र कसाना पुस्तकालय अध्यक्ष बने

सीताराम शर्मा, उपाध्यक्ष के पद पर किशनलाल सैनी, सचिव के पद पर रमेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष के पद पर सरोज अग्रवाल व पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर महेंद्र कसाना विजय रहे। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार मैदान में थे जिसमें महेन्द्र कसाणा को 46 मत मिले वहीं उनके प्रतिद्वन्दी मुकेश सालोदिया को 26 मत मिले जिसमें महेन्द्र कसाणा 20 वोटों से विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पर के लिए सरोज अग्रवाल को 61 मत मिले वहीं सोराज चौधरी 30 मत मिले। इस प्रकार सरोज अग्रवाल 31 मतों से विजयी रही। इस दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों व अधिवक्तओं ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी का राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

## महात्मा गांधी कॉलेज विजयी रहा

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पोद्दार कॉलेज, नवलगढ़ के खेल मैदान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर ने टैगोर कॉलेज, दातारामगढ़ को 67 रन से हराया। कोच रफीक खान व शुभम शर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महात्मा गाँधी कॉलेज ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 174 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें आकाश चेजारा ने 61, अशोक कुड़ी ने 46 रन बनाये। टैगोर कॉलेज लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओवरों में रन 106 रन पर सिमट गई।

# अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**पावटा,** (निसं)। उपखंड अधिकारी व तहसीलदार ने शुक्रवार को पावटा उपखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले शिक्षक व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

उपखंड अधिकारी बी. एल. स्वामी व तहसीलदार अजय पाल यादव ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में 14 कर्मचारियों में से 9 कर्मचारी, शिक्षा विभाग में 9 में से 4 कर्मचारी, विद्युत विभाग में 10 में से 6 कर्मचारी, पावटा पंचायत समिति में 29 में से 22 कर्मचारी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 30 में से 10 कर्मचारी नदारद मिले।

जिसको लेकर उपखंड अधिकारी पावटा बी एल स्वामी ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं उपखंड अधिकारी पावटा बी एल स्वामी ने कहा कि 2 दिन में स्पष्टीकरण नहीं देने पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सभी कार्यालयाध्यक्षों व कर्मचारियों को सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

# महेश कासलीवाल बार अध्यक्ष बने

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। शुक्रवार को उनियारा अभिभाषक संघ बार के अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर चुनाव आयोजित किए गए। चुनाव के दौरान सवेरे से ही अधिवक्ताओं की न्यायालय परिसर में चल पहल रही। उनियारा अभिभाषक संघ में कुल 40 सदस्यों में 38 सदस्यों ने मत का शपथ पत्र भरा, जिसमें बार अध्यक्ष पद के लिए महेश कासलीवाल व सुरेंद्र धाकड़, महेंद्र प्रताप वह ओमप्रकाश सैनी मैदान में रहे। वहीं अध्यक्ष पद पर महेश कासलीवाल व सुरेंद्र धाकड़ दोनों अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने पर बार सदस्यों की सम्मति से दोनों की नाम पर्ची उठवाकर बार अध्यक्ष पद का निर्णय लिया। वहीं पर्ची में महेश कासलीवाल को विजेता घोषित किया गया। साथ उपाध्यक्ष पद पर मीनाक्षी कुमावत सचिव पद पर महावीर प्रसाद चौधरी कार्यक्रम सचिव पद पर दिनेश खींची को निर्विरोध चुना गया।

## रामजीलाल शर्मा अध्यक्ष बने

**दूदू,** (निसं)। जिला अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को संघ कार्यालय सभागार में हुए जहां सर्वसम्मति से रामजीलाल शर्मा गैजी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी अशोक दायमा एवं राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर कैलाश रोज, महासचिव प्रहलाद कड़वा, संयुक्त सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचित कार्यकारिणी का सभी अभिभाषकों द्वारा साफा एवं मालाएं पहना कर स्वागत किया गया।

# बालिकाओं ने बैंक का भ्रमण किया

**मंडावरी,** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डावरी में व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड बीएफएसआई के तहत जूनियर व सेकेंडरी कक्षा की छात्राओं को एसबीआई बैंक सुकार का भ्रमण करवाया गया।

राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा अंतर जिला भ्रमण के दौरान बैंक में विकसित कर वित्तीय लेनदेन सहित वित्तीय समावेशन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। राजकीय बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापिका आशा सेजवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भ्रमण के दौरान राजकीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा बैंक के अंदर विभिन्न चलने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी एवं अधिकारी एवं कार्मिकों की टेबल पर बैठकर ऑनलाइन कंप्यूटर आदि का अवलोकन किया और बैंक गतिविधियों को बारीकी से सीखने का प्रयास किया गया।

शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक भ्रमण के दौरान बालिकाओं को किस तरह बैंक में लेनदेन लोन रिकवरी इत्यादि का कार्य किया जाता है उसके बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अंतर जिला भ्रमण पर पहुंची बालिकाओं को बैंक प्रशासन द्वारा मौजूदा समय में हो रहे बैंक ऑनलाइन फ्रॉड ओटीपी के माध्यम से खाते से अवांछित कैश स्थानांतरण सहित कई प्रकार की होने वाली अवांछित गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं उनकी रोक रोकथाम के उपाय भी बताए गए। एसबीआई सुकार शाखा प्रबन्धक रवि प्रकाश मीना द्वारा छात्राओ को केसीसी एवं बैक लेनदेन की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य आशा सेजवाल विद्या बाई मीना मीनाक्षी गौतम, मुकेश सोनी एंव राजेश सैनीं साथ रहे।

# दी बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित



लालसोट दी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश ककराला को चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा।

**लालसोट,** (निसं)। बार एसोसिएशन लालसोट के सभी सदस्यों की मौजूदगी में अध्यक्ष महेश ककराला द्वारा अपनी नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। शुक्रवार को दी बार संगठन लालसोट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर निर्विरोध नियुक्तियां दी गई। अध्यक्ष ककराला ने सर्वसम्मती से महासचिव अशोक कुमार चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंभुदयाल राणा, रामबाबू शर्मा, सम्राट पंखला, वैभव गुरावा उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, विजय शर्मा, नरेंद्र जांगिड़, सुरेंद्र महावर, कृष्ण गोपाल गोतम, मुकेश मीना, दीनदयाल शर्मा, ओमप्रकाश सैनी कोषाध्यक्ष अनुप माठा सह कोषाध्यक्ष रमेश चंद सैनी पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र सिंह कोलीवाड़ा, घनश्याम सैनी संयुक्त सचिव राजेश शर्मा, बृजपाल रछोया, गोविंद कुमार शर्मा, मोहित शर्मा प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रकाश चन्द शर्मा डिडवाना संरक्षक रामेश्वर प्रसाद ककराला, प्रेमस्वरुप लामडा, हरिनारायण माठा, बाबूलाल हाडा, प्रेम प्रकाश चौधरी, नाथूलाल मीना, चन्द्रभान सिंह चौहान, संजीव जोशी, देवीसिंह चौहान, इश्तियाक मोहम्मद, प्रकाश चन्द निर्झरना निगरानी कमेटी बार के सभी अधिवक्तागण मुख्य चुनाव अधिकारी हरिनारायण माठा अतिरिक्त सहायक चुनाव अधिकारी लेखराज शर्मा सहायक चुनाव अधिकारी कमलेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## 68 जनों ने रक्तदान किया

**मालपुरा** (निस) रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन एवं एचडीएफसी बैंक शाखा मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे 68 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सुभाष सर्किल बैंक शाखा पर आयोजत रक्तदान शिविर का शाखा प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा ने फीता काट शुभारम्भ किया। सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर ब्लड बैंक शाखा से आई मोबाईल यूनिट के दक्ष चिकित्सकों व नर्सिंगकर्मियों द्वारा 100 से अधिक रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में पहुंचे 68 रक्तदाताओं ने रक्तदान रक्तदान किया। पवन जैन संगम ने बताया कि प्रदेश मे तीव्र गति से बढ रही सडक दुर्घटनाओं तथा अनेक बिमारियो से ग्रसित जरूरतमंदो को जिन्दगी व मौत से संघर्ष के दौरान रक्त की आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए क्लब परिवार विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवी संगठनो के साथ-साथ क्लब परिवार की और से समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर एसएमएस, दुर्लभ जी व जिला ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त संग्रह के इस पूनित कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। रक्तदान के पश्चात जरूरतमंदों को कार्ड उपलब्ध करवा समय रहते रक्त की व्यवस्थाऐं कर जीवनदान महादान के संकल्प को साकार किया।

# दी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली

**पावटा,** (निसं)। उपखंड कार्यालय पावटा परिसर में शुक्रवार को समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

दी बार एसोसिएशन पावटा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि वे उनके सम्मान व अधिकार को लेकर पूरी मजबूती के साथ कार्य

- पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि वे उनके सम्मान व अधिकार को लेकर पूरी मजबूती के साथ कार्य करेंगे

करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी पावटा बी एल स्वामी व अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार पावटा अजीत यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वहीं अतिथियों व दी बार एसोसिएशन पावटा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं का



दी बार एसोसिएशन पावटा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

माला पहनाकर और मोमेंटो भेंट करके उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। दी बार एसोसिएशन पावटा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। अधिवक्ताओं को सम्मान व अधिकार दिलाने के लिए पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जाएगी। अधिवक्ताओं को उनका अधिकार दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। वही दी बार एसोसिएशन पावटा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार धानका, सचिव ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार मौर्य, पुस्तकालयध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, संयुक्त सचिव दिनेश कुमार दायमा, चुनाव अधिकारी रतिराम मीणा, सहायक चुनाव अधिकारी कमलकांत शर्मा ने शपथ ग्रहण करने के दौरान दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वह्न करने का भरोसा दिलाया। मंच संचालन एडवोकेट राजेश कुमार यादव ने किया।




NOW AVAILABLE IN **CSD**




Contact us at
1800-200-6392
1800-102-NEXA
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424).

Scan to book

T&C apply. For more information kindly contact NEXA dealerships. Creative visualization. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Trademarks used belong to respective Trademark Owners. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual.